सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-329 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 24 मई 2025
25 जिकाद 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



# न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा भारत : एस जयशंकर

- भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा
- भारत पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा
- जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च से भी की मुलाकात



**बर्लिन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और ''परमाणु ब्लैकमेल'' के आगे कभी नहीं झुकेगा।

अपने जर्मन समकक्ष जोहोन वेडफुल के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय तरीके से ही निपटेगा और इस मामले में किसी भी तरफ से कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। जयशंकर ने कहा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई के तुरंत बाद मैं बर्लिन आया हूं।

मैं आपको वह बात बताना चाहता हूं जो मैंने वाडेफुल से कही। भारत आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस रखता है। भारत कभी न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। भारत पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय तरीके से निपटेगा। इस बात को लेकर किसी तरह का कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद कूटनीतिक स्तर पर सक्रियता बढ़ा दी है। उस हमले में 26 लोग मारे गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे एक नया सामान्य (न्यू नॉर्मल) घोषित किया है, जिसके तहत भारत अब किसी भी सीमा पार आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध का कदम मानेगी। इससे पहले, जयशंकर ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से भी मुलाकात की और बातचीत में कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उनकी सरकार में हमारी रणनीतिक साझेदारी के आगे बढ़ने और विस्तार होने की उम्मीद है। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की ओर से एकजुटता की सराहना करता है।

# आतंकवाद हो या नक्सलवाद नहीं करेंगे कतई बर्दाश्त : मोदी

**राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है और सरकार इस क्षेत्र की विकास गाथा को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की विविधता इसकी सबसे बड़ी ताकत है और यह क्षेत्र विकास में अग्रणी बनकर उभर रहा है। उन्होंने दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। हम इसकी विकास गाथा को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, नौकरशाह, राजनयिक तथा अन्य लोग शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन सत्र में उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, अनिल अग्रवाल तथा अन्य लोग शामिल हुए। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार के लिए 'ईस्ट' का मतलब है ''सशक्तीकरण, कार्य, सुदृढ़ीकरण और परिवर्तन।'' उन्होंने कहा कि एक समय था जब पूर्वोत्तर को केवल सीमांत कहा जाता था, लेकिन अब यह विकास में अग्रणी है और वह क्षेत्र अभूतपूर्व प्रगति देख रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर पहले बम, बंदूक और रॉकेट का पर्याय था, जिसने वहां के युवाओं से बहुत से अवसर छीन लिए लेकिन पिछले दशक में पूर्वोत्तर में 10,000 से अधिक युवाओं ने हिंसा छोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पूर्वोत्तर में शिक्षा क्षेत्र में 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''चाहे आतंकवाद हो या नक्सलवाद, हमारी सरकार की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है।'' अधिकारियों ने बताया कि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र को अवसरों की भूमि के रूप में पेश करना, वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और प्रमुख हितधारकों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाना है।

# महिला कर्मचारी को मैटरनिटी लीव देने से नहीं मना कर सकती कोई कंपनी : सुप्रीम कोर्ट

**महिला शिक्षिका की याचिका पर आदेश**





**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की ओर से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था। मातृत्व अवकाश से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## अंतिम कार्य दिवस पर जस्टिस एएस ओका ने सुनाए 11 फैसले



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस एएस ओका ने शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस पर 11 फैसले सुनाए, जबकि कुछ घंटों पहले ही उनकी मांग का निधन हुआ था। जस्टिस ओका अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गुरुवार को मुंबई गए थे, फिर शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस के लिए दिल्ली लौट आए। वह कल सेवानिवृत्त होंगे। जस्टिस ओका ने शुक्रवार को अपनी नियमित बेंच में बैठकर 11 फैसले सुनाए, फिर चीफ जस्टिस (सीजेआई) के साथ औपचारिक बेंच में बैठे। यह एक नई परंपरा थी। सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से 21 मई को आयोजित विदाई समारोह में जस्टिस ओका ने कहा था कि वह सेवानिवृत्त होने वाले जजों के अंतिम कार्य दिवस पर काम न करने की परंपरा से सहमत नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गार्ड ऑफ ऑनर को 1.30 बजे के बजाय देर से देना चाहिए। उन्होंने कहा, सेवानिवृत्त जज को दोपहर के भोजन के तुरंत बाद घर क्यों भेजा जाए। इसलिए इस परंपरा को भी बदलना होगा, ताकि जज को अंतिम कार्य दिवस पर शाम 4 बजे तक काम करने की संतुष्टि मिल सके।

# 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर कारखाना का होगा कायाकल्प : रेल मंत्री

- रेलवे वंदे भारत और नमो भारत जैसी नई ट्रेनों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है




**मुंगेर।** भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे। इस दौरान एशिया के प्रसिद्ध रेल इंजन कारखाना के ईरमि सभागार में उन्होंने घोषणा की कि 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर कारखाना का कायाकल्प किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह कारखाना भारत का सबसे पुराना कारखाना रहा है। इसके विकास को लेकर जो भी कार्य हैं, उन्हें जल्दी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने बताया कि जमालपुर रेल कारखाना के विकास के लिए रूपरेखा तैयार कर ली गई है। 350 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर कारखाना का विकास होगा। वैष्णव ने बिहार के जमालपुर में रेलवे की आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकी के विकास के साथ रेलवे वंदे भारत और नमो भारत जैसी नई ट्रेनों के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। मुंगेर के जमालपुर में एक समारोह को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश ने 50,000 किलोमीटर रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शक्ति देखी है, इसमें हाल ही में किया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में देश के सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के हवाई अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर स्थित इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# भारत नहीं अमेरिका में आईफोन बनाओ

**उत्पादन**

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एपल को दी धमकी
- अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25 प्रतिशत टैरिफ
- बढ़ सकती है आईफोन की कीमत



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर एपल को धमकी दी है। उन्होंने शुक्रवार को खुली धमकी देते हुए कहा कि एपल को अमेरिका में ही आईफोन का निर्माण करना होगा। अगर वह अमेरिका से बाहर भारत या अन्य किसी देश में ऐसा करेंगे तो यह एपल पर भारी पड़ेगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि अगर प्रौद्योगिकी कंपनी ने ऐसा नहीं किया तो एपल के उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा।

शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने पोस्ट कर यह धमकी दी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, मैंने बहुत पहले ही एपल के टिम कुक को इस बारे में बता दिया था कि मुझे उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले उनके आईफोन का निर्माण संयुक्त राज्य अमेरिका में किया जाएगा, न कि भारत या किसी अन्य स्थान पर। अगर ऐसा नहीं होता है, तो एपल को अमेरिका को कम से कम 25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करना होगा। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि आईफोन की कीमतों में नाटकीय रूप से बढ़ोतरी हो सकती है। इसके चलते एपल की बिक्री और मुनाफे को नुकसान हो सकता है। इतना ही नहीं एपल भी अब अमेजन वालमार्ट और अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ व्हाइट हाउस के निशाने पर आ गई है। दरअसल, ये कंपनियां ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ से पैदा हुई अनिश्चितता और मुद्रास्फीति के दबाव का जवाब देने की कोशिश कर रही हैं। इससे पहले बीते सप्ताह भी उन्होंने ऐसा ही दावा किया था। तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक से बात की है और उनसे भारत में एपल के उत्पादन का विस्तार न करने के लिए कहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने दोहा में एक कार्यक्रम में टिम कुक से कहा था कि हमें आपके भारत में निर्माण करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वे अपना ख्याल खुद रख सकते हैं। वे बहुत अच्छा कर रहे हैं। दोहा में एक कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने एपल सीईओ टिम कुक से कहा था कि मुझे टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी थी। मैंने उनसे कहा कि टिम आप मेरे दोस्त हैं। मुझे लगता है। आप बहुत अच्छे हैं। आप 500 बिलियन डॉलर लेकर यहां आ रहे हैं।

## भारत की विदेश नीति ध्वस्त : राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार विदेश मंत्री एस जयशंकर से 3 सवाल पूछे। एक दिन पहले राहुल ने पीएम मोदी से भी ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान सीजफायर को लेकर 3 सवाल पूछे थे। विदेश मंत्री जयशंकर डच ब्रॉडकास्टर एनओएस को इंटरव्यू दिया था। इसमें जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर सवालों के जवाब दिए थे। जयशंकर की क्लिप पहले कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर की थी, राहुल ने इसे री-पोस्ट किया। राहुल ने लिखा- क्या जेजे (जयशंकर जी) बताएंगे हमारी विदेश नीति पूरी तरह से धराशायी हो गई है. विदेश मंत्री कहते हैं कि हमने पाकिस्तान को बताया कि हम आपके आतंकी ठिकानों पर हमला करने जा रहे हैं, आपकी सेना इससे दूर रहे. आज बीजेपी ने भी मान लिया है कि जयशंकर ने पाकिस्तान को सूचना दी थी. अमेरिका बार-बार कहता है कि उसने मध्यस्थता की, लेकिन ये कुछ नहीं बोलते हैं।

# अयोध्या के लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी सिक्किम में शहीद

## साथी जवान को बचाने में गंवाई जान, आज होगा अंतिम संस्कार

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के मझवां गद्दोपुर निवासी 22 वर्षीय लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी सिक्किम में ऑपरेशनल गश्त के दौरान शहीद हो गए। बताया जा रहा है कि गश्त के दौरान उनका एक साथी जवान नदी में गिर गया था।

तेज बहाव के बीच जवान को बचाने के लिए शशांक नदी में कूद पड़े और साथी को तो बचा लिया, लेकिन खुद जान गंवा बैठे। शशांक का पार्थिव शरीर आज शाम तक विशेष विमान से सिलीगुड़ी के बागडोगरा एयरपोर्ट से अयोध्या लाया जाएगा। सेना के अधिकारी उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान तक ले जाएंगे। शनिवार को जमथरा घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शशांक के पिता जंग बहादुर तिवारी मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं और वर्तमान में अमेरिका में हैं। बेटे की शहादत की खबर मिलते ही वह भारत के लिए रवाना हो गए हैं और आज शाम या कल सुबह तक अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है।



**शहीद शशांक तिवारी के परिजनों को मिलेगा 50 लाख का मुआवजा**

### सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

शहीद लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी को सीएम योगी ने भी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए तथा परिवारजन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अयोध्या के लाल भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी भारत की पूर्वोत्तर सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। प्रदेश सरकार द्वारा देश की बाह्य तथा आन्तरिक सुरक्षा में शहीद होने वाले सेना या अर्द्धसैनिक बल के जवानों को 50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# सांसदों के चार प्रतिनिधिमंडल को दी गई पाकिस्तान के कारनामों की जानकारी

**सबूतों के साथ विदेश में खोलेंगे पोल**



**नई दिल्ली।** भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहा है। सात अलग-अलग दलों में 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह भी शामिल हैं। इस बीच, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को सात में से बाकी बचे चार बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को ब्रीफ किया है।

उन्होंने नेताओं को हमले के बारे में आधिकारिक भारतीय पक्ष की विस्तृत जानकारी दी है। नेताओं को भारत पर पहले भी हुए हमलों की एक विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है जो पाकिस्तान स्थित आतंकियों ने अंजाम दिया था। आतंकवाद पर पाकिस्तानी सरकार की नीतियों को बेनकाब करने के लिए इन प्रतिनिमंडलों को भेजा गया है। डीएमके सांसद कनिमोझी की अगुवाई में एक दल रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचा है, जबकि दो अन्य दल जापान और यूएई का दौरा कर चुके हैं। बाकी बचे प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस नेता शशि थरूर और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद शामिल हैं। ये लोग आतंकवाद पर शून्य सहिष्णुता के भारत के संकल्प को बताने के लिए विश्व के कई देशों की यात्रा करेंगे। मिस्री ने थरूर, प्रसाद, एनसीपी-एसपी नेता सुप्रिया सुले और भाजपा नेता बैजयंत पांडा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न देशों में दिए जाने वाले संदेश के बारे में जानकारी दी। इन नेताओं को नेताओं को भारत पर पहले भी हुए हमलों की एक विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है जो पाकिस्तान स्थित आतंकियों ने अंजाम दिया था।

**संक्रमण** — लौट आया फिर से कोरोना वायरस

# दिल्ली में मिले 23 कोरोना संक्रमित

- सरकार ने जारी की एडवाइजरी
- अस्पतालों को दिए निर्देश, एनसीआर में नौ मरीज



### अस्पतालों को किया अलर्ट, घबराने की जरुरत नहीं

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दिल्ली के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, डॉक्टरों और उनकी टीम के साथ समन्वय किया है। अस्पताल और स्वास्थ्य सुविधाओं को अलर्ट पर रखा गया है।

### स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से करें प्रशिक्षित

एडवाइजरी के अनुसार स्वास्थ्यकर्मियों को दोबारा से कोविड-19 से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और वैक्सीन की उपलब्धता को सुनिश्चित करें। अस्पताल में वेंटिलेटर, बाई-पैप, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, पीएसए आदि सभी उपकरण कार्यात्मक स्थिति में हो।

**नई दिल्ली।** एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसको लेकर सभी अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर सहित दूसरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इसमें अस्पताल परिसर में मास्क पहनने का परामर्श दिया गया है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ कोविड-19 की मौजूदा स्थिति को लेकर समीक्षा बैठक की। दिल्ली में गुरुवार तक कोविड के 23 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। सरकार कोविड के वर्तमान पुष्ट मामलों के सत्यापन की प्रक्रिया में जुटी है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह मरीज दिल्ली के हैं या बाहर से यात्रा कर आए हैं। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है। लोगों को समय-समय पर सूचना देते रहेंगे। लोगों से अपील है कि वह सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशा निर्देशों का पालन और अधिकारियों का सहयोग करें। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को एक एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली से सटे गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोरोना के नौ मरीज मिले चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम में तीन और फरीदाबाद में दो और गाजियाबाद में चार नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि हुई है।

अस्पतालों को सभी स्वास्थ्य सुविधाओं (ओपीडी/ आईपीडी) में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों को रोजाना आधार पर रिपोर्ट करना होगा। एकीकृत स्वास्थ्य सूचना प्लेटफॉर्म पोर्टल पर अपडेट करेंगे।

## आज पूरी दुनिया भारतीय सेना पर गर्व कर रही है: बृजेश सिंह

# नकहा में ब्लॉक परिसर से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर के नकहा में ब्लॉक परिसर से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान और देशभक्ति की भावना को समर्पित रही। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें महिलाएं, व्यापारी, छात्र, शिक्षक, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल थे। नगर देशभक्ति के रंग में रंगा दिखा और सभी ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा में भाग लिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला मंत्री बृजेश सिंह ने कहा, ÷भारतीय सेना ने आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। केवल 23 मिनट में पाकिस्तान घुटनों के बल आ गया।÷ उन्होंने आगे कहा कि आज पूरी दुनिया भारतीय सेना पर गर्व कर रही है और तिरंगा हमारी शान और अभिमान का प्रतीक बन चुका है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा, पाकिस्तान को सबक सिखाया गया है और यदि आगे भी कोई हरकत की गई तो भारतीय सेना मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।सेना की वीरता और पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे वीर जवानों ने देश की धरती पर छिपे आतंकियों को नेस्तनाबूद कर दुश्मन देश को करारा सबक सिखाया है इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मिथिलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बृजेश शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप मौर्य सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और आम जनमानस मौजूद रहा।

कार्यक्रम पूरी तरह देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा और लोगों में देश के प्रति गर्व और सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

## यह सिर्फ तालाब नहीं, आने वाली पीढ़ियों को सौंपा गया अमूल्य उपहार है: डीएम



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जब पानी की हर बूंद कीमती हो जाए, तो उसे बचाना सिर्फ जरूरत नहीं, ज़िम्मेदारी बन जाती है। लखीमपुर खीरी ने इस ज़िम्मेदारी को अपने दिल में बसाया है। सीडीओ अभिषेक कुमार की अभिनव पहल हर गांव तालाब के जरिए यहां की मिट्टी अब जल संरक्षण की मिसाल बन रही है। लखीमपुर की तपती धरती पर शुक्रवार को एक नई कहानी लिखी गई पानी बचाने की, प्रकृति से जुड़ने की, और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को संवारने की। तहसील सदर के ग्राम अमानलाला में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने पारंपरिक विधि-विधान से तालाब खुदाई कार्य का शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच जब दोनों अधिकारियों ने खुद फावड़ा उठाया, तो वह क्षण केवल मिट्टी हटाने का नहीं, बल्कि नई उम्मीदों की बुनियाद रखने का प्रतीक बन गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पानी बचाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अब गांव खुद उठा रहे हैं। यह सिर्फ तालाब नहीं, आने वाली पीढ़ियों को सौंपा गया अमूल्य उपहार है। यह सिर्फ खुदाई नहीं, बल्कि जल प्रबंधन की सोच का प्रतिबिंब है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हर गांव में एक तालाब, मतलब हर गांव में एक जलग्रहण केंद्र। जब गांव खुद अपना जल सहेजेंगे, तो जल संकट सिर्फ शब्द बनकर रह जाएगा कार्यक्रम के अंत में डीएम और सीडीओ ने वहां मौजूद श्रमिकों, ग्रामीणों और बच्चों को मिष्ठान और बिस्कुट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया और इस सामूहिक प्रयास को एक उत्सव में बदला।

## आपत्तिजनक व अभद्र रील बनाकर पोस्ट करने के आरोपित तीन नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक व अभद्र रील बनाकर पोस्ट करने के आरोपित तीन नफर अभियुक्तों पवन कुमार पुत्र रामऔतार उम्र 26 वर्ष गौरव कुमार पुत्र विजय कुमार उम्र 23 वर्ष विकास मिश्रा पुत्र प्रेमप्रकाश मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम कुँवरपुर थाना मैगलगंज गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

## हिंसक वन्य जीवों का कहर लगातार जारी

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** वन रेंज धौरहरा क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों का कहर लगातार जारी है। जंगल से निकल कर आबादी की ओर दस्तक दे रहे हिंसक बने जीवों द्वारा लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। तेंदुए ने शुक्रवार को खेतों की तरफ जा रहे दो युवकों को हमला कर घायल कर दिया। एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वन रेंज क्षेत्र धौरहरा के गांव सिंगावर निवासी हरीश और कालिका खेतों में काम करने गए थे। इसी बीच तेंदुआ ने हमला कर दोनों को घायल कर दिया। हमले में कालिका गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि हरीश को हल्की खरोंचे आईं। चीख पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तेंदुए को खदेड़ा। तब दोनों युवकों की जान बच सकी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने कालिका को सीएचसी खमरिया में भर्ती कराया है।

## आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो परिजनों ने पीलीभीत-बस्ती हाइवे पर लगा दिया जाम

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के मामले में गुरुवार की दोपहर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो परिजनों ने पीलीभीत-बस्ती हाइवे पर जाम लगा दिया। हाइवे जाम होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया तो अराजकतत्वों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान एक सिपाही का सिर फूट गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। घटनाक्रम का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि पुलिस सिपाही को मामूली चोटें आने की बात कह रही है जानकारी के अनुसार, खीरी थाना क्षेत्र के गांव लोनियनपुरवा निवासी विशंभर के बेटे अवधराम (28) बुधवार को गांव के बाहर स्थित जिंद बाबा स्थान से करीब दो सौ मीटर की दूरी संदिग्ध हालात में पड़ा मिला था। उसके शरीर पर जख्म थे। परिवार वाले उसे सीएचसी फिर जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने अवधराम को लखनऊ रेफर कर दिया। परिवार वाले रुपये न होने पर उसे घर ले आए और रुपये का इंतजाम कर लखनऊ ले जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई थी परिजनों ने बताया सूचना खीरी पुलिस को दी गई थी, लेकिन तीन दिन में पुलिस हमलावरों को तलाश नहीं कर पाई। युवक की मौत से नाराज परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर अशोगापुर के पास शव को सड़क पर रखकर जाम कर लगा दिया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी न कतार लग गई। हाइवे जाम होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान अराजक तत्वों ने पथराव किया। इससे सिपाही का सिर फूट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस हल्का बल प्रयोग करने के बाद परिजनों ने शव को रास्ते से हटाया।

## प्राचार्य, कला, विज्ञान व वाणिज्य संकाय में होगी 16 सहायक आचार्यों की नियुक्ति

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री ने राज्य सेक्टर के अन्तर्गत नवनिर्मित 71 राजकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की है। इस संदर्भ में राज्यपाल द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि जनपद में स्थित राजकीय महाविद्यालय रामपुर मनिहारान में कला संकाय में प्राचार्य के 01, सहायक आचार्य हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास एवं भूगोल के 08, विज्ञान संकाय में सहायक आचार्य भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित के 05 शैक्षणिक पदों का सृजन किया जाएगा। वाणिज्य संकाय में सहायक आचार्य प्रति विषय के 02 पदों का सृजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा राज्य सेक्टर के अन्तर्गत नवनिर्मित 71 महाविद्यालयो में स्नातक स्तर पर कला संकाय, वाणिज्य संकाय एवं विज्ञान संकाय को प्रारम्भ करने के लिए प्राचार्य के 71 पद, सहायक आचार्य के 1136 पद एवं प्रवक्ता पुस्तकालय के 71 पद अर्थात कुल 1207 पद एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के कुल 142 पदों को 28 फरवरी 2026 तक के लिए, बशर्ते उक्त पद बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिये जायें सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

## बाट माप विभाग की सेवाएं हुई ऑनलाइन

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** माप तौल अधिकारी वरिष्ठ निरीक्षक राजेंद्र चौरसिया और निरीक्षक सुहैल अहमद खान ने बताया कि कि व्यापारियों की सहूलियत के लिए सत्यापन और मुद्रांकन संबंधी बाट माप विभाग की सभी सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं। मात तौल अधिकारी ने माप तौल यंत्रों के सत्यापन हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं पैक्ड प्रोडक्ट्स के लाइफटाइम रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी दी। साथ ही ऑनलाइन डेमो भी दिया गया। इसके साथ उनके द्वारा अवगत कराया कि पूर्व की भांति ऑफलाइन प्रक्रिया भी संचालित हैं।

## छोटे भाई ने बड़े भाई को मारी गोली



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के गांव बांकपुर में खेत की मेढ़ पर खड़े दो पेड़ आंधी में गिर गए। शुक्रवार सुबह इन पेड़ों पर अधिकार जताने के लिए दो सगे भाइयों में आपस में झगड़ा हो गया। छोटे भाई ने बड़े भाई को गोली मार दी। गोली मारने से पहले फावड़े से भी जानलेवा हमला किया गया। हमले में गंभीर रूप से घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है।राजकुमार उर्फ राजू सुबह अपने खेत पर काम करने पहुंचा। खेत के पास ही उसके भाई सतेंद्र उर्फ संजय का खेत है। दोनों खेतों के बीच मेढ़ पर खड़े यूकेलिप्टिस के दो पेड़ आंधी में टूटकर गिर गए थे। दोनों पेड़ों को राजू काटने लगा। तभी सतेंद्र अपनी पत्नी विनोद देवी तथा बेटे हिमांशु के साथ खेत पर पहुंच गया। उन्होंने पेड़ों को अपना बताया, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। मारपीट में सिर में फावड़ा लगने पर राजू लहुलूहान हो गया। इसी दौरान सतेंद्र ने तमंचे से फायरिंग कर दी। गोली राजू के हाथ में लगकर आरपार हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजू को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में मेरठ रेफर कर दिया गया। सीओ नगीना अंजनी चतुर्वेदी ने बताया कि मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है। गोली मारने वालों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पीड़ित के घर पर पुलिस तैनात की गई है राजू पिछले 16 वर्षों से बार काउंसिल बिजनौर के दफ्तर में प्राइवेट तौर पर काम करते हैं। बिजनौर जजी में वकीलों तक यह खबर पहुंची तो वकीलों की बैठक बुलाई गई। जिसमें हड़ताल का प्रस्ताव पास किया गया। शुक्रवार को वकील इस हमले के विरोध में हड़ताल पर रहे।

## मुख्य चौराहे रहें अतिक्रमण मुक्त, की जाए प्रवर्तन की कार्रवाई: डीएम

### स्कूल एवं कॉलेजों के पास सडकों के किनारे लगाए जाएं अच्छी गुणवत्ता के साइनेज

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में मुख्य चौराहे पर लगभग 50 मीटर परिधि में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण व वाहन खड़े न हो। उन्होंने पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिए कि उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र के चौराहो पर इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम आईटीएमएस स्थापित किये गये है उन सभी को यथाशीघ्र क्रियाशील किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। चौराहों पर तत्काल आईटीएमएस से प्रवर्तन की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को समस्त चौराहों पर स्टॉप लाईन बनाने के निर्देश दिए। मनीष बंसल ने नागल रोड, दिल्ली यमनौत्री मार्ग एवं अन्य महत्वपूर्ण मार्गो पर बने स्पीड टेबल पर इंडिकेटर्स लगाने हेतु कहा। उन्होंने शहरी भाग में मुख्य मार्ग पर स्थित स्कूलों के समीप रोड सेफ्टी के अन्तर्गत 30 जून 2025 तक स्कूल एवं कॉलेज के पास सड़को के किनारे अच्छी गुणवत्ता के सुस्पष्ट एवं पढने योग्य साइनेज लगाए जाने हेतु नगर निगम को निर्देश दिए। उन्होने नगर निगम को निर्देश दिए कि आईटीएमएस के माध्यम से की जाने वाली चालान की कार्यवाही व्हाट्सएप के माध्यम से सम्बन्धित को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें। जिन लाईसेंस धाराकों के लाईसेंस में मोबाईल नम्बर अपडेट नहीं है उन्हें अनिवार्य रूप से अपडेट किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए।



जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। रामपुर मनिहारान आबादी भाग में चल रहें निर्माण कार्य के डार्यवर्जन पर शीघ्र पूर्ण कर ब्लैक टॉप किये जाने हेतु एनएचएआई को निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, जिला सडक सुरक्षा समिति के सचिव अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र सिंह, एआरटीओ एमपी सिंह, एवं स्टैक होल्डर्स विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय में हो गुणवत्तापरक निस्तारण: सीडीओ

### उद्यमियों की समस्याओं का हो त्वरित निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्योग बंधुओं से जुड़े कार्यो को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर करें तथा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी आज यहां जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने उद्यमियों के हित में बनी समिति को क्रियाशील करने एवं खराब पड़ी सोलर लाईटों को डीसीडीआईसी को निर्देश दिए कि संबंधित से पत्राचार किया जाए। लघु उद्योग भारती द्वारा बैंक संबंधी प्रकरण में एलडीएम को संबंधित बैंक एवं क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। इस दौरान निवेश मित्र पोर्टल, जिला पंचायत, विद्युत विभाग, यूपीसीडा, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग के प्रकरणों पर विचार किया गया। उक्त प्रकरण आईआईए, सीआईएस, सीआईए, लघु उद्योग भारती व सहारनपुर हौजरी एसोसिएशन के थे। अपर मुख्य अधिकारी ने जिला पंचायत के प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिए गये कि प्राथमिकता से कार्यो को कराना सुनिश्चित करें। लघु उद्योग भारती द्वारा उठाए गये प्रकरण सलेमपुर भुकडी बेहट रोड पर सडक न होने की वजह से उद्यमियों को परेशानी का सामना करना पडता है पर संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य प्रारम्भ हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र में यूपीसीडा संबंधी सौन्दर्यीकरण एवं सुरक्षात्मक कार्य किये जाने के दृष्टिगत स्टीमेट प्रोसेस कर दिया गया है। लोक निर्माण के संबंध में पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण के तहत संबंधित विभाग को यथाशीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी डीआईसी वीके कौशल ने बताया कि ओडीओपी के तहत बनी सीएफसी क्रियान्वित हो चुकी है।

## पीड़िता को डरा-धमका कर बलात्कार करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल




**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना दतागंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना दातागंज पुलिस द्वारा शुक्रवार को दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस का कहना है कि थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 174/25 धारा 123/64(2)(m)/127(2)/308(2) बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त पिन्टू दिवाकर पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम तस्सुरा थाना उसहैत जिला बदायूँ को पापड़ हमजापुर में गंगाएक्सप्रेस वे अन्डरपास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशकर जेल भेजा गया है।अभियुक्तत पर पीड़िता के साथ डरा धमकाकर बार बार बलात्कार करने का आरोप है।

# जिला कारागार की सुरक्षा को लेकर डीएम साहिबा ने की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं कारागार की सुरक्षा तथा पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट से संबंधित बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने जिला स्तरीय समिति की बैठक में वादों के निस्तारण के सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उपस्थित से एक-एक वाद के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कारागार की सुरक्षा, पोस्टमार्टम, गुण्डा एक्ट और गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामलों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया और गुणवत्ता पर ध्यान देने एवं कारागार की सुरक्षा में सुरक्षा और सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने गुंडा एक्ट विषय की समीक्षा में गंभीर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गैंगस्टर एक्ट विषय की समीक्षा करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में इन मामलों पर ध्यान दें और आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके। उन्होंने पोक्सो एक्ट प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मामलों की त्वरित सुनवाई सुनिश्चित की जाए, गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, और दोषियों को सजा दिलाने के लिए प्रभावी अभियोजन हो। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय पर भी जोर दिया, ताकि अपराधों के खिलाफ लड़ाई में मदद मिल सके। उन्होंने बैठक में NCORD की भी गहन समीक्षा की उक्त सन्दर्भ में सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, अभियोजन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





**नगीना सांसद और आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद दरगाह ए नज़्फ ए हिंद पहुंचकर दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ा कर दुआ करते हुए, इस मौके पर उनके साथ मौजूद रहें नगर पालिका परिषद नजीबाबाद चैयरमेन मुअज़्ज़म इंजीनियर**

## दुष्कर्म के मुकदमें वांछित आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना देवबंद पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना देवबंद प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 22 मई को वादिया की तहरीर पर आरोपी सन्दीप पुत्र सीताराम निवासी सराय मालिया थाना देवबन्द के खिलाफ वादिया को चाकू की नोंक पर आंतकित कर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राकेश पंवार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सन्दीप पुत्र सीताराम को दिव्य ज्ञान पब्लिक स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** किसान सेवा सहकारी समिति कासमपुरगढ़ी अफजलगढ़ में किसानों द्वारा समिति द्वारा किए गए 7% ब्याज का विरोध प्रदर्शन करते हुए समिति पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वही किसानों ने मुख्यमंत्री व एसडीएम धामपुर के नाम एक रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी। शुक्रवार को किसान सेवा सहकारी समिति कासमपुरगढ़ी अफजलगढ़ में किसानों ने समिति द्वारा दिए जा रहे कर्ज पर ब्याज 3% से बढ़कर 7त्न के जाने का विरोध करते हुए समिति पर विरोध प्रदर्शन किया किसानों का कहना है। कि समिति के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा बिना आदेश के किसानों को बिना बताए अचानक से 3% की जगह 7% ब्याज कर दिया गया है। जो नियम विरुद्ध है। उसे तुरंत वापस लिया जाए किसानों ने बताया कि समिति द्वारा 1 अप्रैल से 30 जून तक ज्यादातर किसानों ने 3% की दर से अपना कर्ज जमा कर दिया है। उनका कहना है कि बचे हुए किसानों का भी 3% की दर से ब्याज जमा किया जाए उन्होंने बताया कि नए सत्र में समिति द्वारा ऋण देने से पहले यह बताया जाए कि उनको कितने परसेंट ब्याज की दर पर कर्ज दिया जा रहा है। तथा इसकी जागरूकता किसानों को दें। वही किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व एसडीएम धामपुर के नाम एक रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी किसानों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।इस अवसर पर विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों में डायरेक्टर रजनीश चौहान, डायरेक्टर अवनीश चौहान, पूर्व डायरेक्टर जगदीश सिंह उर्फ जीतू, सुन्दर चौहान, बलराम सिंह, जसवंत सिंह, हेतराम सिंह, नितिन कुमार, मोंटी कुमार, मोहित कुमार, जसपाल सिंह, दिनेश कुमार, भूपेंद्र सिंह, रामप्रकाश सिंह, टिकम सिंह, विरेन्द्र सिंह, माहीपाल तथा कल्लू सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में विचारधारा की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस : शरद

अवधनामा संवाददाता



**जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह द्वारा आयोजित किया गया संगठन सृजन कार्यक्रम**

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिले कोआर्डीनेटर शरद मिश्रा ने कहा कि कुछ दल अपने स्वार्थ के लिए समाज में नफरत पैदा देश को तोड़ने का काम कर रहे है। जबकि कांग्रेस सर्व समाज को साथ लेकर चलने के लिए कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में विचाराधरा की लड़ाई लड़ रही है।

श्री मिश्रा शुक्रवार को मोहान रोड स्थित सावित्री लॉन में जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस संगठन सृजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि राजधानी का संगठन सबसे अधिक मजबूत होना चाहिए। राष्ट्रीय नेतृत्व में ने राजधानी लखनऊ को रूद्रदमन सिंह बबलू के रूप सबसे मजबूत जिलाध्यक्ष दिया है। इसलिए सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि श्री बबलू के साथ कंधे से कंधा मिला कर संगठन को मजबूत करें।

इस मौके पर कोआर्डीनेटर प्रमोद सिंह ने कहा कि हमें किसी दल से कुछ सीखने की जरूरत नही है। कांग्रेस ने आजादी से पहले भी देश को बनाने का काम किया है और आज देश को जोड़ने का काम कर रही है। जबकि भाजपा आजादी से पहले देश को तोड़ने का काम किया था और आज भी जाति-धर्म के नाम पर लोगो को लड़ा कर देश तोड़ने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कार्यकताओं से सौ दिन में कांग्रेस को चार घंटे रोज देने को कहा है। अगर कार्यकर्ता ऐसा करते है तो कांग्रेस जन-जन तक पहुंचकर सत्ता हासिल करेगी। इससे पहले पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि संगठन में ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को स्थान देने की बात कही। जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन खड़ा करने में सहयोग करने की अपील किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी व विजय बहादुर, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, मीडिया सेल के चेयरमैन अशोक सिंह कार्यक्रम सृजन कंट्रोलरूम के प्रभारी एसके गौतम, चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन सिया राम वर्मा, मुन्नालाल भारती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महीप सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहजनवा बीडीओ और एपीओ पर धन उगाही कर कार्य स्वीकृत देने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत सीहापार की प्रधान मांडवी शुक्ला ने बीडीओ और एपीओ पर एडवांस में कमीशन लेकर कार्य स्वीकृत देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई हैं। आरोप है कि गांव में मनरेगा के तहत दो पोखरे और एक सीसी रोड का कार्य चल रहा था। बीडीओ सहजनवा और तैनात एपीओ द्वारा 6 फीसद एडवांस में कमीशन न मिलने पर कार्य को रोक दिया। यही नहीं क्षेत्र के जिन प्रधान द्वारा एडवांस में समय से कमीशन उपलब्ध करा दिया जाता है। उनके कार्य की स्वीकृत तत्काल दे दी जाती है। यदि किसी ने एडवांस में रकम उपलब्ध नहीं कराया तो उनके कार्य को साहब द्वारा रोक दिया जाता है। जिसको लेकर पीड़ित प्रधान ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उच्चाधिकारियों से शिकायत कर जांच कर कारवाई कराने की मांग किया है। इस संदर्भ में बीडीओ सत्यम तोमर ने कहा कि जो आरोप लगाया गया है वो बेबुनियाद है, यदि ऐसा मामला है तो साक्ष्य दे।

# सरकारी एम्बुलेंस और बाइक में सीधी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

## हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित नरायनपुर गांव के पास हादसा

अवधनामा संवाददाता



घायल को मेडिकल कालेज रेफर करते चिकित्सक

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरायनपुर गांव के पास शुक्रवार की शाम साढ़े छह बजे सरकारी एम्बुलेंस और बाइक सवार में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में एंबुलेंस चालक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के मदद से घायल एक युवक को सीएचसी मथौली भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज गोरखपुर व घायल एंबुलेंस चालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। गोरखपुर जनपद के गांव जैनपुर (भटहट) थाना गुलहरिया निवासी नन्हे साहनी पुत्र संतलाल निषाद उम्र (22) अपने दोस्त जिसका नाम पता अज्ञात है। दोनों बाइक से हाटा कप्तानगंज मार्ग होते हुए हाटा की तरफ आ रहे थे कि अभी वे शाम 06:30 बजे नरायनपुर गांव के मुख्य गेट के पास पहुंचे ही थे कि कप्तानगंज की तरफ जा रही सरकारी एंबुलेंस से सीधी टक्कर गई। इस दौरान बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा नन्हे साहनी गंभीर रूप से घायल हो गया। नन्हे का दाहिना पैर फैक्चर हो गया और सिर में गंभीर चोटें लग गई। हादसे में एंबुलेंस चालक भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल नन्हे को सीएचसी मथौली भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहीं एंबुलेंस चालक को सीएचसी कप्तानगंज से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मृतक युवक की शिनाख्त करने में घंटों लगी रही लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाया। घायल युवक नन्हे भी उसके बारे में कुछ बता नहीं पा रहा था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज एंबुलेंस को थाने ले आई। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस सीएचसी हाटा का है जो कप्तानगंज सर्विस कराने जा रहा था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मृतक का शिनाख्त करने में जुटी रही।

# राम जानकी मार्ग पर बनेंगे तीन रेगुलेटर

## सात की जगह तीन कलवर्ट बनाने का निर्णय, बाढ़ नियंत्रण के लिए लगेंगे रेगुलेटर

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** चिल्लूपार क्षेत्र में राम जानकी मार्ग (अयोध्या-जनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 227 ए) के उच्ची करण और चौड़ीकरण कार्य के दौरान तकनीकी चिंताओं के समाधान के लिए विधायक राजेश त्रिपाठी ने बुधवार को अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। चिल्लूपार के दक्षिणांचल में राप्ती नदी के किनारे आच्छीडीह से सराय तक 6 किलोमीटर क्षेत्र में तटबंध प्रस्तावित है। एनएचआई के अनुसार खड़ेसरी से पटना गांव के बीच 16 किलोमीटर सडक पर 2 मीटर चौडी और 2 मीटर ऊंची 11 कलवर्ट बनाई जानी थी। सिंचाई विभाग और ग्रामीणों ने चिंता जताई कि इन कलवर्ट से आच्छीडीह-सरया तटबंध को खतरा होगा। विधायक त्रिपाठी ने इस मामले में भारत सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों को नजरअंदाज कर डीपीआर तैयार करने पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि खड़ेसरी से सीधेगौर के बीच पहले प्रस्तावित 7 कलवर्ट की जगह अब केवल 3 कलवर्ट बनाई जाएंगी। इन तीनों कलवर्ट में रेगुलेटर लगाए जाएंगे। इससे बाढ़ या अन्य स्थिति में पानी को नियंत्रित किया जा सकेगा। सीधेगौर और पटना के बीच 03 क्लवर्ट बनेंगे जिससे सरयू और राप्ती के जल को नियंत्रित कर ग्रामीणों सहित राम जानकी मार्ग की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विधायक ने कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार को मार्ग पर पानी के कम छिड़काव के लिए भी लताड़ लगाया और चेतावनी दिया कि अगर धूल के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। जिसपर अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि पूरे निर्माण क्षेत्र में भरपूर पानी का छिड़काव कराया लाएगा जिसके लिए 05 टैंकर को लगाया जा चुका है। अब धूल की समस्या से जनता नहीं जूझेगी। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश त्रिपाठी, जनसेवा संस्था के महामंत्री सन्तोष जायसवाल, ओमप्रकाश त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, बृजेश वर्मा, गुड्डू बाबा आदि मौजूद रहे।

## पुराना फोटो अपलोड कर फर्जी तरीके से भरा जा रहा मस्टररोल

**गोरखपुर।** पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत घुरियापार और बाहिलपार में पुराना फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज कर मस्टररोल चलाया जा रहा है। जब की मौके पर कोई भी मजदूर कार्य नहीं कर रहे है। ग्राम पंचायत घुरियापार में भोला के दुकान से भटवल रोड सीवान तक मिट्टी पटाई का कार्य दिखाया जा रहा है। लेकिन मौके पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। जिसका मस्टररोल नंबर 26,7761936, 831632406 जारी है। वृहस्पतिवार को 13 मजदूरों की हाजिरी दिखाई जा रही है। ग्राम पंचायत बाहिलपार ने मस्टररोल नंबर 26,8093872,832023543 जारी किया गया है।

रामलवट के घर से सुनील गुप्ता के चकरोट तक पटाई का कार्य दिखाया जा रहा है। यहां भी पुराना फोटो अपलोड कर 10 मजदूरों की फर्जी हाजिरी भरी जा रही है। मौके पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। बीडीओ पाली बृजेश यादव ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर मस्टररोल शून्य किया जायेगा। इस संदर्भ में डीसी मनरेगा रघुनाथ सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

## भगवान परशुराम के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले जवाहर सिंह गंगवार ने अधिकारियों के सामने अपनी गलती स्वीकार की

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भगवान परशुराम जी के लिए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार के द्वारा जिला प्रशासन के मध्य बैठकर पूर्व में भगवान परशुराम जी के लिए कहे शब्दों के लिए दिल से गलती मानी और कहा कि भगवान परशुराम हमारे भी भगवान हैं और उनके लिए भूलवश यदि कोई गलत शब्द निकल गये है तो उसके लिए मुझे बहुत खेद है, और भविष्य में मेरे व्दारा इस प्रकार की पुनरावृत्ति नही की जायेगी। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भइयन मिश्र ने कहा कि जवाहर सिंह गंगवार के द्वारा भगवान परशुराम जी के लिए जो शब्द वोले गये थे, उसके लिए अपनी गलती को स्वीकार करते हुए भविष्य में कभी भी इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने की बात बोली है, उनके लिखित और मौखिक बयान से हम सब लोग सहमत है, अब आगे आंदोलन की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश के संघठनोः के व्दारा 30 मई को फर्रुखाबाद चलो की आवश्यकता अब नही है ,प्रदेश के सभी संघठनो और नेताओ को अबगत कराया जा रहा है इस पूरे आंदोलन में साथ देने वाले समाज के प्रत्येक व्यक्ति का बहुत-बहुत धन्यवाद है, कि उन्हौने भगवान परशुराम जी के विरूद्ध वोलने वाले जवाहर सिंह गंगवार के विरुद्ध सडको पर उतरकर आंदोलन किया, ब्राह्मण समाज के जिला महामंत्री लालाराम दुवे ने कहाकि जवाहर सिंह गंगवार ने अपनी गलती को माना अब प्रकरण समाप्त हो गया है, समाजसेवी सरल दुवे ने कहा कि सर्वसमाज के बीच बहुत अच्छा संदेश गया है, और समाज के सभी लोग बधाई के पात्र है ,प्रशासन की ओर से नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, उपजिलाधिकारी रजनीकांत, सी ओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय सहित राजीव बाजपेई, कोमल पाण्डेय सुनीलबाजपेई, अनुज तिवारी, अनूप तिवारी, प्रवल त्रिपाठी, रामजी बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## कृषक दुर्घटना कल्याण योजना पर बैठक संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभगार फतेहगढ़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित योजना एवं विभाग की अन्य सदृश्य पूर्व में प्रचालित कृषक बीमा योजनाओं के अंतर्गत लंवित दावों को समयान्तर्गत निस्तारित किये जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसील सदर के 04, कायमगंज के08 व अमृतपुर का 01 कुल 13 दावे प्रस्तुत किया गया जिसमें से 06 दावे उपयुक्त पाये गये। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट व सभी उपजिलाधिकारी उपस्थिति रहे।

## कायमगंज मे निकाली गई तिरंगा यात्रा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में भाजपाईयों ने कायमगंज नगर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी हाथों में तिरंगा झण्डा लिए हुए थे। भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अल्पसंख्यक नेता डॉ अरशद मंसूरी की अगुवाई में मुसलमानो ने जामा मस्जिद चौराहे पर सांसद मुकेश राजपूत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष फ़तेहचन्द्र राजपूत का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। मिथलेश अग्रवाल ने पृथ्वी दरवाजा में यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में भारत माता के जयकारे के साथ सेना के प्रति सम्मान, देश प्रेम व जोश का मिश्रण देखने को मिला। यात्रा कायमगंज के मुख्य मार्गो से निकलती हुई नगर पालिका परिषद में समाप्त हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे, विधायक सुरभि गंगवार, अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, देवेंद्र दुबे, समाजसेवी डॉ अरशद मंसूरी, अमरदीप दीक्षित, शुभम पाठक एडवोकेट, प्रवेश पाठक कोटेदार, मोहम्मद वसीम मंसूरी, आसिफ मंसूरी, जाहिद अली, हामिद हुसैन, श्रीकृष्ण गौतम, जगराम सिंह, नियामत शेर, शिल्पी गंगवार, बबिता वर्मा आदि लोग उपस्थित रहें।

## अलीगढ़ शासकीय अधिवक्ता के शोषण से परेशान महिला ने चलाई चप्पल



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** न्यायालय जो की न्याय का मंदिर होता हैं वही शोषण से परेशान महिलाएं न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाती हैं परंतु जब अधिवक्ता ही शोषण करने लगे तो महिलाएं कोर्ट के लिए कहां जाएंगी। ऐसा ही मामला जनपद में देखने को मिला जिसमें की पिछले दिनों एक महिला अपने अधिवक्ता ललित पुंढीर जो की कहने को तो शासकीय अधिवक्ता है परंतु उन्होंने है न्याय की आस में आई महिला के साथ ही शोषण करना शुरू कर दिया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब अधिवक्ता ललित पुंढीर ने हर बार की तरह उस महिला को एक होटल में बुलाया लेकिन महिला आने में लेट हो गई तो ललित पुंढीर ने महिला पर गालियों की बरसात करदी। फिर क्या था महिला को यह बर्दाश्त नहीं हुआ और महिला ने अधिवक्ता पर चप्पलों की बरसात करदी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ। जानकारी अनुसार महिला दिल्ली के अस्पताल से एमबीबीएस कर रही है। महिला ने बताया कि ललित पुंढीर आए दिन किसी न किसी बहाने उसको बुलाते रहते थे। वही इस बारे में शासकीय अधिवक्ता ललित पुंढीर से जब बात की गई तो उनका कहना था कि महिला से हमारा पर्सनल मैटर था और हमारा समझोता हो गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आखिर महिला ने इतना ड्रामा क्यों किया जब पर्सनल मैटर था। यह भी अवगत कराना है कि शासकीय अधिवक्ता को प्रदेश सरकार नामित करती हैं। पर जब पास्को एक्ट कोर्ट में तैनात अधिवक्ता ही इस प्रकार की घिनौनी हरकत करेंगे तो महिलाओ को क्या न्याय मिलेगा। अब देखना होगा कि महिलाओं की हितेसी सरकार ऐसे अधिवक्ता पर क्या कार्यवाही करेगी यह समय बताएगा। क्या सरकार ऐसे अधिवक्ता का शासकीय होडा खत्म कर हाई कोर्ट को लिखेगी।

## ताला कारोबारी की पत्नी के सिर पर पिस्टल लगाकर लाखों की लूट करने वाले दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिले में ताला कारोबारी के घर में पत्नी को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश शाहरुख और नावेद के पैर में गोली लगी है। दोनों बदमाशों को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने दोनों घायल बदमाशों की हालत को देखते हुए जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस की मुठभेड़ इन बदमाशों से ऊपरकोट नगर कोतवाली इलाके के मथुरा हाइवे पुल के पास हुई। वहीं पुलिस ने दोनों बदमाशों के कब्जे लुटे हुए सामान में से 87 हजार नगद, एक सोने की चैन, पेंडल,अंगूठी समेत एक अवैध पिस्टल, एक तमंचा, 32 बोर जिंदा कारतूस व एक खोखा, 315 बोर का एक कारतूस बरामद किया। पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए दोनों शातिर बदमाश शाहरुख और नावेद सिविल लाइन और कोतवाली नगर के रहने वाले है यह दोनों गैंगस्टर व हिस्ट्रीशीटर है। पूर्व में भी यह दोनों कई घटनाओं को अंजाम दे चुके है। थाना कोतवाली व क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए इन दोनों शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस को अभी इनके अन्य फरार 3 साथियों की तलाश है। जिसके लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही है। बता दें कि 21 मई देर शाम तेज आंधी के बीच नकाबपोश बदमाशों ने लूट की दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया था। कोतवाली क्षेत्र के घनी आबादी वाले आतिश बाजान मोहल्ला में ताला कारखाना संचालक के घर से 14 लाख रुपये कीमत के जेवरात-नकदी लूट ले गए थे। घटना के वक्त ताला कारोबारी नमाज पढ़ने गए थे। तभी उनकी अकेली बुजुर्ग पत्नी को बंधक बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया गया।

## अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति पर भाजपा जिला संगोष्ठी का आयोजन




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के एक गेस्ट हाउस में एक भव्य आयोजन किया।इस दौरान जिला संगोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमे पूरे जनपद से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, इतिहास प्रेमी तथा आम नागरिकों शामिल हुये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल वती सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त), कल्याण निगम,उर्विजा दीक्षित, जिला अध्यक्ष भाजपा, गौरी शंकर वर्मा विधायक, मूल चन्द्र निरंजन विधायक ऊषा गुप्ता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, धीरज बाथाम, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, संयुक्त रुप मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ आए हुऐ मुख्य अतिथि के द्वारा अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान अहिल्याबाई के लोक कल्याणकारी कार्यों, न्यायप्रिय शासन और उनके अद्वितीय नारी नेतृत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उन्हें त्याग, सेवा एवं न्याय का प्रतीक बताया जो आज के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में प्रेरणा का स्रोत हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, विचार सत्र तथा एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें अहिल्याबाई होलकर के जीवन व कार्यों से संबंधित प्रेरणास्पद झलकियाँ प्रदर्शित की गईं।

# रेल म्यूज़ियम जाए तो फूड सेफ्टी को लेकर रहें सजग

## एसी हेरिटेज कोच रेस्टोरेंट से गायब है फूड सेफ्टी रजिस्ट्रेशन की कॉपी

मनव्वर रिज़्वी



**गोरखपुर।** भागदौड़ वाली जिंदगी की जद्दोजहद में जब भी फुर्सत के दो पल मिलते हैं तो व्यक्ति परिवार और बच्चों के मनोरंजन के लिए घर से बाहर निकल पड़ता है। गोरखपुर में वर्तमान समय में परिवार के साथ आउटिंग और बच्चों के मनोरंजन हेतु तमाम विकल्प मौजूद हैं।

एक ऐसा ही विकल्प है रेल म्यूज़ियम जहां एक ही परिसर में बच्चों के मनोरंजन के साथ ही ज्ञानवर्धन भी होता है। झूलों, फव्वारों, पुराने रेल इंजनों के बीच यहां प्रकृति की गोद सा सुकून मिलने के साथ ही इसी परिसर भारतीय रेल का गौरवशाली इतिहास को दर्शाता रेल म्यूज़ियम है। इसके अलावा बच्चों के लिए छुक छुक करती टॉय रेल की सवारी सबसे मनमोहक है जो इस म्यूज़ियम को और भी मनोरंजक बनाती है। बच्चे यहां दौड़ते हैं और मस्ती करते जब थक जाते हैं तो उन्हें कुछ तीखा चटपटा और गर्मियों में लस्सी या आइसक्रीम की चाहत होती है जिसके लिए रेल प्रशासन द्वारा म्यूज़ियम के दक्षिण पूर्व में एक कैंटीन भी व्यवस्था है। यहां तक तो ठीक है लेकिन अबसे आप जब भी अपने परिवार व बच्चों के साथ जाएं तो यहां की एसी हेरिटेज कोच रेस्टोरेंट में जाने से पहले साफ-सफाई, हाईजीन और गुणवत्ता परख कर ही आर्डर करें। आमतौर पर आप किसी भी रेस्टोरेंट या फ़ूड कोर्ट में जाते हैं तो वहां बाकायदा लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन की कॉपी नज़र आ जाती है लेकिन यहां ऐसा कुछ भी नही है। बृहस्पतिवार को जब हमने इस ए सी हेरिटेज कोच रेस्टोरेंट में फूड लाइसेंस न होने की बात कही तो वहां मौजूद जिम्मेदार इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सके रेस्टोरेंट में फूड सेफ्टी का कोई भी प्रमाण या रजिस्ट्रेशन मौजूद नहीं था। इस संबंध में जब फूड विभाग से संपर्क किया गया तो विभाग के सर्वेसर्वा सुधीर सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार के परिसर में स्थित प्रतिष्ठानों के लिए दिल्ली से fssai से फूड सेफ्टी का लाइसेंस जारी होता है उसमें स्थानीय स्तर से कोई दखल नहीं दिया जाता है। वही दूसरी तरफ इस सम्बंध में जब मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पकंज सिंह से सम्पर्क किया गया तो कोई उत्तर नही मिला।


## सूचना

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, (परिवार) सहारनपुर मूल वाद संख्या-1300 सन-2024 नितिन मलिक पुत्र श्री जगदीश मलिक निवासी नवदुर्गा मन्दिर वाली गली मौहल्ला मीरकोट, जिला सहारनपुर- वादी..(बनाम) श्रीमति गुरप्रीत उर्फ अंशुल पत्नी नितिन मलिक हाल कथित पत्नी विक्रम बत्रा निवासी मौ. मीरकोट निकट दुर्गा मन्दिर ,ज़िला सहारनपुर(प्रतिवादनी) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत विवाह विच्छेदके दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 31/5/25 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पस कोई शख्श हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज है इत्तला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे हस्त.और मुहर अदालत के 22/5/25 को जारी हुआ।

आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी प्रधान न्यायधीश (परि.)

## सूचना

(आर्डर 5 कायदा व 5) नम्बर मुकदमा 1212 सन् 2023 न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन सहारनपुर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा शाखा प्रबन्धक शाखा कोर्ट रोड सहारनपुर..वादी..... बनाम...1 श्रीमती मिन्नी वालिया पत्नि श्री सिद्धान्त सिरोही 2 श्री सिद्धान्त सिरोही पुत्र श्री अनिल कुमार सिरोही निवासीगण 12 ए, न्यू अर्जुन नगर, निकट आदर्श गैस गोदाम, सहारनपुर (प्रति.) हरगाह वादी ने के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप 8/7/25 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकाई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवाजात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपको लाज़िम हैकि बरोज मजकूर आप हाजिर ना होंगे तो मुकदमा बगैर आपकी हाजिरी आपके समात और फैसला होगा मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज दि. 22/5/2025 ई0 जारी हुआ।

आज्ञा से मुंसरिम

## सूचना

मैं अर्सलान 20.5.2025 कोर्ट रोड, सहारनपुर के निकट फोटो स्टेट के लिए गया था वहां असल बैनामा सम्पत्ति प्लॉट नं 61 व 62 रकबई 53.66 वर्ग गज व खसरा नं 331, 332 स्थित दरा आली स्वाद बैरून, दर आबादी अजीम कालोनी, सहारनपुर, जिसका विक्रेता शेर सिंह पुत्र भानू राम नि. मेंहदी सराय सहारनपुर हाल नि.आर.के.पुरम कालोनी,चिलकाना रोड.सहारनपुर व क्रेता श्रीमती सायरा बेगम पत्नी फुरकान नि. इन्द्रा चौक अमन कालोनी सहारनपुर,जो बही सं 1 जिल्द 7963 पेज 1/18 दस्ता.स.2347 दि.4.3.2014 को सब रजिस्ट्रार प्रथम सहारनपुर में पंजीकृत है कहीं गिर गया। मिले तो संपर्क करे।

ठाकुर पंकज सिंह एड. चै. 141
सिविल कोर्ट सहारनपुर मो.9675983535

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा नोटिस का प्रथम संशोधन

खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांकः 19.05.2025 में निम्नलिखित संशोधन किए गए है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना संख्या :** टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल के लखनऊ गुड्स यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के प्रावधान के संबंध में ओएचई संशोधन कार्य। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 89,29,421.82 |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 1,78,600.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 17.06.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः **1.** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई है **2.** निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का **30 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का **40 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का **60 प्रतिशत** न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:-** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. **3.** निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोटः** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबवाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-07-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-25 दिनांकः 19.05.2025** **1520/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करते हुए जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी/लखनऊ निम्नलिखित ई–निविदाएं आमंत्रित करता है, जो अंतिम तिथि **20.06.2025 को 15:30 बजे** है। बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल अंतिम तिथि और समय तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को अनदेखा किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एन.आई.टी. सं. | | 00102025 दिनांक 22.05.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | | आरपीएफ–अ/क्यू.एम./बागवानी/निविदा/लखनऊ/2025 |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | जे.आर. आरपीएफ अकादमी, लखनऊ परिसर में बागवानी एवं बागवानी का ठेका, जिसमें मौसमी एवं स्थाई बागवानी/फूलदार/पत्तेदार पौधों को गमलों एवं मिट्टी की क्यारियों आदि में रखना, पोषण एवं रख–रखाव, मौसमी/बारहमासी पत्तेदार/फूलदार पौधों वाली नर्सरी एवं गमलों के पूल का रख–रखाव, पेड़ों, झाड़ियों एवं हेजेज की बार–बार ड्रेसिंग/ट्रेनिंग/छंटाई, अतिरिक्त प्राकृतिक वनस्पतियों/घास को काटना/हटाना, परेड ग्राउंड एवं अकादमी के अन्य सभी हरित क्षेत्रों का समुचित रख–रखाव आदि शामिल है। जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी, लखनऊ में परिणाम के आधार पर 03 वर्षों की अवधि के लिए। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1 | रु. 1,04,92,031.00 |
| 5 | बयाना राशि | 1 | रु. 2,12,500.00 |
| 6 | समापन अवधि | क्रम संख्या 1 | स्वीकृत पत्र जारी होने की तारीख से छत्तीस माह। |
| 7 | बोली आरंभ तिथि | | 06.06.2025 |
| 8 | निविदा समाप्ति तिथि एवं समय | | समय 20.06.2025, 15:30 बजे |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

**नोटः–** इन कार्यों का अन्य विवरण उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। **1524/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम है हनुमानगढ़ी : योगी आदित्यनाथ

# मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीहनुमत कथा मंडपम का किया लोकार्पण





*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने एक दिवसीय अयोध्या दौरे के दौरान हनुमानगढ़ी में श्रीहनुमत कथा मंडपम का भव्य लोकार्पण किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार-प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अपने संबोधन में उन्होंने हनुमानगढ़ी को भक्ति, शक्ति, बुद्धि और युक्ति का संगम बताते हुए इसे सनातन धर्म का एक अडिग गढ़ बताया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में अयोध्या को अव्यवस्थाओं में झोंककर इसे अपमानित करने का कार्य किया गया। वहीं 2014 और 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास डबल स्पीड से हुआ है। सीएम योगी ने यह भी कहा कि हमें अपने मित्र और शत्रुओं की पहचान रखना जरूरी है। देश को सनातन धर्म के मार्ग में बाधा डालने वालों को चिह्नित करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत के अस्तित्व की पहचान है और इसकी गरिमा और सम्मान के विरुद्ध हमें कुछ भी स्वीकार नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए कहा कि उसके अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत हनुमानगढ़ी के त्रेतायुगीन टीले को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा की यहां से हनुमान जी महाराज ने अयोध्या धाम की रक्षा की है। उन्होंने बाबा अभयराम दास जी महाराज को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह श्रीहनुमत कथा मंडपम बाबा अभयराम दास जी की दूरदर्शिता और वैष्णव अखाड़ों की सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। उनकी कृपा से आज हम इस भव्य स्वरूप को देख रहे हैं। उन्होंने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन, पूज्य संतों और नागाओं की प्रशंसा की, जिन्होंने एक-एक पाई बचाकर इस मंडपम का निर्माण किया। सीएम योगी ने कहा कि हनुमानगढ़ी केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए योद्धा भाव का प्रतीक है। यह मंडपम आने वाली पीढ़ियों के लिए हनुमानगढ़ी के वैभव को संरक्षित रखेगा। उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ी का यह मंडपम न केवल आध्यात्मिक केंद्र बनेगा, बल्कि सत्संग और कथाओं के माध्यम से सनातन धर्म के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाएगा। उन्होंने हनुमानगढ़ी के नागाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आपका इतिहास सनातन धर्म के उस कालखंड की सेना के रूप में जाना जाता है, जब देश विधर्मियों आक्रांताओं से त्रस्त था तब अखाड़ों ने सनातन धर्म की रक्षा केलिए स्वयं को समर्पित किया था। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि 2014 और 2017 से पहले अयोध्या अव्यवस्था, टूटी-फूटी सड़कों, बिजली की कमी और गंदगी से जूझ रही थी। जब हम यहां आते थे, तो राम की पैड़ी का पानी सड़ता था, घाटों पर गंदगी थी और हर दूसरे दिन कर्फ्यू जैसी स्थिति रहती थी। लेकिन 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या को नया स्वरूप दिया। उन्होंने अयोध्या के बुनियादी ढांचे में आए बदलावों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अब फोरलेन सड़कों से जुड़ चुकी है और शहर के अंदर के मार्ग भी चौड़े हो गए हैं। पहले जहां एक ट्रेन के लिए लोग तरसते थे, आज अयोध्या देश के हर कोने से रेलवे के माध्यम से जुड़ गया है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण ने अयोध्या को वैश्विक मानचित्र पर ला दिया है। त्रेतायुग में भगवान राम पुष्पक विमान से आए थे उसके बाद अब जाकर यहां बड़े-बड़े विमान यहां उतर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी व श्रीरामलला के दरबार में टेका मत्था

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। सीएम योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां पहुंचकर उन्होंने हनुमानजी की आरती उतारी और दर्शन पूजन किया। उसके बाद आयोजित 'श्री हनुमत कथा मण्डपम' के लोकार्पण समारोह में पहुंचे। यहां से वह श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे और भगवान श्रीराम से देश और प्रदेशवासियों के कल्याण व सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री इससे पहले 10 मई को अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण करने पहुंचे था। बता दें कि मुख्यमंत्री जी का मई माह में यह दूसरी बार अयोध्या दौरा है। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में राम मंदिर से जुड़े ट्रस्ट के सदस्यों से



व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में साष्टांग दंडवत होकर प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की। राम मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिसर में ही ट्रस्ट के सदस्यों के साथ एक संक्षिप्त बैठक की। सीएम ने मंदिर के निर्माण कार्य के प्रगति और परकोटा निर्माण की जानकारी ली। मंदिर में स्थापित किये जा रहे देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बारे में भी जानकारी की।

## कार्तिक ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा की पास



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** किरण बहादुर उर्फ़ केबी के ज्येष्ठ पुत्र कार्तिक राज ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6) में सफलता प्राप्त की है। यह परीक्षा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ह्ल्ञ्) द्वारा आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम 22 मई को अधिकारिक वेबसाइट पर घोषित किए गए। कार्तिक की इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है।इस उपलब्धि के लिए कार्तिक ने अपने माता-पिता, गुरुजनों और मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि यह सफलता उनके आशीर्वाद एवं सतत प्रेरणा का परिणाम है।

## साथी को बचाकर खुद शहीद हो गए लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हर मुश्किल घड़ी में भारतीय सेना को हम अपने सामने पाते है। युद्ध हो अथवा कोई आपदा सैनिक हमेंशा उसके समक्ष अपना सीना तानकर खड़ा रहा है। किसी के लिए आने वाली मौत को आगे बढ़कर अपने सीने पर लेने के सैनिक हमेंशा तत्पर रहता है। इसका परिचायक बने है लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी, जो अपने साथी जवान को बचाने के लिए शहीद हो गए। उनका अदम्य साहस व वीरता की गाथा इतिहास पन्नों सदा के लिए कैद हो गई। लेकिन यह गाथा हर देशभक्त के लिए पथ प्रदर्शन बनी रहेगी। अयोध्या जनपद के मंझवा गद्दोपुर के रहने वाले शशांक तिवारी का जन्म 24 जनवरी 2002 को हुआ था। उन्होंने 14 दिसम्बर 2024 को सेना में कमीशन प्राप्त किया था। सिक्किम उनकी पहली तैनाती थी। टीओबी चू जंक्शन सिक्किम में रुट ओपनिंग के दौरान बटलियन सिक्किम एकाउट्स के जवान एवी एटीफन सुब्बा एक ब्रिज पार करते समय बहाव में गिर गए। अपने साथी को डूबते देखकर शशांक ने अपनी जान की परवाह किए बिना पानी में छलांग लगा दी। उन्होंने स्टीफन को बचा लिया लेकिन खुद को पानी के तेज बहाव से बचा नहीं सके। काफी प्रयासों के बाद उनका शव लगभग 800 मीटर नीचे धारा पर मिला। शशांक के अपने माता पिता की इकलौती संतान थे। उनके पिता जंग बहादुर तिवारी मचेंट नेवी मे कार्यरत है। जिन्हें सूचना दे दी गई है। वह फ्लाइट से अयोध्या आ रहे है।

22 साल के शशांक का पार्थिव शरीर शुक्रवार की देर शाम तक अयोध्या पहुंचेगा। शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ जमथरा घाट पर अंतिम संस्कार होगा। शशांक घर के इकलौते बेटे थे। 2019 में उनका सिलेक्शन एनडीए में हुआ था। पिछले साल उन्हें कमीशन मिला और पहली पोस्टिंग सिक्किम में हुई।

शहीद लेफ्टिनेंट की मां नीता तिवारी का स्वास्थ्य खराब रहता है। उन्हे अभी तक शहीद होने की जानकारी नही दी गई है। उन्हें अब तक बेटे की मौत की खबर नहीं दी गई है। शशांक की बड़ी बहन दुबई में रहती हैं, लेकिन अभी अयोध्या में हैं। एक-दो करीबी रिश्तेदार भी घर पहुंच गए हैं। किसी ने भी मां को बेटे की मौत की खबर नहीं दी। रिश्तेदारों का कहना है कि पिता के आने के बाद ही मां को बेटे की शहादत के बारे में बताया जाएगा। क्योंकि, मां को पता लगा तो उनको संभाल पाना मुश्किल होगा।शशांक के मामा राजेश दुबे के अनुसार शहर के जेबीए एकाडमी से 2019 में इंटर की परीक्षा पास करने के बाद उसका सिलेक्शन एनडीए में हो गया था।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समर्थन में समाजसेवी राजन पांडेय के आवास पर हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजसेवी राजन पांडेय जी के कुमारगंज स्थित आवास पर प्रबुद्ध समाज की एक बैठक हुई। बैठक को समाजसेवी राजन पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के ऊपर समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल से की घटिया टिप्पणी से पूरा प्रदेश आहत है क्योंकि उनके दिवंगत मां बाप को लेकर जिस तरह टिप्पणी की गई है वो अक्षम्य है। राजन ने आगे कहा कि राजनीति में सहमति असहमति आरोप प्रत्यारोप सब चलते आए है और चलते रहेंगे पर समाजवादी पार्टी के लोग इस ओछी स्तर पर आकर टिप्पणी करेंगे ये अकल्पनीय था उन्होंने आगे कहा कि श्री ब्रजेश पाठक जी एक संवैधानिक पद को सुशोभित कर रहे है ये हम सभी का कर्त्तव्य है कि उस पद के गरिमा के खिलाफ नकारात्मक टिप्पणी न करे। राजन ने आगे कहा उपमुख्यमंत्री की दिवंगत मां को गाली देने का तात्पर्य पूरे मातृशक्तियों को गाली देना है जिसे मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेंगी। समाजसेवी ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव से मांग किया है कि जिसने भी ऐसे घटिया टिप्पणी कर समाज में वैमनस्यता पैदा करने की कोशिश की है उसको तत्काल पार्टी से बाहर करना चाहिए क्योंकि ब्रजेश पाठक की मां उनकी भी मां है और मां पर ऐसी टिप्पणी करने वाले को कभी माफ नहीं करना चाहिए। इस अवसर गजराज मिश्रा फौजी सुरेश मिश्रा राजेंद्र तिवारी राज नारायण पांडेय ओमप्रकाश यादव राजू पांडेय अभिषेक तिवारी महाकाल सोनू मिश्र हरीश तिवारी राजेश उपाध्याय सुनील तिवारी विक्की दुबे रवि तिवारी बमबाहादुर पांडेय त्रिलोकीनाथ पांडेय राजन शुक्ल मोनू तिवारी अनिल मिश्रा मोंटी शुक्ला अंकित पांडेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग किया



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग को लेकर जिलाधिकारी को दिया पत्र। आंगनवाड़ी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन महराजगंज इकाई के जिलाध्यक्ष छाया भारती ने बताया कि 20 मई 2025 से सभी प्राइमरी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश है । जबकि ज्यादातर विद्यालयों में आंगनवाड़ी केंद्र संचालित है और 3 से 6 वर्ष के बच्चों का इस भीषण गर्मी में आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहुंचना व बैठाना बेहद कष्टदायक है। ऐसी हालात में सभी आंगनबाड़ी कर्मचारी/ सहायिका द्वारा समय समय पर टेक होम राशन वितरण, गृह भ्रमण टीकाकरण आदि कार्यों को सुचारू रूप से किया जाएगा।

## कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा बैंक शाखा

**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र अंतर्गत एक मुख्य कस्बा कोल्हुई बाजार में स्थित भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। बैंक में 6 काउंटर लोगों के कार्य हेतु बनाए गए हैं । परंतु इस समय मैनेजर, फील्ड अफसर को छोड़ दिया जाय तो केवल उपभोक्ता के काम को करने के लिए केवल 2 लोग ही उपस्थित हैं। इसमें से यदि कोई अवकाश पर हो जा रहा है तो जनता का कार्य समय से नहीं हो पा रहा है। बैंक परिसर में मौजूद उपभोक्ताओं ने नाराजगी जाहिर किया। वही बैंक के एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि उपभोक्ताओं का काम समय पर करने की कोशिश किया जाता हैं।

## टोल आंदोलन को फैजाबाद बार एसोसिएशन ने किया समर्थन

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन अयोध्या द्वारा जनपद अयोध्या में संचालित सभी टोल प्लाजो को बंद करने या जनपद वासियों के लिए फ्री करने की मांग को लेकर चलाए जा रहे हैं आंदोलन को फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या ने समर्थन किया है और जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन को समर्थन पत्र देते हुए हर संभव कानूनी तथा आंदोलन स्थल पर मदद करने का भरोसा दिलाया। फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या के सामान्य सदन की बैठक में अखंड प्रताप यादव एडवोकेट द्वारा जनपद में अवैध रूप से संचालित सभी टोल प्लाजो को बंद करने या जनपद वासियों तथा अधिवक्ताओं के लिए फ्री करने और भारतीय किसान यूनियन द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन को समर्थन करने का मामला उठाया सदन उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने गर्म जोशी से समर्थन किया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा तथा जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने बार एसोसिएशन अयोध्या का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि टोल बंद करने के आंदोलन को समर्थन देकर हौसला बढ़ाने का कार्य किया है। जिसके कारण लड़ाई को मजबूती मिली है।

# मलवरी स्कूल के 4 छात्रों का सैनिक स्कूल में चयन









*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** आल इंडिया स्तर पर भारत के 31 सैनिक स्कूल में दाखिले के लिए हुए प्रवेश परीक्षा के परिणाम में सिसवा स्थित मलवरी स्कूल के चार अलग-अलग कक्षाओं के लिए छात्रों का चयन हुआ है। परीक्षा एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में पूरे भारत के लगभग 4 लाख छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। 22 मई 2025 को घोषित परीक्षा के परिणाम में कक्षा 9 के लिये मलवरी स्कूल के छात्र नजीफ सैफ पुत्र सैफ आलम , सृष्टि शुक्ला पुत्री दीनानाथ शुक्ला व कक्षा 6 के लिये शशांक सुलतानिया पुत्र अवधकिशोर सुलतानिया , जाह्नवी जायसवाल पुत्री अजय कुमार जायसवाल के चयन ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। इस परिणाम से अभिवावक व अध्यापकों में प्रश्नता देखी गई है। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी के सदस्य भजन गायक व विद्यालय के संरक्षक अमित अंजन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मनोरोग की घंटी है ओवर-थिंकिंग : डा. आलोक



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** ओवर-थिंकिंग या अनचाहे विचारों से ग्रसित रहने तथा आत्मविश्वास मे कमी के कारण दिनचर्या के कार्यों में कुछ अधूरा, या गलत रह जाने के भयवश कृत्य को बार-बार दोहराने, चेक व रिचेक करने की रुग्ण मनोदशा ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर-ओसीडी या जुनूनी मनोबाध्यता-विकार कहलाती है। चिंतालु व परफेक्शनिस्ट व्यक्तित्व विकार में ओ सी डी से ग्रसित होने की सम्भावना अधिक पायी जाती है। ऐसे लोगों में सोशल फोबिया, क्लास्ट्रोफोबिया, अगोराफोबिया, जनरलाइज्ड फोबिया, परफारमेंस फोबिया जैसे अन्य भय भी दिखते है। पैनिक-अटैक या तीव्र घबराहट के दौरे भी पड़ सकते है। आगे चलकर ओ सी डी का मरीज मूड डिसऑर्डर, डिप्रेशन व सिजोफ्रेनिया का भी शिकार हो सकता है। ओ सी डी का मनोशारीरिक या साइकोसोमैटिक असर भी होता है। ओसीडी जनित मेन्टल स्ट्रेस से कार्टिसाल व एड्रेनिल हॉर्मोन बढ़ जाता है जिससे चिंता, घबराहट, डर,भय, एडिक्टिव इटिंग,आलस्य, मोटापा, अनिद्रा,हृदय की असामान्यत अनुभूति या कार्डियक न्यूरोसिस, पेट खराब रहना या गैस्ट्रिक न्यूरोसिस व नशे की घातक स्थिति पैदा हो सकती है। यह बातें आर्मी पब्लिक स्कूल में आयोजित एंग्जाइटी- डिसऑर्डर अवेयरनेस टाक-शो में जिला चिकित्सालय के मनोपरामर्शदाता डा. आलोक मनदर्शन ने बतायी। डा मनदर्शन के अनुसार स्ट्रेस व एंग्जायटी एक हफ्ते से ज्यादा महसूस होने पर मनोपरामर्श अवश्य लें। किसी कार्य को सामान्य से अधिक समय तक करने या दोहराने के जूनून व बाध्यता के प्रति जागरूक रहें। स्वस्थ, मनोरंजक व रचनात्मक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल कर आठ घन्टे की गहरी नींद अवश्य लें। इस जीवन शैली से मस्तिष्क में हैप्पी हार्मोन डोपामिन ऑक्सीटोसिन, सेरोटोनिन व इंडोर्फिन हैप्पी हार्मोन का संचार होता है। प्रधानाचार्य धीरज श्रीवास्तव के निर्देशन तथा पूनम सिंह के संयोजन में आयोजित वार्ता सत्र में समस्त शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## नि:शुल्क धान बीज पाकर किसानों के चेहरे पर दिखी खुशी



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत कलस्टर प्रदर्शन के लिए सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने किसानों को नि:शुल्क धान बीज वितरण किया। निशुल्क बीज पाते ही किसानों के चेहरे खिल उठे। विधायक ने इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों और संसाधनों के साथ-साथ बीज उपलब्ध कराती है। जिससे उनकी फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। विधायक ने कहा कि यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य देश में खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ाना है। जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान वर्ष 2007-08 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य खेती के रकबे का विस्तार और उत्पादकता बढ़ाने के माध्यम से चावल गेहूं और दालों के उत्पादन को बढ़ाना। मिट्टी की उर्वरता और उत्पादकता में सुधार करना। रोजगार के अवसर पैदा करना और कृषि पर आधारित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर तकनीकी सहायक ने वैज्ञानिक खेती पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# कारीडीहा चौराहे से किशुनपुर तक गड्ढे में तब्दील हुई सड़क

*अवधनामा संवाददाता*



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** कोठीभार क्षेत्र अंतर्गत सिसवा विकास खंड के कारीडीहा चौराहे से किशुनपुर तक जाने वाले सड़के गड्ढे में तब्दील हो गई है। सड़क लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है आए दिन बाइक सवार सड़क के गड्ढों में फंसकर घायल हो रहे हैं वहीं मार्ग पर लोगों का पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है। कारीडीहा चौराहे से किशुनपुर होते हुए मुंडेरा तक जाने वाले सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। एक दशक बनी यह सड़क जगह जगह उजड़ चुकी है और सड़कों में केवल गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इस बदहाल सड़क पर लोगों का चलना दुश्वार हो रहा है। आए दिन बाइक सवार सड़क के गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं और दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों को कहना है कि यह सड़क सन् 1991 में प्रधानमंत्री सड़क योजना द्वारा बनाया गया था जो कि आज तक 34 वर्ष हो चुकी है और निर्माण के बाद एक बार भी सड़क की नहीं हुई मरम्मत और सड़क जर्जर व गड्ढों में तब्दील हो गयी है जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं को आने-जाने में परेशानी हो रही है और बारिश में इस सड़क से गुजरना और भी मुश्किल हो जाता है, क्योंकि सड़क में बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है तब यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि गड्ढा कितना गहरा है ऐसे में लोग गड्ढे में फंस कर गिरते रहते हैं और बरसात के सीजन आते ही गड्ढे में जल जमा हो जाता है जिस स्कूल बच्चों के ड्रेस खराब हो जाते है और ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## 24 घंटे के अंदर अपहृता किशोरी बरामद

**मिठौरा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पिता का आरोप है कि वृहस्पतिवार सुबह चार बजे उसकी नाबालिग बेटी को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया।जिसकी काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। जिसपर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना व पीड़िता के मोबाइल लोकेशन के आधार पर शुक्रवार को दोपहर तीन बजे भेड़िया चौराहे के पास किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी।

## डीआइजी ने श्यामदेउरवा थाने का किया निरीक्षण

### अपराधियों और संदिग्धों पर रखी जाए नजरः डीआईजी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना परिसर में शुक्रवार को डीआईजी रेंज गोरखपुर के वार्षिक निरीक्षण के पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गयी। डीआईजी रेंज आनंद कुलकर्णी ने शुक्रवार को वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि अपराधियों और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जाए। शरारती तत्वों को मुचलकों में पाबंद किया जाए। इसके साथ ही हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखी जाए। महिलाओं के साथ होने वाले अपराध को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करें। शुक्रवार को डीआईजी रेंज आनंद कुलकर्णी ने थाना श्यामदेरवा का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने हवालात, मालखाना, थाना कार्यालय के दस्तावेजों की गंभीरता से जांच की। इसके अलावा थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बंदीगृह, मेस, शस्त्रों का रखरखाव जायजा लिया। उन्होंने महिला अपराधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि जन शिकायत पोर्टल की शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराया जाए। डीआइजी ने ग्राम प्रहरी को टॉर्च एवं छाता वितरण किया। साथ ही कहा कि ग्राम प्रहरी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इन दिनों गांव के असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने की जरूरत है। साथ ही अन्य गैरकानूनी गतिविधियों की जानकारी अपने बीट पुलिस अधिकारी के माध्यम से अपने थाने को दें ताकि शांति व्यवस्था बरकरार रह सके।

## संजय मोदनवाल को विश्व हिंदू रक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर लोगों ने दी बधाई



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत बढ़नी निवासी युवा नेता संजय मोदनवाल को विश्व हिंदू रक्षा संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर शुभचिंतकों द्वारा बधाई का तांता लगा हुआ है। उनके मनोनयन पर क्षेत्र के तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। कस्बे के वार्ड नंबर 11 निवासी, समाजसेवी व युवा नेता संजय कुमार मोदनवाल को गत दिवस विश्व हिंदू रक्षा संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए संगठन ने उनसे निष्ठावान रहते हुए देश हित में निरंतर कार्य करने की अपेक्षा की है। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर संजय कुमार ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास से उन्हें यह जिम्मेदारी दी है, उसपर मै खरा उतरने की कोशिश करूंगा। संगठन के हित व लक्ष्य में सदा कार्य करूंगा। युवा नेता संजय कुमार को जिले का प्रभार मिलने पर तमाम शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## वरिष्ठ नागरिकों/अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कैम्प का आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत शुक्रवार को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, सिद्धार्थनगर में 70 एवं 70 से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों/अधिवक्ताओं का आयुष्मान कार्ड निर्गत करने हेतु आयुष्मान कार्ड कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का आयोजन आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कैम्प में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, सीनियर अधिवक्ता शेखर सिंह, आर के सिंह, बीरेन्द्र श्रीवास्तव, पी एन सिंह, गजेंद्र नाथ पांडे, काजी खलीकुर्रहमान, परमात्मा प्रसाद मिश्र एवं जिला संतुक्त चिकित्सालय के आयुष्मान भारत के ऑपरेटर रवि पासवान, नवीन श्रीवास्तव मौजूद रहे। समन्वयक डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि अब तक जनपद के 25,760 वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड निर्गत किया जा चुका है। राज्य स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों का कार्ड बनाने में जनपद की रैंकिंग 5वी है।

## भारत-नेपाल सीमा का उच्च अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत नेपाल की सीमा पर स्थित खुनुवा बार्डर का औचक निरीक्षण बस्ती मंडल के कमिश्नर अखिलेश कुमार, पुलिश उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र दिनेश कुमार पी, डा0 राजा गणपति आर व एसपी अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। उच्च अधिकारियों द्वारा बार्डर पर अतिक्रमण, भारत नेपाल सीमा मेन रोड खुनुवा बार्डर पर बन रहे गेट व नो मेन्स लैंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अखिलेश कुमार ने बार्डर पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को तस्करी, भारत नेपाल सीमा से आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग व बार्डर क्षेत्र में हों रहें अपराध के रोकथाम के कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम डा0 राजा गणपति आर, एसपी अभिषेक महाजन, उज्जवल दत्ता कमान्डेंट 43वी वाहनी, शोहरतगढ एसडीएम राहुल सिंह,सीओ सुमित राय, एस एस बी के असिस्टेंट कमान्डेंट आशीष राघव, इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीना, शोहरतगढ थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी,खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी के साथ बार्डर पर तैनात सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत परिवार को मिला दो लाख रुपए का आर्थिक सहयोग




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिठ्वल विकास क्षेत्र के बांसी-खलीलाबाद मार्ग स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा तेलौरा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के परिवार को दो लाख रुपए की बीमा राशि आर्थिक सहायता के रूप में दी गई है। खाता धारक मृतिका सुशीला देवी, निवासी तेलौरा, विकाश क्षेत्र मिठ्वल के नॉमिनी उनके पति हजारी प्रसाद को बीमा क्लेम के रूप में दो लाख रुपए की बीमा राशि शाखा प्रबंधक नुपुर राय द्वारा सौंपी गई। मंगलवार को उनके खाते में इस राशि का भुगतान कर दिया गया है। शाखा प्रबंधक नुपुर राय ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत बैंक बहुत कम प्रीमियम पर यह बीमा सुविधा प्रदान करता है। अधिक से अधिक लोगों को यह बीमा बैंक से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता शिविर लगा कर लोगों को जागरुक कर बीमा व बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## कारवाने इमाम रज़ा अस जलालपुर से पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्रा के लिये रवाना



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शिया समुदाय में पवित्र तीर्थ स्थलों की यात्राएं व्यक्तिगत रूप से और कारवां के रूप में उत्साह, भक्ति, प्रेम और जुनून के साथ जारी रहती है। लगभग चौदह सौ वर्ष बीत जाने के बाद भी दुनिया के लोग सैय्यद अल-शुहादा हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) के चमत्कारों से आश्चर्यचकित हैं। आज दुनिया में इमाम हुसैन (अ.स.) के नाम पर जितना धन खर्च किया जा रहा है, उतना धन दुनिया में किसी अन्य धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या सांस्कृतिक नेता के नाम पर खर्च नहीं किया जाता। ये विचार इमाम रजा के काफिले के शिक्षक मौलाना मुहम्मद हैदर ने पवित्र तीर्थस्थलों की तीर्थयात्राओं की श्रृंखला में मजलिस सैयद अल-शुहादा के दौरान व्यक्त किए। मौलाना ने आगे कहा कि यात्रा अल्लाह की इच्छा के अनुसार एक बहुत लोकप्रिय कार्य है।

## खबर का असर : सरयू नहर में पहुंचा पानी किसानों और पशुपालकों में खुशी की लहर

**अवधनामा संवाददाता**




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित बलरामपुर-बाँसी सरयू नहर में आखिरकार पानी पहुंच गया है, जिससे डुमरियागंज और उसके आसपास के दर्जनों गांव में जश्न का माहौल है। पानी आने की खबर बिजली की तरह फैली और हल्लौर गांव सहित अन्य समीपवर्ती इलाकों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों, ग्रामीणों और पशुपालकों तक सभी नहर का पानी देखने के लिए उमड़ पड़े।

पानी की समस्या को लेकर अवधनामा ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया जिसको संज्ञान में लेते हुए नहर प्रशासन को नहर में पानी छोड़ना पड़ा। यह दृश्य क्षेत्र के लिए पानी के महत्व को दर्शाता है, जो दशकों से किसानों और आम जनता के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। पानी की उपलब्धता ने किसानों में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। खरीफ की बुवाई का समय नजदीक आने के साथ, किसानों ने तुरंत धान की नर्सरी तैयार करने के लिए पानी की बहुत आवश्यकता थी। नहर के किनारे स्थित खेतों में किसान अब तेजी से रोपाई के लिए अपनी पौध तैयार कर सकेंगे। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उन्हें पर्याप्त पानी मिलेगा, जिससे उनकी फसलें बेहतर होंगी और पैदावार में वृद्धि होगी। यह पानी इस कृषि प्रधान क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित होगा, विशेष रूप से ऐसे समय में जब मानसून अभी पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुआ है। किसानों का कहना है कि नहर में पानी आने से सिंचाई की पुरानी समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। अब वे समय पर अपनी फसलों की बुवाई और सिंचाई कर पाएंगे, जिससे उन्हें बेहतर मुनाफा होने की उम्मीद है। वहीं, पशुपालकों के लिए भी यह राहत भरी खबर है। अब उनके पशुओं को पीने के लिए और नहाने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होगा। कुल मिलाकर, सरयू नहर में पानी का आगमन डुमरियागंज क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक और बहुप्रतीक्षित घटना है। यह न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा और ग्रामीण जीवन में खुशहाली लाएगा। स्थानीय प्रशासन और जल संसाधन विभाग की भी इस पहल के लिए सराहना की जा रही है, जिससे क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को सीधा लाभ मिल सकेगा।

## गांव की समस्या गांव में समाधान हेतु ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ चौपाल

### पेंशन, आवास, सार्वजनिक नाली एवं रोड निर्माण का उठा मुद्दा

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुनुवां एवं अठकोनिया के पंचायत भवन में गांव की समस्या गांव में समाधान करने हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खुनुवां में चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव राम स्वरुप गुप्ता ने की, तो वहीं अठकोनिया चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव लालचन्द चौधरी ने की है।

खुनुवां में चौपाल कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए रामस्वरूप गुप्ता व अठकोनिया में चौपाल कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए सचिव लालचन्द चौधरी ने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। दोनों चौपाल कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए आरबीआई प्रतिनिधि सन्तोष शुक्ला ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या संबृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजनाओं के साथ आर्थिक उन्नति, बैंकिंग बीमा और साइबर क्राइम के रोकथाम आदि को लेकर लोगों को जागरूक किया। वहीं चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटना योजना, जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए सचिवों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस दौरान खुनुवां में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सचिव रामस्वरूप गुप्ता, ग्राम प्रधान संजय कुमार, रोजगार सेवक रणजीत, पंचायत सहायक रीमा भारती आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रमिला मिश्रा, विजय लक्ष्मी, सफाई कर्मचारी विजय बहादुर, खजांची, धर्मराज यादव, खुलूर, रामसजीवन, शान्ति, उर्मिला आदि मौजूद रहें। इसी क्रम अठकोनिया में आयोजित कार्यक्रम में लालचन्द चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि विंध्याचल गिरी (बहरैची बाबा), पंचायत सहायक सपना गोस्वामी, रोजगार सेवक रणजीत, सुरेन्द्र गुप्ता, रामसाकल पाल, राममिलन पाल, यारुल्लाह, नासिर अली, जगदीश पाल, रामगोपाल पाल, नज़ाबू नजाबुद्दीन आदि मौजूद रहें।

## मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती ने किया नेपाल बार्डर बढ़नी एवं खुनुवां का निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** कमिश्नर बस्ती खिलेश कुमार सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती दिनेश कुमार पी द्वारा डॉ राजा गणपति आर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, कमाण्डेंट एसएसबी उज्ज्वल दत्ता, आईबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ एसएसबी कैम्प बढ़नी में भारत नेपाल सीमा पर अवैध अतिक्रमण, मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों, नशीली दवाओं/अवैध शराब आदि की तस्करी व सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम हेतु गोष्ठी किया गया तथा बढनी व खुनवा अंतर्राष्ट्रीय बार्डर का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रशांत कुमार अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी सदर, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी शोहतरतगढ, एसडीएम शोहरतगढ राहुल सिंह, निरीक्षक अभिसूचना इकाई, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, कस्टम, आईबी, एसएसबी के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## युवती को धारदार हथियार से किया जानलेवा हमला आरोपी ने पुलिस कस्टडी से भागने का किया असफल प्रयास

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** दिनांक 22.05.2025 को रात्रि 08:15 पर थाना को0 टाण्डा पर सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा टाण्डा में एक युवक द्वारा एक युवती को दाढ़ी बनाने वाले उस्तरे से हाथ पर तथा गर्दन की साइड पर जान से मारने की नियत से वार कर दिया है जिससे लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई है।

सूचना प्राप्त होने पर थाना अध्यक्ष टांडा व थाना अध्यक्ष अलीगंज तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। प्राथमिक जांच में पता चला कि असगर उर्फ अदीब का मजरुबा लड़की की सहेली से प्रेम प्रसंग था मजरुबा लड़की अपनी सहेली से असगर उर्फ अदीब से किसी भी प्रकार का सम्बन्ध न रखने के लिए कहती थी। इस बात से नाराज होकर आरोपी असगर उर्फ अदीब ने लड़की के अपने काम से वापस लौटते समय छज्जापुर उत्तरी गली में दाढ़ी बनाने वाले उस्तरे से गले के बाएं तरफ व दाहिने हाथ की कलाई के उपर जान मारने की नियत से हमला कर दिया। जिससे लड़की गम्भीर रुप से घायल हो गई जिसे आसपास के लोगों द्वारा घायल अवस्था में प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी टाण्डा ले जाया गया जहाँ मौजूद चिकित्सको द्वारा उच्च उपचार हेतु मजरुबा को सद्दरपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। प्राणघातक हमला करने के उपरान्त अभियुक्त असगर उर्फ अदीब को आसपास के लोगो के द्वारा पकड़ लिया गया और काफी मारा पीटा गया जिससे अभियुक्त को काफी चोटें आयीं। कोतवाली क्षेत्र में भ्रमणशील पुलिस बल द्वारा जनता के गुस्से से अभियुक्त को बचाते हुए प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी टाण्डा भर्ती कराया गया । जहां से चिकित्सको द्वारा अभियुक्त को पुलिस निगरानी में जिला अस्पताल भेजा दिया गया।

## पीएचसी पर आयुष के चिकित्सक कर रहे उपचार

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थायी चिकित्सक न होने से गुरुवार को मरीजो के स्वास्थ्य का परीक्षण व उपचार आयुष के



चिकित्सक डा विवेकानंद ओपीडी कक्ष में बैठ कर कर रहे थे। बार-वार चिकित्सक के बदलने से केंद्र से मरीज दूरी बना रहे है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा सुनील कुमार की तैनाती थी। चिकित्सीय व्यवस्था सुचार रुप से चल रहा था। 30 अप्रैल को सीएमओ ने इनका स्थानांतरण फिर सीएचसी साऊंघाट कर दिया। जब कि दो माह पूर्व सांऊघाट से कुदरहा पीएचसी पर योगदान दिए थे। स्थानंतरण के खेल में सीएमओं ने 5 मई को चिकित्साधिकारी सीएचसी विक्रमजोत के डा अभिषेक सहाय को पीएचसी पर तैनात तो कर दिया लेकिन अभी तक केंद्र पर आ कर कार्यभार ग्रहण नही दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी कुदरहा डा फैज वारिस ने व्यवस्था को चलाने के लिए पीएचसी पर आरबीएसके टीम के आयुष के चिकित्सक डा विवेकानंद से ओपीडी का कार्य करा रहे है। विभाग के इस खेल ने पीएचसी से मरीजो को दूरी बनाने के लिए विवश कर दिए और मरीजों की संख्या घट कर 40 से 45 हो गयी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा फैज वारिस ने बताया कि डा सहाय से कुंभ मेले मे नोडल बनाए गए थे। अभी तक वे वहां से रिलीब नही हो पाए है। आयुष चिकित्सक से किसी तरह काम कराया जा रहा है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियो को भी दी गयी है।

## ग्राम पंचायत परसा दिवान व महादेव खुर्द में लगा चौपाल, गाँव की समस्या गाँव में समाधान

### ग्राम पंचायत भवन पर चौपाल कार्यक्रम हुआ सम्पन्न






**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी अन्तर्गत ग्राम पंचायत परसा दिवान में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव जगजीवन प्रसाद ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना, राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव जगजीवन प्रसाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय यादव, रोजगार सेवक राम नरेश, पंचायत सहायिका इन्द्रावती पांडे, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री इन्द्रावती सहित ग्रामवासी शिवलाल, कन्हैयालाल, राज भारती, धर्मेन्द्र आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्राम चौपाल बैरिया खुर्द में एम आई संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभाग से संबंधित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार गुप्ता ने सड़क, पानी, आवास, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन आदि के बारे में जानकारी दिया। उक्त अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अजय प्रताप यादव, आदित्य पटेल, रामकुमार यादव, राम निवास, छेदी, मनीराम, विनय गुप्ता, राम गोपाल, राम कुमार सोहरता देवी आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खलिहान की जमीन पर बने मदरसे को कमेटी के लोगों ने जेसीबी से ढ़हवाया

**अवधनामा संवाददाता**



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सदर तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिगरहा में बाईस मंडी खलिहान की जमीन पर लगभग पैंतालीस वर्ष पहले बने मदरसे को प्रशासन के आदेश पर शुक्रवार को जेसीबी द्वारा मदरसे के कमेटी ने स्वयं ढहा दिया। चूंकि शासन व प्रशासन ने सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश था कि सरकारी जमीन पर बने मस्जिद मन्दिर मदरसे सहित तमाम रिपोर्ट मांगा गया था। जिसके तहत ग्राम सिंगरहा का मदरसा अरबिया दारुल उलूम धंधरा सिंगरहा खलिहान के जमीन पर निर्माण क्षेत्र के सहयोग से कराया गया था। प्रदेश में कार्रवाई को देखते हुए कमेटी के लोग परेशान थे कुछ दिन पहले प्रशासन ने स्वयं ढहाने की सूचना दिया था और कहां था कि अगर स्वयं से ढहा देंगे तो कोई कानूनी कार्यवाही नहीं होगी। जिसके तहत मदरसे के कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि हम लोग स्वयं गिरा देंगे। जिसके के तहत कमेटी के लोगों ने मदरसे में रखे सामान व शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को हटाकर स्वयं जेसीबी बुलाकर मदरसे को खड़ा होकर ध्वस्त करा दिया गया। इस दौरान हल्का लेखपाल सुवाष चन्द्र ने बताया कि इस सम्बन्ध में सूचना कमेटी को दिया गया था।जिसके तहत स्वयं कमेटी के लोगों ने जेसीबी बुलाकर मदरसे को ढ़हा दिया। मदरसा अरबिया दारुल उलूम धंधरा सिंगरहा के प्रबंधक मौलाना मोहम्मद हनीफ ने दुखी मन से बताया कि अंजान में लगभग 1979 में मदरसे का निर्माण चालू हुआ था। क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने के लिए मै रात दिन मेहनत कर बनाया था और सुचारु रूप से चल भी रहा था। लेकिन आज मेरे मेहनत पर पानी फिर गया।इस तरह की कार्रवाई पता रहती तो ऐसी ग़लती नही होती। यहां पढ़ रहे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। वहां शिक्षा हासिल कर रहे छात्रों ने बताया की हम बच्चे कहा शिक्षा हासिल करेंगे।

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारु चौधरी ने जिला अस्पताल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर जिले के जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण के लिए पहुंची राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने यहां पर उन्होंने एक मरीज से उनका हालचाल जाना। उसके बाद सरकारी अस्पताल में मिली रही सुविधाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्हें जिले अस्पताल में कई तरह की खामिया मिली।अव्यवस्थाओं देखकर जिम्मेदार डॉक्टरों और कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने बताया कि सरकार जिला अस्पताल में हर प्रकार की सुविधाएं दे रही है उसके बावजूद भी यहां पर मरीजों को सुविधाएं नहीं मिल रही है। चारु चौधरी कहा कि मरीजों को बाहर से दवाइयां न लिखी जाए क्योंकि गरीब लोग जब पैसे देकर ही इलाज कराएंगे तो सरकारी अस्पताल में क्यों आएंगे। इस दौरान एक एक मरीज के चार चार अल्ट्रासाउंड जांच को लेकर डॉक्टरों को नसीहत दी। उन्होंने कहा कि 200 बेड के अस्पताल में ऑपरेशन होने वाले मरीजों की संख्या 3 से तक थी, जबकि ओपीडी के रजिस्टर में मरीजों की संख्या 25 से 30 दर्ज की गई थी। मरीजों ने यह भी बताया कि प्रति ऑपरेशन में 3 से 4 हजार रूपये की यहां वसूली भी की जाती है। दवा काउंटर पर पहुंची तो वहां लाइन में लगे मरीजों से उनका पर्चा लिया और पूंछा की सब दवा मिलती है यहां तो जवाब मिला नहीं, कुछ बाहर से लेना पड़ेगा, और यही बात उनके सरकारी पर्चे में भी डॉक्टर ने लिखी थी। जिला अस्पताल की ये दुर्दशा देखकर चारु चौधरी काफी नाराज हुई, उन्होंने सीएमएस पी एन यादव को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने पी एन यादव को निर्देश दिया कि यहां पर डॉक्टरों की मॉनिटरिंग के लिए बायोमेट्रिक मशीन लगाई जाए जिससे डॉक्टर समय से जिला अस्पताल में आए और समय से जाय। उन्होंने बताया कि मैं 15 दिन की वहां की व्यवस्था में सुधार करने का अल्टीमेटम दे रही हूं, उसके बाद मैं स्वयं यहां आऊंगी।

## बारात नहीं, कूटनीति है

शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के संसदीय दल के नेता संजय राउत कह रहे हैं कि यह बारात भेजने की जरूरत नहीं है। यह सिर्फ 'टूरिज्म प्रोग्राम' चल रहा है।' कांग्रेस दो बिंदुओं पर अटकी है। वह राष्ट्रपति ट्रंप को 'अमरीकी पापा' और 'अमरीकी फूफा' कहते हुए युद्धविराम पर सवाल पूछ रही है। क्या ऐसा तंज कूटनीति में उचित और स्वीकार्य है? लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार पूछ रहे हैं कि हमारे कितने लड़ाकू विमान नष्ट हुए? पाकिस्तान को हमले से पहले जानकारी देकर सचेत करना विदेश मंत्री जयशंकर की चूक नहीं, एक अपराध है। प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि देश को जानने का अधिकार है। विपक्षी खेमे में कांग्रेस के साथी दलों-सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार), झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कॉन्फ्रेंस-को मौजूदा संवेदनशील दौर में भारत सरकार के निर्णयों पर आपत्ति नहीं है और वे सवाल, संदेह जताने के बजाय 'राष्ट्रीय एकजुटता' का प्रदर्शन कर रहे हैं। कुछ 'काली भेड़ें' हैं, जिनके दलों के सांसद 'विशेष प्रतिनिधिमंडलों' के साथ विदेश भेजे जा रहे हैं। क्या यह प्रधानमंत्री मोदी की राजनीतिक विवशता है कि उन्हें 33 देशों के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए विपक्षी सांसदों और नेताओं का सहारा लेना पड़ रहा है? यह संदर्भ राजनीतिक दलों और विपक्ष का नहीं है, बल्कि राष्ट्र भारत का है। प्रतिनिधिमंडल 'भारत के राजदूत' हैं, किसी दल-विशेष के सांसद या नेता नहीं हैं। क्या इन प्रतिनिधिमंडलों को 'बारात' माना जा सकता है? इतनी क्षुद्र और घटिया राजनीति करने की विवशता क्या है? देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी तक स्पष्ट कर चुके हैं कि विदेश मंत्री ने ऐसा बयान नहीं दिया। पाकिस्तान को इतना सचेत नहीं किया गया कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सैयद सलाहुद्दीन, लखवी सरीखे खूंखार आतंकवादी भाग कर किसी सुरक्षित पनाहगाह में शरण ले सकें। वे निश्चित तौर पर हमारी सेनाओं के निशाने पर हैं।

पाकिस्तान में आजकल अज्ञात हमलावर भी खूब सक्रिय हैं, पाकिस्तान और कांग्रेस को यह भूलना नहीं चाहिए। सवाल है कि कांग्रेस बार-बार ऐसे बयान देकर देश को भ्रमित करने पर क्यों आमादा है? सेना के आधार पर हमारे सैन्य संचालन के तीनों महानिदेशकों ने भी ब्रीफ किया था कि हमारे सभी पायलट सकुशल घर लौट आए हैं। जाहिर है कि लड़ाकू विमान भी सुरक्षित लौट आए होंगे! फिर कांग्रेस और राहुल गांधी इस बयान को क्यों दोहरा रहे हैं कि पाकिस्तान को हमले की पूर्व जानकारी थी, लिहाजा हमने कुछ लड़ाकू विमान खोए होंगे! विडंबना यह है कि इधर कांग्रेस जो बयान दे रही है, उधर पाकिस्तान मीडिया की वे सुर्खियां बने हैं। ऐसी ही फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर चलाई जा रही हैं कि पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत के 5 राफेल विमान धराशायी कर दिए। वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ संसद में भी यही बयान देते हैं और खबर का आधार सोशल मीडिया बताते हैं। ऐसे मंत्रियों को चुल्लू भर पानी भी नहीं मिलना चाहिए। सवाल यह भी है कि कांग्रेस भारत सरकार के साथ खड़ी है अथवा पाकिस्तानी खबरों की सूत्र बनी है? बहरहाल जब भारत सरकार पाकपरस्त आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दुनिया के प्रमुख देशों को ब्रीफ करने के लिए 59 सांसदों-नेताओं के सात प्रतिनिधिमंडल भेज रही है, तब क्या दोगली राजनीति होनी चाहिए? हम पाकिस्तान के आतंकवादी चरित्र को नंगा करना चाहते हैं और हमारा ही राजनीतिक उथलापन दुनिया के सामने है। शर्मिन्दगी की बात है। शेष विश्व क्या सोचेगा? कांग्रेस की तरफ से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद, अमर सिंह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के हिस्सा हैं।

## हर बार हार करके भी जो न सुधरे वह पाकिस्तान


ओमप्रकाश 'सुमन'

भारत पाक युद्ध प्रथम इसे कश्मीर युद्ध भी कहा जाता है 22 अक्टूबर 1947 से शुरू होकर 1 जनवरी 1949 तक अर्थात 01 वर्ष 02 माह 10 दिन तक चला। 1947 में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के पहले और बाद में जम्मू एवं कश्मीर की रियासत पर नए भारत के बंटवारे पर हुए समझौते के अनुसार रियासतों को भारत या पाकिस्तान में शामिल होने का अधिकार था। कश्मीर के राजा महाराजा हरीसिंह अपनी रियासत को स्वतंत्र रखना चाहते थे वह किसी में जुड़ना नहीं चाहते थे।

अंग्रेजों के भारत छोड़ने के बाद कश्मीर रियासत पर पाकिस्तानी सैनिकों और पश्तूनों के कबीलाई लड़ाकों (जो की उत्तर पश्चिमी सीमा राज्य के थे) ने हमला कर दिया। कश्मीर के राजा इस डर से रियासत की फौज इनका सामना नहीं कर पाएगी , महाराजाने भारत से सैनिक सहायता मांगी भारत ने सैनिक सहायता के एवज में कश्मीर को भारत में विलय की शर्त रख दी। महाराजा के हामी भरने पर भारत ने इस विलय को मान्यता दी और रियासत को जम्मू कश्मीर राज्य के नाम से नया राज्य बना दिया । भारतीय में इसके विलय की वैधता पर पाकिस्तान असहमत था । जाति के आंकड़े उपलब्ध नहीं थे इसलिए महाराजा के भारत में विलय के पीछे क्या कारण थे यह कह पाना कठिन था । बादमें सीज फायर होने व मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में जाने पर यथास्थिति बनी रही कश्मीर के भाग1/3 पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है इसमें आजाद कश्मीर गिलगित बाल्टिस्तान थे कश्मीर के भाग 2/3 भाग भारत के कब्जे में है इसमें कश्मीर घाटी जम्मू लद्दाख शामिल थे। 1 जनवरी को रात्रि में युद्ध विराम की घोषणा की गई। भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 यह युद्ध पाकिस्तान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के बाद शुरू हुआ जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर में सेना का घुसपैठ कराना था ताकि भारत के शासन के खिलाफ विद्रोह को बढ़ावा दिया जा सके भारत पाकिस्तान युद्ध मुख्य रूप से कश्मीर के विवादित क्षेत्र पर दोनों देशों के बीच तनाव और विवाद के कारण हुआ। पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में घुसपैठ करके भारत के खिलाफ विद्रोह भड़कने की कोशिश की। यह भारत-पाकिस्तान का दूसरा युद्ध भी कहा जाता है यह 5 अगस्त 1965 से लकर 23 सितंबर 1965 तक चला। पाकिस्तान का काम था कि यहां के निवासियों को भारत के खिलाफ भड़काना भारत के शासन को कमजोर करना।

भारत ने पकिस्तान कि इस कार्रवाई को एक सैन्य चुनौती के रूप में देखा। उसने पश्चिमी पाकिस्तान पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमला करके जवाबी कार्यवाही की इस हमले का उद्देश्य पाकिस्तान को सीमा पर वापस धकेलना तथा कश्मीर में अपनी स्तिथि को मजबूत करना था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव के करण 23 सितंबर 1965 को दोनों देशों के बीच युद्ध विराम घोषित किया गया। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 10 जनवरी 1966मे एक समझौता हुआ यह भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 के युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति समझौता था जो सोवियत संघ के प्रधानमंत्री एलेक्सी कोसिगिन की मध्यस्थता मेंहआ था। समझौते पर भारतके प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूबखान ने हस्ताक्षर किए। भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की दुखद मृत्यु भी हो गई। समझौते में मुख्य बातें थी भारत और पाकिस्तान शक्तिका प्रयोग नहीं करेंगे और विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से निस्तारण करेंगे। दोनों देश अपनी सेनायें सीमा रेखा के पीछे हटा लेगे ।आपसी हित के मामले में शिखरवार्ता जारी रखेंगे। कोई देश किसी के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। राजनिक संबंध शुरू करने करने पर सहमति भी बनी आदि थे। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध 3 दिसंबर 1971 से शुरू हुआ और 16 दिसंबर 1971 को समाप्त हुआ ।13 दिन चलने वाले युद्ध में पाकिस्तान को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। 16 दिसंबर को पाकिस्तान सेना ने सरेंडर कर दिया। यह युद्ध पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बांग्लादेश) में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुआ था। युद्ध का कारण पूर्वी पाकिस्तान सेना द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन का दमन था। जिसे भारत ने समर्थन दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें?**

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती


ललित गर्ग

भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ



को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मनःस्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामुक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है।

अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वच्छन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

# सीवर में मौतों का अंतहीन सिलसिला

**सीवर सफाई के लिए मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। प्रायः सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है।**


रोहित माहेश्वरी

सीवर की सफाई करते समय मजदूरों की जान जाना कोई नहीं बात नहीं है। ये बात सुनने में थोड़ी कड़वी जरूर है, लेकिन है बिल्कुल सच। बीती छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग अपनी जान गंवा बैठे। इस घटना के हफ्ते बाद हरियाणा रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक-दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सेप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। कितना दुखद है कि आज इक्कीसवीं सदी में भी सीवर-सेप्टिक टैंकों का काम मैनुअली कराया जाता है। इन टैंकों में सफाई करने के लिए उतारने वालों को सुरक्षा उपकरण तक मुहैया नहीं कराए जाते। दो चार दिन के हो हल्ले के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है।

भले हम इस बात पर गर्व करें कि हमारा देश तकनीकी मामले में इतना आगे बढ़ गया है कि चांद पर सफलतापूर्वक चंद्रयान भेज रहा है। मंगल ग्रह पर पानी की खोज कर रहा है। पर इस बात पर शर्म महसूस होती है कि क्या हमारे पास इतनी भी क्षमता नहीं कि वह गटर या सीवर-सेप्टिक टैंकों की सफाई के लिए मशीनी तकनीक विकसित कर सके। यदि ये क्षमता है तो फिर क?यों गटरों-टैंकों की सफाई करते हुए मारे जा रहे हैं? और यदि शासन-प्रशासन की लापरवाही से ये मौतें हो रही हैं तो फिर इन्हें मौतें नहीं बल्कि हत्याएं कहा जाएगा। देश में साल 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर बैन लगाया गया था। इसके 20 साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई थी। कानून के मुताबिक, अगर मजदूरों को परिस्थितिवश अगर सीवर में उतरना पड़ता है को उनको 27 दिशानिर्देशों का पालन करना होग।

इसके बाद भी आए दिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत के मामले सामने आते रहे हैं। इससे पहले भी सीवर में सफाई के दौरान जानें जाने के मामले अलग-अलग जगहों से सामने आते रहे हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राज्यसभा में आंकड़े शेयर कर बताया कि पिछले 31 सालों में 1248 जानें जा चुकी हैं। सीवर और सेप्टिक टैंक में सफाई के दौरान सबसे ज्यादा 253 जानें तमिलनाडु में गई। उसके बाद गुजरात में 183, उत्तर प्रदेश में 133 और दिल्ली में 116 लोगों की मौत हो चुकी है। देश के पास चांद तक पहुंचने की तकनीक है। लेकिन सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए आज भी मशीनों की कमी है। यही वजह है कि मजदूर इस जहरीली गैस वाले टैंकरों में खुद उतरकर सफाई करते हैं। कई बार तो उनकी जान तक चली जाती है। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध,



सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। कानून के मुताबिक सफाई एजेंसियों के लिए सफाई कर्मचारियों को मास्क, दस्ताने जैसे सुरक्षात्मक उपकरण देना अनिवार्य है, लेकिन एजेंसियां अकसर ऐसा नहीं करतीं. कर्मचारियों को बिना किसी सुरक्षा के सीवरों में उतरना पड़ता है।

एक सर्वे के अनुसार सीवर की सफाई में लगे लोगों में से 49 फीसदी को सांस संबंधी और 11 फीसदी से अधिक को त्वचा संबंधी कई परेशानियां हो जाती हैं। गटर/सीवर साफ करने वाले 90 फीसदी सफाई कर्मचारियों की 60 की उम्र से पहले ही मौत हो जाती है। उनके पास कोई उपकरण नहीं होता, जिससे पता लगाया जा सके कि सीवर में जहरीली गैस है या नहीं। ऐसे में ये हादसों के शिकार हो जाते हैं और अगर हादसों से बच जाते हैं तो इनके शरीर में बीमारियां घर कर जाती हैं जिससे ये भरी जवानी में ही मौत के शिकार हो जाते हैं। सीवर सफाई के लिए मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। प्रायः सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाई कर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है।

भारत में 70 फीसदी सीवेज लाइनों की सफाई आमतौर पर होती ही नहीं। 2015 में एक सर्वे में पता लगा कि तब हमारे देश में 810 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स थे लेकिन चालू हालत में केवल 522 ही थे। बाकी या तो खराब थे या बनने की प्रक्रिया में थे। मैक्सिको में सीवेज का पूरा सफाई का काम इकोलॉजिकल सेनिटेशन मॉडल पर होता है, ये मॉडल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स से जुड़ा होता है। अमेरिका में मशीनों का इस्तेमाल होता है। वहां इसके लिए समुचित सुरंगें और उपकरण हैं। इससे ही काम होता है। इस काम में मानव का इस्तेमाल बहुत कम है। यूरोप में भी यही सिस्टम है।

हमारे देश में सीवेज प्लांट्स में हर तरह की गंदगी गिरती है। इसमें सूखा, गीला, प्लास्टिक और मलबा सभी कुछ होता है। ये गलत है। इससे जानलेवा जहरीली गैस बनने लगती है और जब कोई सफाई कर्मचारी सीवर या सेप्टिक टैंक में सफाई के लिए घुसता है तो दम घुटने की स्थिति बन जाती है. इस काम को अब पूरी तरह मशीनों से किया जाना चाहिए। ये जरूर है कि भारत में कुछ समय पहले सुलभ इंटरनेशनल ने बाहर से आयात करके दिल्ली में एक सीवेज क्लीनिंग मशीन पेश की थी, जिसकी कीमत तब 43 लाख थी। अब दिल्ली या देश के दूसरे शहरों में ऐसी कितनी मशीनें हैं और इनसे कितना काम लिया जाता है- ये जानकारी नहीं है। वर्ष 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हाथ से मैला ढोने की प्रथा पूरी तरह खत्म हो। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स को सीवर से होने वाली मौतों से संबंधित मामलों की निगरानी करने से ना रोके जाने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा था कि सफाई के दौरान कोई सफाई कर्मी स्थायी दिव्यांगता का शिकार होता है तो न्यूनतम मुआवजे के रूप में उसे 20 लाख रुपए दिया जाएगा। वहीं, अन्य दिव्यांगता पर अफसर उसे 10 लाख रुपए तक का भुगतान करेंगे। अदालतों की सख्ती ओर सख्त लहजा इसे रोकने को कहता है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है।

# साइबर ठगी अपराधियों की अब खैर नहीं

**गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने अभूतपूर्व गति से अपराधियों को पकड़ने के लिए नई ई-ज़ीरो एफआई आर पहल शुरू की है। अपने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि दिल्ली के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया यह नया सिस्टम, एनसी आरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वतः एफआईआर में परिवर्तित करेगा, शुरू में यह 10 लाख रूपए से ऊपर की सीमा के लिए होगा।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ का हर देश जैसे -जैसे डिजिटाइजेशन सिस्टम की ओर तेजी से बढ़ रहा है उसी तेजी से डिजिटल फ्रॉड जिसे हम साइबर ठगी कहते हैं,भी बढ़ते जा रहे हैं, उससे निपटने के लिए अनेकों राज्यों में साइबर क्राइम एंड कमांड सेंटर की स्थापना की गई है जहां अलग-अलग एरियाओं में फ्रॉड हुए मामलों को दर्ज करते हैं, जिसमें अनेकों कठिनाइयों का सामना पड़ता है जहां ठगी हुई है उसका जूरिडिक्शन एरिया कौन सा है, यह पता करो, फिर वहां जाकर साइबर विभाग में एफआईआर को दर्ज कराना पड़ता है। आज हम देखते हैं कि एक मेट्रोपॉलिटन नागरिक से लेकर छोटे-छोटे गांव तक और प्लेन उड़ाने वालों से लेकर साइकिल रिक्शा चलाने वालों तक के पास मोबाइल है, तो इंडस्ट्री चलाने वालों से लेकर रेहड़ी-पटरी खोमचे चलाने वालों तक के पास भी मोबाइल है, और आज करीब करीब सभी कुछ ना कुछ व्यवहारों के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट देते लेते रहते हैं जिससे अनेकों आदमी साइबर क्राइम यानें ठगी का शिकार हो जाते हैं। मेट्रोपॉलिटन नागरिक या फिर उद्योग से जुड़े लोगों को तो कुछ नॉलेज होने के कारण वो एफआईआर दर्ज कर देते हैं परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में रेहड़ी पटरी चलाने वालों, मज़दूरों के साथ कुछ फ्रॉड होता है तो उन्हें उनकी एफआईआर करने की जानकारी व कार्रवाई करने के लिए कार्यवाही करने का पता या समय नहीं होता, इसलिए वे शिकायत नहीं कर पाते छोड़ देते हैं, इन्हीं सभी कठिनाइयों को देखते हुए केंद्र सरकार के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के अंतर्गत दिनांक 19 मई 2025 को ई-ज़ीरो एफआईआर शुरू की गई है जो फिलहाल तो केवल दिल्ली तक ही सीमित है, हालांकि आगे चलकर इसे पूरे भारतवर्ष में लागू किया जाएगा जो साइबर ठगी से पीड़ित, व्यक्तियों के लिए काफी हद तक मददगार सिद्ध होगी। चूँकि वित्तीय ठगी अपराधों के पीड़ितों के गए हुए पैसे वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में नई ई-ज़ीरो फिर सटीक मदद करेगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, साइबर ठगी अपराधियों की अब खैर नहीं, अपराधियों को जल्दी पकड़ने के लिए केंद्र सरकार ने नई ई-ज़ीरो एफआईआर योजना शुरू की।

साथियों बात अगर हम दिनांक 19 मई 2025 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा ई-ज़ीरो एफआईआर योजना को शुरू करने की करें तो उन्होंने कहा है कि गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने अभूतपूर्व गति से अपराधियों को पकड़ने के लिए नई ई-ज़ीरो एफआई आर पहल शुरू की है। अपने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि दिल्ली के लिए एक पायलट



प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया यह नया सिस्टम, एनसी आरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वतः एफआईआर में परिवर्तित करेगा, शुरू में यह 10 लाख रूपए से ऊपर की सीमा के लिए होगा। नया सिस्टम जांच में तेजी लाएगा, जिससे साइबर अपराधियों पर सख्ती हो सकेगी, जल्द ही इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार साइबर- सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर रही है। पीएम के 'साइबर सुरक्षित भारत' के विजन को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आई4सी की हाल की समीक्षा बैठक में साइबर वित्तीय अपराधों के पीड़ितों को गँवाए हुए धन को वापस हासिल करने में आने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए इस पहल को लागू करने के निर्देश दिए थे। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 ने साइबर वित्तीय अपराधों से संबंधित शिकायतों की आसान रिपोर्टिंग और त्वरित कार्रवाई को सक्षम बनाया है। शुरू की गई नई प्रक्रिया में आई4सी के एनसीआरपी सिस्टम, दिल्ली पुलिस के ई-एफआईआर सिस्टम और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम का एकीकरण शामिल है। इसे तुरंत संबंधित क्षेत्रीय साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों को भेजा जाएगा। शिकायतकर्ता 3 दिनों के भीतर साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में जाकर जीरो एफआईआर को नियमित एफआई आर में परिवर्तित कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस और आई4सी, गृह मंत्रालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 के नए प्रावधानों के अनुसार मामलों के पंजीकरण के लिए एक प्रक्रिया स्थापित करने के लिए मिलकर काम किया है। प्रादेशिक अधिकार क्षेत्र पर ध्यान दिए बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से एफआईआर जारी करने की प्रक्रिया शुरू में दिल्ली में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू होगी। बाद में इसे अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा। दिल्ली के ई- क्राइम पुलिस स्टेशन को एनसीआरपी पर दर्ज विशिष्ट प्रकृति की साइबर अपराध शिकायतों के लिए ई- एफआईआर दर्ज करने और उन्हें क्षेत्रीय पुलिस स्टेशनों में स्थानांतरित करने के लिए अधिसूचित किया गया है। यह पहल एनसीआरपी/1930 शिकायतों को एफआईआर में परिवर्तित करने की प्रक्रिया में सुधार करेगी, जिससे पीड़ितों के गँवाए हुए धन की आसान वसूली होगी और साइबर अपराधियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई को सुगम बनाया जाएगा। इसमें हाल ही में लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों का लाभ उठाया गया है। बता दें कि आई4सी की स्थापना गृह मंत्रालय ने दिल्ली में की थी, ताकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समन्वित और व्यापक तरीके से साइबर अपराध से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थिति की तंत्र प्रदान किया जा सके। आई4सी की परिकल्पना देश में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए नोडल बिंदु के रूप में की गई है। साथियों बात अगर हम साइबर अपराधों से निपटने तंत्र को मजबूत करने केंद्र सरकार द्वारा अनेकों कदम उठाने की करें तो, भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था राज्य के विषय हैं। राज्य/केंद्र शासित प्रदेश मुख्य रूप से अपनी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से साइबर अपराध सहित अपराधों की रोकथाम, पता लगाने, जांच और अभियोजन के लिए जिम्मेदार हैं और पुलिस स्टेशनों की क्षमता बढ़ाते हैं। केंद्र सरकार राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पहलों और उनके एलईए की क्षमता निर्माण में सलाह और वित्तीय सहायता प्रदान करती है।साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए तंत्र को मजबूत करने के लिए, केंद्र सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाए हैं।

# दलित की बारात रोकने और मारपीट के मामले को लेकर कांग्रेसी पहुंचे पीड़ित के घर

■ पीड़ित को मुआवजा देने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना नौहझील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूरेका में दिनांक 20 मई 2025 की रात्रि को एक दलित बारात में डीजे बजाने को लेकर कुछ दबंग तत्वों द्वारा दूल्हे को बारात से उतारने, दुल्हन पक्ष के परिजनों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ जैसी अत्यंत निंदनीय व अमानवीय घटना के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की, उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनगर, कांग्रेस पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं हाथरस प्रभारी विक्रम बाल्मीकि, दलित चिंतक एवं एडवोकेट प्रदीप सागर, समाजसेवी राजा बाबू बाल्मीकि एवं वामपंथी नेता एडवोकेट नसीर शाह शामिल थे।

पीड़ित परिवार के अंतर्गत नवविवाहिता बेटी की मां ने बताया कि मेरी बेटी की शादी थी, उसके पिता एवं भाई का पूर्व में ही स्वर्गवास हो चुका है। बस्ती और समाज के सहयोग से विवाह की व्यवस्था की गई थी। जैसे ही बारात दरवाजे पर पहुँची, क्षेत्र के दबंगों ने आकर तांडव शुरू कर दिया। दूल्हे को जबरन बारात से उतार दिया गया और परिजनों के साथ क्रूरतापूर्वक मारपीट की गई। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दबंग वहां से चले गए।लेकिन अगले दिन, सुबह बेटी की बिदाई के तुरंत बाद दबंग पुनः संगठित होकर आए और पूरे परिवार के साथ पुनः मारपीट की तथा घर में जमकर तोड़फोड़ की। अभी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं है दबंग परिवारों के लोग समझौते के लिए दवाब बना रहे हैं, हमें सुरक्षा को लेकर खतरा महसूस हो रहा है

मुकेश धनगर ने कहा, ÷यह हमला दलित समाज के स्वाभिमान पर सीधा प्रहार है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करेगी और जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता, हम चुप नहीं बैठेंगे।

विक्रम बाल्मीकि ने कहा, ÷यह मामला केवल अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की गंभीर चुनौती है। हम इसे राष्ट्रीय मंच तक ले जाएंगे।

एडवोकेट प्रदीप सागर ने कहा कि यह घटना एससी/एसटी एक्ट और संगठित अपराध की गंभीर धाराओं में आती है, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी व्यापक आंदोलन करेगी।

वामपंथी नेता एडवोकेट नसीर शाह ने कहा है कि यह घटना न केवल संवेदनहीनता का चरम उदाहरण है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

## अपने ही घर के बाहर मिला लापता युवक का शव

**मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र के गांव डेरूका में सुबह के समय सनसनी फैल गई। एक युवक का शव घर के बाहर ही पडा मिला। शव की हालत देख कर परिजन और ग्रामीण सकते में आ गये। युवक के शरीर पर गंभीर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। परिजनों का आरोप कि युवक की पीट पीट कर हत्या की गई है और शव को घर के आगे फेंक कर चले गये हैं। मृतक युवक एक प्राइवेट कंपनी नौकरी करता था और वह छुट्टी लेकर अपने घर आया था। शाम के समय युवक अपने परिचितों के साथ चला गया। ग्रामीणों सुरेश ने बताया कि मृतक कंपनी में नौकरी करता था। शाम तक वह अपने परिचतों के घर ही थी। युवक की मांग उसे बुलाने गई तो कुछ समय बाद आने की कह कर मां को वापस भेज दिया। इसके बाद सब सो गये और सुबह युवक का शव मिला। रात को नौ बजे तक उन्हीं के घर था। कई अस्पतालों में दिखाया अब जिला चिकित्सालय लेकर आए हैं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। परिजनों का आरोप है कि मनीष की हत्या की गई है।

# बी.एस.ए. कॉलेज की जमीन और 40 करोड़ के घोटाले पर पुरातन छात्र परिषद सख्त



■ प्राचार्य को भेजा पत्र, दोषियों पर आपराधिक मुकदमे की माँग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में हुए करीब 40 करोड़ रुपये के घोटाले और कॉलेज की मूल्यवान भूमि के अवैध पट्टे से जुड़े गंभीर मामलों को लेकर अब पुरातन छात्र परिषद भी सक्रिय हो गई है। परिषद के अध्यक्ष चौ. कृष्णवीर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, राया) और सचिव शैलेश मिश्रा (सचिव, जिला हॉकी संघ) ने कॉलेज प्राचार्य को एक औपचारिक पत्र लिखकर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की माँग की है। पत्र में परिषद ने प्राचार्य की अब तक की शैक्षिक और संस्थागत प्रगति के लिए सराहना व्यक्त की है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि कॉलेज के खातों से करोड़ों रुपये का गबन और कॉलेज की बेशकीमती भूमि का निजी संस्थानों को अवैध रूप से सौंपा जाना अत्यंत चिंता का विषय है। बी.एस.ए. कॉलेज की करोड़ों की सम्पत्ति को निजी संस्थाओं द्वारा स्वार्थवश उपयोग में लाना और अवैध पट्टों पर देना एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है। करीब ?40 करोड़ की धनराशि, जो गरीब छात्रों की फीस और कॉलेज विकास के लिए थी, वह गबन की गई, और आज तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्राचार्य को शासन का प्रतिनिधि मानते हुए परिषद ने कहा है कि नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी के अंतर्गत त्वरित कार्यवाही आवश्यक है। पुरातन छात्र परिषद ने मांग की है कि इस प्रकरण की न्यायसंगत और निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित दोषियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा पंजीकृत किया जाए, साथ ही महाविद्यालय की जमीन को पुनः कॉलेज प्रशासन के नियंत्रण में लाया जाए और घोटाले की गई पूरी धनराशि की वसूली सुनिश्चित की जाए। यह पत्र ऐसे समय में सामने आया है जब अभिभावक संघ, शिक्षक संघ और छात्र संगठनों में भी इस घोटाले को लेकर रोष है। पुरातन छात्र परिषद की सक्रियता से यह मामला अब और अधिक गंभीर होता जा रहा है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर दुष्कर्म करने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना नाराहट अंतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपने पिता के साथ पास के गांव में स्थित एक कॉलेज में पढ़ने के लिए जाती थी। उसके पिता से पहली बार महरौनी निवासी इमरान हाशमी नाम का युवक मिला, जिसने उसके पिता से पीड़िता की नौकरी लगवाने की बात कही, जिस पर उसके पिता ने क्या करना है यह पूछा। पीड़िता के अनुसार इमरान हाशमी ने एक महिला का नम्बर दिया और बात करायी, जिस पर उक्त महिला ने उससे दस्तावेज में मार्कशीट, फोटो, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति मांगी, जिस पर उन्होंने यह दस्तावेज दे दिये। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ 16 अप्रैल 2024 को दो अन्य लड़कियों को पहली बार इमरान हाशमी के साथ चार पहिया गाड़ी से शाम के समय लखनऊ रवाना हुये। रात में लखनऊ पहुंचते ही उन्होंने एक होटल में कमरा लिया और अलग-अलग कमरों में ठहरा दिया। आरोप है कि इमरान हाशमी ने उसे नशीली दवा खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया और जब उसे होश आया तो वह पूरा माजरा समझ गयी। यह भी आरोप है कि इमरान ने पूरे घटनाक्रम की वीडियो भी बना ली और अगले दिन नौकरी लगवाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की बात कही।

बताया कि माह अगस्त में उक्त युवक ने उसका अश्लील वीडियो एक अन्य युवती को दिखाकर दवाब बनाया और नियुक्ति पत्र देने के लिए फिर से लखनऊ ले गया और पहले की भांति नशीली दवा खिलाकर फिर बलात्कार किया। पीड़िता का आरोप है कि इसी प्रकार कई अन्य लड़कियों के साथ भी उक्त युवक द्वारा बलात्कार करते हुये तमाम वीडियो बनायी गयीं और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये रुपये ऐंठता रहा।

# कटरा बाजार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



■ ऑपरेशन सिंदूर के तहत देशभक्ति का अद्भुत नजारा

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत 23 मई 2025 को वार्ड क्रमांक 10 कटरा बाजार में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व समाजसेवी अंकुर जैन सानू बाबा ने किया। यह यात्रा वीर सावरकर चौक से प्रारंभ होकर वार्ड की विभिन्न गलियों से होते हुए जैन नए मंदिर पर पहुँचकर संपन्न हुई। तिरंगे की शान में पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। वंदे मातरम, भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से वातावरण गूंज उठा। संयोजक ने अपने संदेश में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे देश के प्रति समर्पण और सेना के बलिदान को नमन करने का संकल्प है। हर नागरिक को इस देशभक्ति की भावना को आत्मसात करना चाहिए। यात्रा के दौरान आमजन में अपार उत्साह देखने को मिला। यह आयोजन न सिर्फ एक प्रेरक उदाहरण बना, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा की दिशा में प्रेरित करने का माध्यम भी सिद्ध हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पनारी प्रधान बलवंत सिंह राजा, बूथ अध्यक्ष नवीन जैन, जिमी मोदी, ललितपुर सेवा ग्रुप कोषाध्यक्ष राजीव समैया, दीपक राठौर, मनीष समैया, सूरज जड़िया, शुभम जैन, सचिन साहू, विनय समैया, पनारी प्रधान प्रतिनिधि लोकेन्द्र सिंह, विनीत जैन, मोहित मोहनी, सुधीर साहू, गोपाल साहू, नरेन्द्र नामदेव, वासु जैन, लकी रावत, गौरव सोनी, अंशुल सराफ, अमित, अन्नू ताम्रकार, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिला पंचायत

**मथुरा।** ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने शनिवार को अहमल की नगरिया गांव को 33 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों की सौगात दी। पंचायत निधि से दो सीसी सड़कों के निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीणों के लिए आवागमन सुगम हो सकेगा। इस अवसर पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने उनका पारंपरिक पगड़ी और चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, जिला पंचायत ग्रामीण अंचलों के सतत विकास के लिए पूरी तरह समर्पित और संकल्पित है। हम संपर्क मार्गों के पुनर्निर्माण के साथ आम जनता के जीवन को सरल बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जिला पंचायत किसी भी विकास प्रस्ताव पर त्वरित कार्य करने को तैयार है, और विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

# बाल विवाह रोकथाम संबंधी नाटिका की प्रस्तुति



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय श्रीवर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल के प्रांगण में एसबीआई प्रधान कार्यालय लखनऊ के तत्वाधान में बिम्ब सांस्कृतिक समिति लखनऊ के कलाकारों द्वारा वाल विवाह रोकथाम हेतु मुनिया की शादी नामक नाटिका की शानदार प्रस्तुति विद्यालय के सैकड़ों बच्चों के मध्य की गई। जिसे विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बच्चों द्वारा काफी सराहा गया। इस एसबीआई मुख्य प्रबंधक मनीष त्रिपाठी, विद्यालय प्रबंधक सनत जैन, प्रधानाचार्य स्नेहलता ने बाल विवाह रोकथाम पर अपना उद्बोधन दिया। लखनऊ से आए महर्षि कपूर, नीलम वाष्णेय, विवेक सिंह, अभिषेक, आर.के.नाग द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में रतन परमार, निधि जैन, हिमानी, कल्पना, मोना, राखी, आकांक्षा, सेजल, सीवी सिंह, सुरेन्द्र जैन, सत्यम मिश्रा, परमानंद आदि उपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

अवधनामा संवाददाता



■ कर्मचारी ने दिया इस्तीफा

**ललितपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में व्याप्त भ्रष्टाचार, पक्षपात और अनियमितताओं से क्षुब्ध होकर कम्प्यूटर सहायक धर्मेंद्र राठौर ने 03 मार्च 2025 को अपना त्यागपत्र दे दिया। धर्मेंद्र राठौर, जो पिछले 20 वर्षो से इस कार्यालय में सेवारत थे, ने आरोप लगाया है कि विभाग में गंभीर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसके कारण वे कार्य करने में असमर्थ हो गए।

उन्होंने अपनी शिकायत में चौदह सूत्रीय गंभीर आरोप लगायें हैं, जिनमें प्रमुख रूप से बताया कि जुलाई 2023 से मार्च 2025 तक कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते और बिना कार्य किए चले जाते हैं। ठप मशीन और सीसीटीवी फुटेज से इसकी पुष्टि हो सकती है। ललितपुर एकमात्र जिला है जहां 08 चीफ फार्मासिस्टों को बार-बार बदला गया, जिसके पीछे भ्रष्टाचार का आरोप है। आरोप है कि यहां तैनात डिप्टी सीएमओ को एन.एच.एम, एन.सी.डी, आर.सी.एच जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी बनाया गया, जो सामग्री मांग, आपूर्ति आदेश और भुगतान में सह-हस्ताक्षरी की भूमिका निभाते हैं, जो संदेहास्पद है। इसके अलावा आरोप लगाया कि नियमों को ताक पर रखकर ब्लॉक मडावरा में पति-पत्नी दोनों को सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दी गई। कई डाक्टर बिना जांच के नियुक्त किए गए, जो ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के बजाय सीएमओ कार्यालय में संबद्ध होकर लाखों रुपये का मानदेय ले रहे हैं। एक ही परिवार की तीन फर्मो को अवैध रूप से आपूर्ति आदेश दिए गए। सामग्री खरीद में बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर खरीद और फर्जी फर्मो को कार्य देने के आरोप हैं। किराए के भवन में डीपीएमयू यूनिट संचालित कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जबकि कार्यालय में इसके लिए स्थान उपलब्ध है।

## नगर आयुक्त ने परखी वृन्दावन की सफाई व्यवस्था

**मथुरा।** नगर आयुक्त जग प्रवेश ने वृंदावन नगर की सफाई व्यवस्था को परखा। नगर आयुक्त ने शुक्रवार को वृन्दावन नगर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा सर्वप्रथम विद्यापीठ चौराहे से लेकर श्री बांकेबिहारी जी मंदिर तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई संतोषजनक न पाये जाने के दृष्टिगत बिहारीपुरा में सफाई का कार्य कर रही संस्था मै. बीवीजी इण्डिया लिमिटेड को सफाई व्यवस्था सुदृढ किये जाने के लिए स्थल पर ही कड़े निर्देश प्रदान किये गये। तत्पश्चात नगर आयुक्त द्वारा प्रेम मंदिर से लेकर छटीकरा तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त मार्ग पर सफाई का कार्य कर रही संस्था मै. किंग सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी सफाई कार्य में सुधार लाये जाने के लिए निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त द्वारा उक्त दोनो संस्था को कड़े निर्देश देते हुये स्पष्ट रूप से कहा गया कि साफ सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ गरजे पार्षद

अवधनामा संवाददाता



■ पार्षदों ने इसके अलावा अन्य समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** शहर में हो रही अघोषित विद्युत कटौती, शहर के अनेक मोहल्लों में पेयजल संकट व शहर की सड़कों व नाली नालों पर हुए अतिक्रमण को हटाये जाने सहित अन्य समस्याओं को लेकर नगर पालिका परिषद के 16 पार्षदों ने प्रदर्शन करते हुए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की।

गुरुवार को पार्षद कुंदन पाल की अगुवाई में नगर के 16 पार्षदों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, जहां प्रदर्शन करते हुए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी में बिजली की अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। स्थिति यह कि 24 घण्टे में से 10 घण्टे ही बिजली प्राप्त हो पा रही है। हर 10-15 मिनट में बिजली काट दी जाती है जिससे बच्चे व बुजुर्ग लोग व महिलायें गर्मी से बिलबिला रहे हैं।

शीघ्र ही विधुत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आन्दोलन के लिए बाध्य होंगे। शहर के अनेक वाडों में कई महीनों से नलों में पानी नहीं टपक रहा है जल संस्थान द्वारा नलों में पानी पंहुचाने में नाकाम साबित हो रहा है। टैंकरों से जो पानी पहुंचाया जा रहा है वना काफी है और टैंकरों से बुजुर्ग व महिलायें पानी नहीं भर पाती है ऐसे में नलों से ही पानी पहुंचाया जाये। नलों से पानी पहुंचाने की मांग उठायी। अमृत योजना 2.0 के तहत वार्डो पेयजल पाइप लाइन डाली जा रही है लेकिन ठेकेदारों द्वारा सड़के खोदी जा रही है जिससे नालियां तोड़ दी गयी जिससे सडकों पर गंदा पानी फैल रहा है जिससे सड़को पर चलना भी मुश्किल हो रहा है। पाइप लाइन भी मानक के अनुसार नहीं डाली जा रही है। शहर के मुख्य मार्गो के अलावा बाजारों व गलियों पर अवैध अतिक्रमण लोगों द्वारा कर लिया गया है जिससे आवागमन हेतु राहगीरों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है जिससे जाम की स्थिति बन रही है। नालियों व नालों पर भी अवैध कब्जा होने के कारण नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। गन्दगी फैलने से मच्छर व बीमारियां फैल रही। ज्ञापन देते समय पार्षद मनमोहन चौबे एड., गिरीश पाठक, आलोक मयूर, अफजुल रहमान, सोनसिंह यादव, धर्मवीर कुशवाहा, रमेशप्रसाद गांधी, जानकी कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि अमित नायक, आनन्द भूरे यादव, अरविंद राजा, विवेक दरौनियां, अमित कुशवाहा, गिरधारी कुशवाहा, विनोद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव को पत्र सौंपकर समस्या निराकरण की मांग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विगत कई दिनों से स्टेशन रोड स्थित मोहल्ला सिविल लाइन में बिजली का पावर न आने और कई बार सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर से उनके सीयूजी नम्बर पर बात करने पर भी समस्या का निस्तारण नहीं किया जा सका।

इस सम्बन्ध में भाजपा नेता राहुल शर्मा एड. ने एक शिकायती पत्र उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव को सौंपा है। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि विद्युत पावर न आने की समस्या निस्तारण न होने से लोगों को भारी असुविधाओं से गुजरना पड़ रहा है। बताया कि करीब 200 से 250 परिवार इस वार्ड में निवासरत हैं, जिन्हें प्रतिदिन बच्चों के साथ इस भीषण गर्मी में विद्युत पावर कम होने और पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आकाश होटल के पीछे स्टेशन रोड की उक्त समस्याओं के निस्तारण कराये जाने की मांग उठायी है।

# रितिका के लापता होने पर झा समाज ने सौंपा ज्ञापन

## बालिका की सकुशल बरामदगी की मांग

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** शहर के आजादपुरा मोहल्ला निवासी अरविंद झा की 16 वर्षीय पुत्री कुमारी रितिका झा के 12 मई 2025 से लापता होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में झा समाज ने शुक्रवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर किशोरी की तत्काल सकुशल बरामदगी की मांग की। रितिका के परिजनों और युवा नेता विकास झा ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो उन्हें अनशन पर बैठने के लिए विवश होना पड़ेगा। यह मामला न केवल एक परिवार के दुख को दर्शाता है, बल्कि पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाता है। रितिका के परिजनों और युवा नेता विकास झा द्वारा अनशन की चेतावनी इस बात का संकेत है कि मामला अब और गंभीर हो चुका है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस संवेदनशील मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है।

**बारह दिन से लापता है रितिका, परिवार सदमे में :** ज्ञापन के अनुसार, कुमारी रितिका झा (उम्र 16 वर्ष) 12 मई 2025 को अपने घर से यह कहकर निकली थी कि वह कोचिंग जा रही है। लेकिन वह शाम तक घर नहीं लौटी। रात होने तक उसका कोई अता-पता नहीं चला। रितिका के पिता अरविंद झा ने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली ललितपुर को दी और सकुशल बरामदगी के लिए प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन 12 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। परिवार और समाज ने नजदीकी रिश्तेदारों व आसपास के शहरों में रितिका की खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रितिका की लंबी अवधि तक अनुपस्थिति से अरविंद झा और उनका परिवार गहरे दुख और चिंता में है।

**झा समाज ने उठाई आवाज**

मामले की गंभीरता को देखते हुए झा समाज ने इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाई और शुक्रवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज ने मांग की कि पुलिस तत्परता के साथ कार्रवाई कर रितिका की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित करे। समाज ने यह भी उल्लेख किया कि अरविंद झा ने पहले भी कोतवाली ललितपुर में प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो अनशन की चेतावनी**

रितिका के परिजनों और युवा नेता विकास झा ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर प्रशासन ने रितिका की बरामदगी के लिए ठोस कदम नहीं उठाए तो वे और समाज के लोग अनशन पर बैठने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान झा समाज के जिला अध्यक्ष रमेश झा, युवा छात्र नेता विकास झा, सुनील कुमार झा, अरविंद झा, रामचरण, राजेश झा सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 27 मई से टीईटी पास शिक्षामित्र लखनऊ में करेंगे शांतिपूर्ण धरना

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक बार फिर शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र के तत्वाधान में जनपद के शिक्षामित्रों ने 27 मई 2025 को लखनऊ के इको गार्डन में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करना सुनिश्चित किया है । यह धरना प्रदर्शन सरकार द्वारा नजरअंदाजी के चलते किया जा रहा है जिसमें टेट सीटेट उत्तीर्ण शिक्षामित्रों के संगठन शिक्षक/शिक्षामित्र उत्थान समिति उप्र द्वारा पिछले 8 वर्षो से लगातार अपनी मांग रखी जा रही है , जिस पर किसी भी प्रकार की सरकार द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया है जबकि आज की इस भीषण महंगाई में मात्र 10000 में शिक्षामित्र अपने पूरे परिवार को बमुश्किल पाल रहा है। जनपद के शिक्षामित्रों ने आपस में विचार विमर्श किया और बैठक की तथा उन्होंने लखनऊ जाने के लिए तन मन धन से सहयोग करने का निर्णय करते हुए बैठक में उपस्थित रेखा लिटौरिया, जिला अध्यक्ष शिक्षक /शिक्षामित्र टेट सीटीईटी उत्तीर्ण उत्थान समिति (ललितपुर) नीलम तिवारी (महामंत्री), श्री रक्षपाल सिंह (जिला संरक्षक) राजीव त्रिपाठी (जिला कोषाध्यक्ष) महेंद्र पटेल (जिला संगठन मंत्री), उर्मिला साहू (महिला प्रभारी) आराधना द्विवेदी (जिलासंयोजक) रामपाल अहिरवार (जिला संयुक्त मंत्री) गणेशराम (जिला प्रवक्ता) रामदेवी निरंजन (जिला सहसंयोजक) रचना (जिला मंत्री), प्रीति ठाकुर (जिला सचिव) शिशुपाल बालमुकुंद दुबे (सचिव) देवेंद्र पुरोहिद, बालकदास (जिला महासचिव) एवं हमारी जिला उपाध्यक्ष सायरा ने इस शांतिपूर्ण धरने में सभी साथियों को अपनी सहभागिता देने का प्रार्थना की है नीति मिश्रा ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए धरने में प्रतिभाग करते हुए लखनऊ में लगातार धरने में उपस्थित रहने के लिए कमर कसी ।

# यातायात प्रभारी ने काटे बावन वाहनों के चालान

- एक्सप्रेसवे पर स्पीड लेजर गन से की ओवर स्पीडिंग पर की कार्रवाई



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात कुलबीर सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खां द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे ठठिया पुलिस चौकी के पास स्पीड लेजर गन द्वारा ओवर स्पीडिंग करने वाली डबल डेकर लग्जरी बसों पर कार्रवाई की गई है। वहीं कई वाहन चालकों को रोक कर यातायात प्रभारी द्वारा लेन ड्राइविंग के बारे में भी जागरूक किया गया है। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि एक्सप्रेसवे पे प्रातः 04 बजे से 08 बजे तक डबल डेकर बसें आगरा, दिल्ली से लखनऊ की तरफ आती हैं और लखनऊ की तरफ से आगरा और दिल्ली की तरफ जाती हैं। जल्दबाजी में बसों के चालक गाड़ी चलाते हैं किसी-किसी बस में डबल ड्राइवर भी नहीं होते हैं। जिस कारण एक ही ड्राइवर लगातार गाड़ी चलाता रहता है। और वह रोड हिप्नोसिस का शिकार होकर सो भी जाते हैं। जिससे कभी-कभी बड़े हादसे होने की आशंका रहती है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि 12 डबल डेकर बसों का चालान किया गया है और 40 ओवर स्पीडिंग करने वाली कारों का चालान किया गया। ओवर स्पीडिंग के कुल 52 चालान किए गए हैं। जिसमें लगभग एक लाख अड़ाईस हजार रुपए शमन शुल्क अधिरोपित किया गया है।

# साहित्यकार विद्यार्थी जी को पुण्यतिथि पर दी पुष्पांजलि

- प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त छात्रा आस्था पटेल को किया गया पुरस्कृत

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** मनीषी साहित्य सर्जक स्मृतिशेष महावीर प्रसाद विद्यार्थी का पुण्य स्मृति दिवस शहर के अटल बिहारी इण्टर कॉलेज के सभागार में कवियों, साहित्यकारों, कलमकारों, लेखकों व विद्वान वक्ताओं तथा समाजसेवियों की उपस्थिति में भव्यता के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राजबहादुर सिंह चंदेल ने विद्यार्थी जी के चित्र का अनावरण किया व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि उसे शब्दों में नहीं कहा जा सकता, उनके व्यक्तित्व के भव्यता के अनुरूप उन्हें सम्मान मिलना ही चाहिए। वे एक अच्छे साहित्यकार तो थे ही, उससे पहले वे बहुत अच्छे शिक्षक थे। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा स्वाध्याय से प्राप्त की थी। उस जमाने में वे 4-4 विषयों से परास्नातक और गोल्ड मेडलिस्ट थे। उनके जैसा शालीन, विशाल हृदय वाला कर्मठ शिक्षक मिलना मुश्किल है। इस अवसर पर यूपी बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में कक्षा-10 में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु0 आस्था पटेल को विशेष प्रतीक चिन्ह और नकद धनराशि से प्रोत्साहित किया गया। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम सुमेर सिंह ने छात्रा को भविष्य में आवश्यकतानुसार अध्ययन हेतु आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गणेश नारायण शुक्ल ने कहा साहित्य लिखना और उसे जीने में बहुत अंतर है। विद्यार्थी जी ने जो लिखा वही जिया भी साहित्य की यह बड़ी उपलब्धि है। निसंदेह वे असाधारण प्रतिभा के धनी थे। अन्य वक्ताओं में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर के प्रसिद्ध डा0 एसपी सिंह ने विद्यार्थी जी को कई पीढ़ियों का मार्गदर्शक बताया। शहर में प्रमुख अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ0 अखिलेश सिंह का मानना था कि विद्यार्थी जी न केवल आदर्श शिक्षक व बड़े साहित्यकार थे वरन वे सामाजिक क्रांति के पुरोधा भी थे। वरिष्ठ पत्रकार अरुण दीक्षित ने विद्यार्थी जी को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि साहित्यकार, लेखक, पत्रकार ही समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। महावीर प्रसाद विद्यार्थी जी का व्यक्तित्व व कृतित्व बहुत विशाल है। एक विद्यार्थी, शिक्षक व साहित्यकार तीनों ही रूपों में उनके जीवन दर्शन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। समारोह में बड़ी संख्या में नगर तथा ग्रामीण अंचलों से आए हुए कवियों, साहित्यकार और बुद्धिजीवियों ने विद्यार्थी जी को श्रद्धांजलि एवं काव्यांजलि अर्पित की। आयोजन के सूत्रधार पूर्व प्रधानाचार्य राम सिंह ने आगत अतिथियों का स्वागत किया और अटल बिहारी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह को कार्यक्रम का प्रेरक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने तथा संचालन डा0 रामनरेश ने किया।

## नौकर ने दुकान से ढाई लाख रुपए पार किये

**गुरसहायगंज, कन्नौज/अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर तिर्वा रोड निवासी मंसूर अहमद खान पुत्र मकबूल अहमद खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 12 मई को दुकान में काम करने वाले नुरुल हक द्वारा उसकी दुकान की अलमारी में रखे ढाई लाख रुपए चोरी कर लिए। दुकान स्वामी द्वारा नुरुल हक के पिता इम्तियाज खान से जानकारी करने पर इम्तियाज खान लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गया। कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## दो दिन से लापता अधेड़ का फांसी से लटका मिला शव

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र ग्राम रायपुर में दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव गांव के बाहर पेड़ पर लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर परियर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान मंगलू तेली (55) पुत्र सुरजू निवासी ग्राम रायपुर थाना सफीपुर के रूप में की। बताया जाता है कि सोमवार शाम 6 बजे मंगलू की किसी बात को लेकर छोटे लड़के से कहासुनी हुई थी उसी बात को लेकर नाराज होकर घर से निकल गए थे। बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो गांव के बाहर शव नीम के पेड़ से लटक रहा था जिसकी सूचना परियर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार राजपूत को दी। परियर पुलिस ने पहुंच शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मंगलू की पत्नी शिवकली दो लड़की दो लड़के है बड़ी बेटी सुनीता, छोटी बेटी अनीता (विवाहित) बड़ा लड़का राजेश (35) जो जन्म से सूर है छोटा लड़का सुखवीर (29) पत्नी शिवकली और बच्चो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आरोप ने पकड़ा तूल

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सोहरामऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा से छेड़छाड़ की घटना ने फिर से प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस छात्रा ने अपने ही बैच के बिहार निवासी साथी छात्र पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। छात्रा और आरोपी दोनों 2019 बैच के हैं और वर्तमान में इंटर्नशिप कर रहे हैं। घटना मंगलवार की बताई जा रही है। छात्रा की तहरीर पर सोहरामऊ पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज कर छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया। थानाध्यक्ष शरद कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने तत्काल कदम उठाते हुए आरोपी छात्र को निलंबित कर कॉलेज कैंपस से बाहर कर दिया। चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल के अनुसार विवाद बायोमेट्रिक मशीन पर अंगूठा लगाने को लेकर शुरू हुआ था लेकिन मामले की तथ्यात्मक जांच के बाद ही अंतिम निष्कर्ष सामने आएगा। मेडिकल कॉलेज में यह घटना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। यह दर्शाता है कि कॉलेजों में छात्राओं की सुरक्षा के लिए घोषित निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान

**उन्नाव।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अमृत मित्र महिलाओं के द्वारा पौधरोपण कर स्वच्छ व हरित भविष्य की बुनियाद रखी जा रही है। आज इसी क्रम में आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन गार्डन में भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ़ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्सस् के तत्वाधान में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता मिश्रा ने किट वितरित की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संजय कुमार गौतम, परियोजना अधिकारी अरविंद सिंह, आदर्श सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## महिला को घर में घुसकर पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला गर्दाबाद निवासी शबाना पुत्री मोहम्मद इरफान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 18 मई की शाम अपने घर पर अकेली थी तभी मोहल्ले के ही मोहम्मद दिलशाद पुत्र इरशाद उर्फ चन्नू, नौशाद, बासिद पुत्रगण इरशाद एवं फातमा बानो पुत्री इरशाद घर पर आए और गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान तोड़फोड़ की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने बचाया। उक्त लोगों ने जाते समय जान से मारने की धमकी दी। घटना के सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जाँच शुरू कर दी गई है।

# तिरंगा यात्रा से किया सैनिकों का सम्मान




अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम।** देश की सेना के सम्मान और मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से बिलग्राम नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य लोगों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय के उदघोषों से बिलग्राम नगर गूंज उठा। तिरंगा यात्रा की अगुवाई भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजये सिंह व नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने की। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खूब जोश देखा गया। इस हमले के बाद देशभर में पाकिस्तान के प्रति आक्रोश की लहर देखी गई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के समर्थन में बिलग्राम में तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। शुक्रवार को निकाली गई इस यात्रा में भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।यात्रा बिलग्राम नगर पालिका रोड से शुरू हुई। जो नगर भ्रमण करते हुए चौराहे पहुंची वहा से वापस नगर पालिका परिसर में समाप्त हुई। यात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा थामे हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान और आतंकवादियों की कड़ी निंदा की। महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती गुप्ता ने पहलगाम में पर्यटकों की धार्मिक पहचान के आधार पर की गई हत्या की निंदा की। उन्होंने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक की सराहना की। वही नगर अध्यक्ष भाजपा नीरज गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता अवनीत शर्मा टोनू महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती गुप्ता अम्बेश तिवारी संजये सिंह गुड्डू हरिनाम कुशवाहा शिवम कटियार शिवम यादव अजय कुशवाहा मगतराम रिंकू युवा भाजपा नेता अनुराग मिश्रा पूर्व सभासद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छः बच्चों की मां बेटी के आभूषण ले आधी उम्र के प्रेमी भांजे के साथ फरार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां छह बच्चों की मां अपने आधी उम्र के भांजे के साथ घर से फरार हो गई। साथ में वह शादीशुदा बेटी के जेवर और घर की नकदी भी ले गई है। इस घटना ने जहां एक पिता और पति की ज़िंदगी को झकझोर दिया है, वहीं छह मासूम बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है। पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी 44 वर्षीय पत्नी अपने ही भांजे से प्रेम संबंध में थी। एक दिन वह अचानक घर से गायब हो गई और साथ में जेवरात और नकदी भी ले गई। पत्नी के इस कदम से वह मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गया है और बीते एक महीने से पुलिस और प्रशासन के चक्कर काट रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला कानपुर के बिठूर क्षेत्र में अपने भांजे के साथ रह रही है। पीड़ित पति का कहना है कि पुलिस ने पहले कोई मदद नहीं की जिससे वह बच्चों को लेकर इधर-उधर भटकने को मजबूर है। आखिरकार पीड़ित ने एसपी दीपक भूकर से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने तत्काल जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# म्यांमार का युवक पकडा गया फर्जी आधार कार्ड बरामद

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** कानपुर कोतवाली पुलिस ने बीतीरात गश्त के दौरान एक संदिग्ध ऑटो चालक को बड़ा चौराहा से हिरासत में लिया। पूछताछ में युवक की पहचान मो. साहिल निवासी म्यांमार के साइडुय मंगडो (आईकब) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार युवक के पास कोई वैध भारतीय पहचान पत्र नहीं मिला जबकि तलाशी में फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने परिवार के पास से कागजात, एक मोबाइल फोन व पड़ोसी का एक और फोन भी जब्त किया है। कानपुर पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मो. साहिल और उसके परिजन किस प्रक्रिया से भारत में दाखिल हुए और फर्जी दस्तावेज़ किसने बनवाए। विदेशी नागरिकों का इस तरह बिना वैध दस्तावेज़ों के पास शहर में रहना और वाहन चलाना सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। यह मामला प्रवासन कानून, राष्ट्रीय सुरक्षा और फर्जी दस्तावेज़ निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करता है। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि क्या इस परिवार के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क या शरणार्थी गिरोह सक्रिय है।

**झुग्गी डालकर रह रहा था पूरा परिवार-** मो. साहिल अपने परिवार के साथ उन्नाव के शुक्लागंज मनोहर नगर (पानी टंकी के पास) पिछले कई सालों से झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहा था। पूछताछ के दौरान पुलिस ने युवक की पत्नी, बहन, बहनोई, बीमार पिता और चार बच्चों समेत कुल 10 लोगों से पूछताछ की है।

**क्या बोले डीसीपी पूर्वी-** डीसीपी पूर्वी कानपुर सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि युवक की गतिविधियां संदिग्ध थीं और उसके पास वैध दस्तावेज़ों की अनुपस्थिति के चलते जांच को आगे बढ़ाया गया है। युवक की पत्नी अजीदा के अनुसार उनके ससुर को 11 साल पहले पक्षाघात हुआ था। उनका इलाज कराने के लिए वे आठ साल पहले म्यांमार से भारत आए थे। परिवार में चार भाई, एक बहन और बहनोई भी शामिल हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से युवाओं में शिक्षा एवं देश प्रेम की भावना जागेगी: असीम

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** ब्लाक साण्डी में ग्राम गुर्रा के नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव पर परिचर्चा व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद प्रभारी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण श्री असीम अरूण ने दीप प्रज्ज्वलित एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से युवाओं में शिक्षा एवं देश प्रेम की भावना जागेगी और देश की आर्थिक स्थिति बढ़ने से देश का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक गरीब एवं जरूरत मंद की हर संभव कर रही है और अपराध व अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया।



इसके उपरान्त मंत्री जी ने ब्लाक साण्डी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 12 गांवों के विकास कार्यो के शिलापट से पर्दा हटाकर लोकार्पण किया तथा ब्लाक परिसर में नव निर्मित कॉन्फ्रेन्स हॉल का फीता काट कर अनावरण किया एवं ब्लाक सभागार में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गोष्ठी में विद्यालय की एक छोटी छात्रा द्वारा प्रदेश के सभी 75 जिलों एवं राज्यों के नाम सुनाने पर छात्रा को आर्शीवाद देते हुए कहा कि आज प्रदेश में शिक्षा की अलख तेजी से जाग रही है और नवनिहाल व युवाओं का रूझान शिक्षा के प्रति तेजी से बढ़ रहा है जो आने वाले समय में देश की ताकत बनेगा। इस अवसर पर विधायक साण्डी प्रभाष कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप ब्लाक के सभी ग्रामों विकास कार्य कराये जा रहे और असहाय एवं गरीब को सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, क्षेत्रीय मंत्री पीके वर्मा सहित ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, अन्य जनप्रतिनिधि तथा भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुल स्वीकृति के बाद आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** गंगाघाट पुल के पुर्ननिर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 23525.63 लाख रुपये की स्वीकृति मिलने के बाद आज शुक्लागंज की जनता व जनपदवासियों की ओर से गंगापुल तिराहा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, सभासद विशाल त्रिपाठी, धर्मेंद्र सोनकर द्वारा सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को माला पहना, गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, मनीष जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, विजय राज, सुरेश तिवारी, ध्रुव, मनोज गुप्ता, अरविंद तिवारी, सुंदरलाल तिवारी, आशीष अटल, महेश गुप्ता, शिवराम, सूरवीर सिंह, केडी त्रिपाठी, राजेश तिवारी, अमरेंद्र गुप्ता, आशीर्वाद तिवारी, राधेश्याम शुक्ला सहित बडी संख्या मे नगरवासी उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम ने बैंकों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जिले की पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। जिले के समस्त थानाक्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा बैंकों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बैंक परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों अग्निशामक यंत्र, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की कार्यशीलता की जांच की गई।

बैंक के आस.पास खड़े संदिग्ध वाहनों की जानकारी की गई साथ ही बैंक में घूम रहे संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर उन्हें बैंक से हटाया गया। पुलिस के निरीक्षण दौरान बस स्टैण्ड क्षेत्र में गश्त करते हुए विभिन्न बसों एवं ऑटो वाहनों की तलाशी ली गई। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक पूछताछ की गई। यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए गए एवं उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा हो। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें। बैंक में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

## सड़क पर गिरे 5 हजार रुपये बुजुर्ग को लौटाकर पेश की ईमानदारी

**महोबा।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राईवेट बस स्टेंड के पास एक ई-रिक्शा सवार बुजुर्ग के पांच हजार रुपये सड़क पर गिर गए, रिक्शे के पीछे आ रहे यातायात पुलिस के आरक्षी ने पांच हजार रुपये उठाकर रिक्शे का पीछा करके रिक्शा सवार बुजुर्ग को पांच हजार रुपये लौटा दिए। गिरी हुई धनराशि पाकर बुजुर्ग का चेहरा खुशी से खिल उठा। यातायात पुलिस आरक्षी रोहित यादव शुक्रवार को यातायात कार्यालय जा रहा था, उसके आगे चल रहे रिक्शे से पांच हजार रुपये गिर गए, तभी आरक्षी ने बुजुर्ग की जेब से गिरे पैसे देख लिए उसने पैसे उठाकर आगे जाकर ई-रिक्शे को रुकवाया और रिक्शा सवार बुजुर्ग को पांच हजार रुपये लौटा दिए। पुलिस कर्मचारी की ईमादारी देख कर खुशी से बुजुर्ग की आंखें नम हो गई, और उसने पुलिस कर्मचारी को खुश रहने का आर्शीवाद दिया। पुलिस कर्मचारी की ईमानदारी पर पुलिस अधिकारियों ने आरक्षी के इस कार्य की सराहना की और उसकी पीट थपथपाई, इतना ही नही विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने आरक्षी को सम्मानित करने की भी बात कही। आरक्षी के ईमानदारी भरे कार्य ने पुलिस विभाग की छवि को मजबूत किया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पुलिस आरक्षी ने जो ईमानदारी की छवि पेश की है इससे पुलिस महकमा खासा गदगद है।

# पुलिस बूथ में बैठाने पर चालक ने की फांसी लगाने की कोशिश



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** शहर के व्यस्तम चैराहा परमानंद में लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते समय चालक ने चैराहे पर खड़ी पुलिस की केन में टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को रोका और पूछताछ के लिए पुलिस के बूथ में उसे अंदर बैठा दिया। तभी ट्रैक्टर चालक ने शर्ट उतारकर गले में फंदा डालकर फांसी लगाने का प्रयास किया, इससे बूथ के बाहर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने बूथ का दरवाजा तोड़कर अंदर फांसी लगा रहे ट्रैक्टर चालक को बाहर निकालकर डॉक्टरी कराने के बाद उसे कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के जिला छतरपुर के ग्राम प्रकाश बम्हौरी निवासी विनोद 27 पुत्र रमेश गुरूवार की रात को महोबा आया हुआ था, लौटते समय उसने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते समय परमानंद चैराहे पर पुलिस की क्रेन में टक्कर मार दी। जिससे पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को पुलिस बूथ के अंदर बैठा दिया, चालक ने बूथ के अंदर से कुंडी लगाकर शर्ट से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या का प्रयास करने लगा, तभी पुलिस ने उसे नीचे उतार कर जिला अस्पताल भेज कर डॉक्टरी कराई। डॉक्टरी दौरान युवक नशे में पाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि युवक नशे में था। पुलिस के बूथ के अंदर फांसी लगाने का प्रयास करने की खबर शहर में फैल गई, जिससे मौके से लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। यातायात प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि युवक ने पूछताछ के दौरान जमकर हंगामा किया और आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## डी एम ने आश्रम जाकर गौशाला को देखा गौ माताओं को गुड खिलाया



**सम्भल (बहजोई)** जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड सम्भल के ग्राम अट्ठा अतौरा स्थित संतोष पुरी आश्रम जाकर ब्रह्मलीन श्री महंत दुखहरण पुरी जी महाराज की सिद्ध समाधि एवं मंगल पुरी जी महाराज तथा संतोष पुरी जी महाराज जी की सिद्ध समाधियों के दर्शन किए तथा अट्ठेश्वर महादेव के दर्शन किए तथा आश्रम में विकासखंड द्वारा तैयार करायी गयी गौशाला को भी देखा तथा गौ माताओं को जिलाधिकारी द्वारा गुड़ भी खिलाया गया तथा आश्रम के पास स्थित मार्ग को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संतोष क्षेत्रीय कृषक राष्ट्रीय इन्टर कॉलेज अट्ठा अतौरा का निरीक्षण भी किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, कर्ण पुरी जी महाराज, अंनतपुरी जी महाराज एवं खंड विकास अधिकारी सम्भल प्रेम पाल एवं संतोष क्षेत्रीय कृषक राष्ट्रीय इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन चौपाल गांव की समस्या गांव मे समाधान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सम्भल (बहजोई)** विकासखंड असमोली के उच्च प्राथमिक विद्यालय सीडल माफी में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जन चौपाल गाँव की समस्या,गाँव में समाधान का आयोजन किया गया तथा विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा कैम्प एवं शासन की योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गये ताकि ग्रामीण लोग शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

जिला पंचायती राज अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा अन्य योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को बताया तथा उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के कचरा वाहन ग्रामीण परिवारों के यहाँ से कचरा उठान करते हैं जिसमें एक रुपए प्रति दिन सेवा शुल्क रहेगा। यह कचरा आर आर सी सेंटर पर एकत्र होगा। जन चौपाल में गोल्डन कार्ड को लेकर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। संस्थागत प्रसव के विषय में जानकारी दी? गयी। एएनसी जांच के विषय में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों को बताया गया कि पूरे गर्भधारण में 4 जांच होती हैं, सरकारी अस्पतालों में ही गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराना चाहिए। सरकारी अस्पतालों में अच्छी सुविधाएं? प्राप्त होती हैं।

सरकारी अस्पतालों में 1,9,16, 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं की जांचें होती हैं। अन्य विभागों द्वारा भी अपने विभागों से संबंधित योजनाओं के विषय में बताया गया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि प्रत्येक ग्रामीण अपने? घर के आगे सोख्ता बनाएं तथा? पानी? का दुरुपयोग न करें। जिलाधिकारी ने सोख्ता को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की। ग्राम में ग्राम कुल के लोग माह में एक बार रैली करते हैं या नहीं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की गई। सरकारी विद्यालय में बच्चों के अधिक से अधिक पंजीकरण हो इसको लेकर भी निर्देशित किया। ग्रामीणों के द्वारा की गई शिकायत कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ती कमलेश दीक्षित मुरादाबाद में रहती हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को उनको हटाने के निर्देश दिए।

## बिना तेल के पानी में चिकन बनती है फराह खान

# तंदूर या ओवन की नहीं जरुरत, नोट करें आसान विधि

अगर आपको चिकन खाना सबसे ज्यादा पसंद हैं और इसे नए तरीके बनाना चाहते हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। यदि आप तंदूर या ओवन के बिना टेस्टी और जायकेदार चिकन बनाना चाहते हैं, तो आप फराह खान की इस रेसिपी को जरुर फॉलो करें। इस खास तरीके में चिकन को तेल या घी में फ्राई करने की जरुरत नहीं हैं बल्कि इसे आप पानी में उबालकर पका सकते हैं। इससे यह कम कैलोरी वाला और हल्का लेकिन काफी स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए बिना देर किए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।



***सामग्री***

- चिकन- 500 ग्राम (बोनलेस या हड्डी वाला)
- पानी- 2 कप
- अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- गरम मसाला- आधा छोटा चम्मच
- नमक- स्वादानुसार
- नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच
- सरसों के बीज का पेस्ट- 1 बड़ा चम्मच
- फ्रेश धनिया- 2 चम्मच

***पानी में पकने वाला चिकन को बनाने का तरीका***

- सबसे पहले चिकन को अच्छे से धो लें। फिर इसे एक प्लेट में निकालकर रख दें। अब आप ऊपर से नमक, तेल और लाल मिर्च पाउडर को डालकर अच्छी तरह से मिलाएं।
- इसके बाद काली मिर्च, नींबू का रस, लहसुन-अदरक का पेस्ट और सरसों का पेस्ट डालकर अच्छी तरह से मिलाकर चिकन को पर मसाला लगा दें।
- अब इसे आप एक पैन में डालकर रखें और इतना डालकर रखें, ताकि चिकन आधा भीग जाए। फिर इसे ढक्कर पकाएं और तब तक इसको पकाए, जब तक इसका पानी सूख न जाए।
- जब पानी सूख जाएं तभी गैस बंद करनी है और प्लेट में निकालकर सर्व करना है, जिससे स्वाद अच्छा रहे। ऊपर से नींबू का रस और हरा धनिया भी डाल सकते हैं।

# ब्रेकफास्ट में बनाएं एगलेस अंडा भुर्जी, नोट कर लें प्रोटीन से भरपूर इस डिश की रेसिपी

कुछ डिश ऐसी होती हैं, जो कम समय में बनकर तैयार हो जाती हैं और यह टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी होती हैं। ऐसी ही एक डिश अंडा भुर्जी है। सुबह ऑफिस के लिए देर हो रही हो, या फिर कुकिंग में हाथ तंग हो। तो आप कम समय में आसानी से अंडा भुर्जी बनाकर तैयार कर सकती हैं। यह डिश प्रोटीन से भरपूर होती है और सेहतपसंद लोगों की लिस्ट में टॉप पर आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना अंडा के भी बिलकुल यही अंडा भुर्जी बनाकर तैयार कर सकते हैं।

भले ही यह आपको सुनने में अजीब लगे, लेकिन यकीन मानिए बिना अंडे के भी आप स्वादिष्ट अंडा भुर्जी बना सकती हैं। अगर आप वेजिटेरियन हैं या फिर आप किसी अन्य वजह से अंडा नहीं खा रहे हैं, तो आप फटाफट बनने वाली प्रोटीन रिच एगलेस अंडा भुर्जी बना सकते हैं। आपको एक बार इसे जरूर ट्राई करना चाहिए।



***एगलेस भुर्जी बनाने की सामग्री***

बेसन- 1 कप
फ्रेश दही- 4-5 चम्मच
अलसी के बीजों का पाउडर- 1 चम्मच
नमक- स्वादानुसार
पानी- 1 तिहाई कप
एक प्याज- बारीक कटी हुई
शिमला मिर्च- कटी हुई
गाजर- आधी कटी हुई
टमाटर- आधा कटा हुआ
हरी मिर्च- 2
लाल मिर्च- 1 चम्मच
हल्दी- 2 चम्मच
हरा धनिया- बारीक कटा हुआ

***ऐसे बनाएं प्रोटीन रिच एगलेस भुर्जी***

एगलेस भुर्जी बनाने के लिए सबसे पहले बैटर तैयार कर लें। अब एक बड़े बाउल में अलसी के बीजों का पाउडर, बेसन, दही, पानी और नमक डालकर गाढ़ा घोल बनाकर तैयार कर लें। जैसा आप डोसा के लिए बैटर बनाते हैं। इसकी कंसिस्टेंसी भी वैसी ही रखें। अब गैस पर पैन या तवा चढ़ाएं और उसको गर्म होने दें। फिर तवे पर थोड़ा सा तेल डालें और इसमें सरसों के दाने चटका लें। अब कटी हुई प्याज डालकर सुनहरी होने तक भून लें।

फिर कटा हुआ बारीक टमाटर डालें और इसको भी सॉफ्ट होने तक भून लें। इसके बाद कटी हुई शिमला मिर्च, हरी मिर्च, गाजर और सभी सब्जियों का कच्चापन निकलने तक पकाएं। सभी सब्जियों का पका लें और इसमे कुछ बेसिक मसाले जैसे जीरा पाउडर, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिला लें। इन सब चीजों को अच्छे से मिलाएं फिर पैन पर अच्छे से सब्जियों को अच्छे से फैला लें। इसके ऊपर बेसन वाला बैटर डाल दें। इस दौरान ध्यान रखें कि यह बैटर एक ही जगह पर नहीं डालना है, बल्कि इसको पूरी सब्जियों को कवर करते हुए पैन पर फैलाते हुए डालें। अब इसको कुछ देर ढककर पकने दें। जब बेसन साइड से हल्का सा पकने लगे, तो इसको चलाते हुए कुछ देर पकाएं। इसको तब तक पकाना है, जब तक कि इसका टेक्सचर भुर्जी की तरह न हो जाए और इसका रंग थोड़ा सा ब्राउन हो जाए। इसके पकने के बाद गरमा-गरम भुर्जी को रोटी-पराठे या फिर ब्रेड के साथ सर्व करें।

# बालों को लंबा और घना बनाने के लिए लगाएं ये हेयर जेल, खुश कर देगा रिजल्ट

वैसे तो लंबे बाल हम सभी को पसंद होते हैं। लेकिन बाल तभी बढ़ते हैं, जब बालों की अच्छे से केयर की जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि बालों को सही पोषण की जरूरत होती है। बालों की सही केयर करने से यह लंबे और मजबूत होते हैं। ऐसे में बालों को लंबा और मजबूत बनाने के लिए हम में से बहुत से लोग मार्केट के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आप घर के बने हेयर जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। घर पर बना हेयर जेल बालों को हेल्दी रखने में भी सहायता करता है।

आप फ्लैक्स सीड्स की मदद से इस हेयर जेल को बना सकते हैं। हालांकि आप इसको लगाने से पहले एक्सपर्ट सलाह ले सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फ्लैक्स सीड्स से आप हेयर जेल कैसे बना सकती हैं और इसको लगाने से क्या-क्या फायदे मिलते हैं।



***जेल बनाने की सामग्री***

एलोवेरा जेल - 2 चम्मच
फ्लैक्स सीड्स - 2 चम्मच
पानी - 1 कप
नारियल तेल - 1 चम्मच

***इस तरह बनाएं हेयर जेल***

एक पैन में पानी डालकर फ्लैक्स सीड्स को अच्छे से पकाएं।

इसको मीडियम आंच पर पकाएं, जबतक यह अच्छे से गाढ़ा न हो जाए।

वहीं पैन का पानी जब जेल में बदल जाए, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें।

अब फ्लैक्स सीड्स के जेल को छानकर एक कटोरी में निकाल लें।

इसके बाद इसमें ताजा एलोवेरा जेल और नारियल तेल को मिक्स करें।

ऐसे करें हेयर जेल का इस्तेमाल

सबसे पहले बालों को सुलझा लें।

फिर स्कैल्प में जेल अप्लाई करें और हल्के हाथों से मसाज करें।

वहीं 30-40 मिनट लगा रहने दें।

फिर हल्के शैंपू से बालों को साफ कर लें।

***हेयर जेल के फायदे***

एलोवेरा जेल बालों को नमी और डैंड्रफ को करने का काम करता है। इससे बाल हेल्दी नजर आते हैं।

फ्लैक्स सीड्स बालों को मजबूती देने का काम करता है। इसलिए आपको बालों में फ्लैक्स सीड्स का जेल लगाना चाहिए।

नारियल तेल बालों को गहराई और पोषण देने का काम करता है।

बालों को लंबा करने के लिए आप सही नुस्खों को ट्राई करें। वहीं किसी भी चीज को इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। इससे आप सही चीजों को बालों में इस्तेमाल कर पाएंगी। साथ ही बालों की स्कैल्प हेल्दी रहेगा और आपको बालों पर मार्केट के केमिकल्स वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# घर पर बनाएं चॉकलेट कप केक, रिश्तों में घुलेगी मिठास



आप घर पर चॉकलेट कप केक जरुर बनाएं। इसे बनाना काफी आसान है, जो इसको एक बार खाएगा, इसको बार-बार खाना पसंद करेगा। आइए आपको वैलेंटाइन स्पेशल टेस्टी चॉकलेट कप केक की रेसिपी बताते हैं।

***चॉकलेट कप केक बनाने के लिए सामग्री***

- 1/2 कटोरी कंडेन्स्ड मिल्क
- 2 चम्मच चीनी का बूरा
- 1/4 चम्मच चीनी पाउडर
- 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा
- 1/2 चम्मच वनिला एसेंस
- 1 चम्मच कोको पाउडर
- 1/4 कटोरी रिफाइंड ऑयल
- 1 कटोरी मैदा
- 1/2 गिलास दूध
- 1 चम्मच आइसिंग शुगर सिरप
- 1 चम्मच स्प्रिंकल्स

***चॉकलेट कप केक बनाने की विधि***

सबसे पहले आप एक बर्तन में कंडेन्स्ड मिल्क डालकार उसमें चीनी का बूरा, बेकिंग सोडा, वनिला एसेंस और कोको पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। फिर आप इसमें रिफाइंड ऑयल, मैजा और दूध डालकर अच्छे से सभी चीजों को मिला लें। अब कप केक के तैयार बैटर को मफिन मोल्ड में डालकर 200 डिग्री सेंटीग्रेड पर 18 से 20 मिनट तक बेक करें। फिर आप कटर से मफिन को काटकर ऊपर से आइसिंग शुगर और स्प्रिंकल्स से सजा लें और आपका स्वादिष्ट वैलेंटाइन स्पेशल चॉकलेट कप केक तैयार है।

# अब नहीं फटेगा पराठा बनाते समय इन जरुरी टिप्स को फॉलो करें, फूले-फूले बनेंगे पराठें

सर्दियों के दौरान आलू और गोभी का पराठा खूब खाया जाता है। सुबह-सुबह नाश्ते में कई घरों में पराठें जरुर बनते हैं। कई लोगों को पराठा खाने का शौक भी होता है। लेकिन जब पराठें बनाते हैं तो स्टाफिंग के कारण वो फटने लगते हैं। लेकिन अब आप इन टिप्स को फॉलो करेंगी तो आपके पराठें एकदम में परफेक्ट बनेंगे। चलिए आपको इन टिप्स के बारे में बताते हैं।



***नहीं फटेगा आपका पराठा***

- सबसे पहले जरुरी है कि सही तरह से आटा गूंदना, जिससे बेलते समय आपके पराठें का स्टाफ नहीं फटेगा। इसके अलावा आटा गूंदते समय उसमें एक चम्मच बेसन और चम्मच घी मिला लें। इसके बाद गुनगुने पानी से आटा को गूंदें, जिससे आटा मुलायम होगा और परांठा भी नहीं फटेगा।
- ऐसे कई लोग है जो आटा गूंदने के तुरंत बाद परांठा बनाना शुरु कर देते हैं, जिसके कारण परांठा अच्छा नहीं बन पाता है। आटा गूंदने के बाद कम से कम 10 से 15 मिनट तक इसे ढककर रख दें। ऐसा करने से ग्लूटन सेट होता और आपका परांठा भी स्वादिष्ट बनेगा।
- पराठें के लिए स्टाफ तैयार करते समय सब्जियों से अतिरिक्त पानी निकाल लें। उबले आलू से नमी कम करने के लिए उसे फ्रिज में रख दें। जैसा कि गोभी, मूली और मेथी जैसी सब्जियों को निचोड़कर पानी निकाल लीजिए।
- जब आप पराठें बनाएं तो डबल लेयर वाला बनाएं। रोटी बेलकर आधे हिस्से पर स्टाफिंग रखें और फिर रोटी को बीच से मोड़ दें। आधे हिस्से पर भरानवन लगाकर रोटी को दोबारा मोड़ें और तिकोना आकार दें। फिर पराठे को बेलकर तवे पर सेंक लीजिए।
- भरावन कम होने पर पराठें में कोई स्वाद नहीं रहता है, इसलिए ज्यादा भरावन होने से पराठा बेलना मुश्किल हो जाता है जिस कारण से पराठा फटने लगता है। यदि आप टेस्टी और खूबसूरत भरावन परांठा बनाना चाहती है, तो ऐसे में भरावन की मात्रा का ध्यान रखें।

# मेथी मटर मलाई बनाते समय ये छोटे-छोटे टिप्स आएंगे आपके काम

जब हम हर दिन एक ही तरह की डिश खाते हैं तो बोरियत होने लगती है। ऐसे में कुछ अलग व नई तरह की रेसिपी खाने का मन करता है। अगर आप भी छुट्टी के दिन एक क्रीमी और नई डिश खाना चाहती हैं तो ऐसे में मेथी मटर मलाई बनाकर खा सकते हैं। इसे ताज़ी मेथी के पत्ते, मटर और क्रीम की मदद से बनाया जाता है। इसका स्वाद बेहद ही लाजवाब होता है। जहां मटर स्वाद में मिठास लाते हैं और ताज़ी मेथी के पत्तों का क्रिस्पीनस और क्रीमी टेस्ट इस डिश को एक अलग ही टेस्ट देते हैं। क्रीम डालने से इस डिश का स्वाद और भी बढ़ जाता है। मेथी मटर मलाई को आप रोटी से लेकर नान, पराठा या फिर चावल किसी के साथ भी सर्व कर सकते हैं। यह डिश खाने में काफी अच्छी लगती है, बस जरूरत है कि आप इसे बनाते समय कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ टिप्स के बारे में बता रहे हैं।

***फ्रेश इंग्रीडिएंट का ही करें इस्तेमाल***

अगर आप मेथी मटर मलाई का एक बेहतरीन टेस्ट चाहती हैं तो कोशिश करें कि आप फ्रेश इंग्रीडिएंट का ही चयन करें। ध्यान दें कि मेथी के पत्ते ताजा हो, वे पीले या मुरझाए हुए ना हो। इसी तरह, मटर भी ताजा व मीठी हो। अगर आपके पास ताजी मटर नहीं है, तो आप फ्रोजन मटर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। क्रीम का हैवी व फ्रेश होना भी जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता है तो इससे सब्जी का स्वाद बिगड़ जाता है।

***मेथी के पत्तों को करें तैयार***

मेथी मटर मलाई बनाते समय ताजा मेथी के पत्तों का इस्तेमाल करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ-साथ उन्हें सही तरह से तैयार करना भी उतना ही आवश्यक है। वरना मेथी के पत्तों का कड़वापन स्वाद को खराब कर सकता है। इसलिए इसे आप अपनी डिश में डालने से पहले मेथी के पत्तों को उनकी कड़वाहट कम करने के लिए उबाल सकते हैं। इसके लिए आप एक बर्तन में थोड़ा पानी डालकर उबालें और फिर उसमें एक चुटकी नमक डालें। अब आप इसमें कटी हुई मेथी की पत्तियां डालकर पानी के उबलने के बाद दो से तीन मिनट तक पकाएं। ब्लांच करने के बाद, मेथी को जल्दी से बाहर निकालें और इसे बर्फ के पानी में डुबो दें ताकि यह पकना बंद हो जाए और इसका चमकीला हरा रंग बना रहे।



***तैयार करें क्रीमी बेस***

मेथी मटर मलाई काफी क्रीमी होती है और इसलिए इसे सही तरह से बनाना जरूरी होता है। मेथी मटर मलाई को क्रीमी बनाने के लिए आप सही रेसिपी को फॉलो करें। इसके लिए एक पैन में एक बड़ा चम्मच तेल या घी डालकर गर्म होने दें। काजू, कटे हुए प्याज डालें और उन्हें भूरा होने तक पकाएं और फिर उन्हें हरी मिर्च के साथ पीसकर पेस्ट बना लें। दूसरे पैन में थोड़ा तेल गर्म करें। एक बार जब यह गर्म हो जाए तो जीरा डालें और उन्हें फूटने के लिए कुछ सेकंड दें। काजू प्याज का मिश्रण, और अदरक लहसुन का मिश्रण डालें ताकि यह गाढ़ा और गर्म हो जाए। उसके बाद कटे हुए टमाटर डालें और उन्हें नरम होने तक गर्म करें और एक समान मिश्रण बनाने के लिए मिलाएं। थोड़ा गरम मसाला, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और अधिक स्वाद के लिए लाल मिर्च पाउडर छिड़कें। इससे एक स्वादिष्ट मसाला बनता है जो आपकी चिकनी करी का बेस है। जब मसाले अच्छी खुशबू देने लगें और पूरी तरह पक जाएं, तब ब्लांच की हुई मेथी की पत्तियां और मटर डालें। अंत में, हैवी क्रीम डालकर लगातार फेंटें।

## एक बार घर पर बना लें कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स

# सब बार-बार खाने के लिए मांगेंगे, नोट करें आसान विधि

भारत में इन दिनों कोरियन खाने का ट्रेंड खूब बढ़ गया है। आजकल सोशल मीडिया पर भी कोरियन खाने की रेसिपीज वायरल होती रहती हैं। कोरियन स्पाइसी नूडल्स को ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं क्योंकि ये खाने में काफी अलग और बेहद टेस्टी है। यदि आप ने भी कोरियन डिशेज नहीं खाई हैं, तो आप घर आसानी से कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है, चलिए आपको रेसिपी बताते हैं।



***कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए आपको चाहिए***

- चार उबले मसले हुए आलू
- चार बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर
- एक बड़ा चम्मच तेल
- चार से पांच लहसुन की कटी हुई कलियां
- दो बड़े चम्मच सोया सॉस
- एक बड़ा चम्मच कटा हुआ हरा धनिया
- आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर
- आधा छोटा चम्मच सफेद तिल
- एक से डेढ लीटर पानी

***कैसे बनाएं कोरियन चिली पोटैटो बॉल्स***

इसे बनाने के लिए चिली पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आलू लें और इसे अच्छे से धो लें। फिर इन आलू को अच्छे से उबाल लीजिए। उबालने के बाद इन आलू को मसले लें। अब 4 बड़े चम्मच कॉर्नफ्लोर आटा मसले आलू में डाल दीजिए और इसे अच्छे से मिलाएं। आलू का आटा आपका तैयार है। इस आटे का छोटा-छोटा हिस्सा लें और बॉल्स तैयार कर लें। अब एक पैन में एक लीटर पानी और एक बड़ा चम्मच तेल डालें और इसमें आलू के बॉल्स डालें। फिर इसे कम से कम 10 मिनट तक उबालें। अब इन उबले आलू में धनिया पत्ती. चार लहसुव की कटी हुई कलियां, जो बड़े चम्मच सोया सॉस, आधा बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, सफेद तिल और आधा कप गर्म तेल डालें। सभी को अच्छे से मिलाएं और कोरियाई चिली पोटैटो बॉल्स का मजा लें।

# चेहरे पर ग्लिसरीन लगाना पड़ सकता है भारी

## इस्तेमाल करने से पहले जरूर करें पैच टेस्ट

ग्लिसरीन हमारी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद मानी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कई बार यह त्वचा के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है। अधिकतर लोग खूबसूरती बढ़ाने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल करते हैं। ग्लिसरीन एंटी-एजिंग के तौर पर काम करती है। इससे मुंहासे कम होते हैं और ब्लैकहेड्स दूर होते हैं। लेकिन ग्लिसरीन के तमाम सारे फायदों के साथ कई नुकसान भी होते हैं। कई बार इसके इस्तेमाल से जलन, एलर्जी और सूजन आदि की समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि ग्लिसरीन लगाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।

त्वचा का लाल होना

कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है, तो त्वचा लाल होने लगती है। ऐसे में आपको अगर ग्लिसरीन सूट नहीं करती है या फिर एलर्जी है, तो आपको फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसी स्थिति में ग्लिसरीन लगाने से त्वचा लाल हो सकती है। इसलिए जब फेस पर पिंपल्स हों, तो आपको फेस पर ग्लिसरीन नहीं लगाना चाहिए।

चेहरे पर चकत्ते होना

त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से कई बार फेस पर चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ग्लिसरीन लगाने से पिंपल्स की समस्या हो जाती है। या फिर दाने का खतरा बढ़ सकता है। इस परेशानी से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले थोड़ा सा हाथ पर पैच टेस्ट करके जरूर देखें।

सूजन की समस्या

बता दें कि त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से सूजन की समस्या हो सकती है। कई बार त्वचा पर ग्लिसरीन लगाने से इसमें मौजूद तत्व त्वचा पर सूजन ला सकते हैं। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आपको ग्लिसरीन का इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करना चाहिए।

# अनईवन स्किन टोन से खराब हो रही चेहरे की सुंदरता, इस फेसपैक से मिलेगी ग्लोइंग स्किन

अनईवन स्किन टोन एक कॉमन समस्या है। लेकिन यह आपके फेस की सुंदरता को बिगाड़ने का काम कर सकती है। इस तरह की स्किन होने पर त्वचा कहीं ज्यादा डार्क हो जाती है, तो कहीं पर लाइट रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए आप घरेलू फेसपैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे चेहरे की सुंदरता खराब हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से निपटने के लिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक फेसपैक के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसको अप्लाई करने से आपको अनईवन स्किन टोन से छुटकारा मिल सकता है।



***ऐसे बनाएं ये फेसपैक***

इस फेसपैक को बनाने के लिए आप सबसे पहले चावन को पानी में डालकर अच्छे से उबाल लें। जब चावल पक जाएं, तो इसको ठंडा होने के लिए रख दें और साथ ही इसका पानी भी ब्लेंड कर लें। ब्लेंड करने के बाद गाढ़ा पेस्ट बनाएं। फिर इसको एक कटोरी निकालें और एक टमाटर का गूदा चावल के पेस्ट में मिलाएं। फिर इसमें एक चम्मच शहद मिलाएं और अच्छे से मिक्स करें। इस तरह से आपका फेसपैक बनकर तैयार हो जाएगा।

***ऐसे करें अप्लाई***

इस फेस पैक को अप्लाई करने के लिए सबसे पहले चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। आप फेस को साफ करने के लिए फेसवॉश का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। या फिर किसी अच्छे क्लींजर से चेहरे को साफ कर सकते हैं। वहीं अगर आप अपने चेहरे पर केमिकल वाले प्रोडक्ट्स नहीं लगाते हैं, तो सबसे पहले चेहरे को पानी से धोएं और थपथपाकर सुखाएं। फिर थोड़े से दूध में रुई डिप करके अपने पूरे फेस पर रुई अच्छे से फेरकर चेहरे को साफ करें। अब साफ चेहरे पर फेसपैक अप्लाई करें और इसको लगाने के कम से कम 15 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें।

***ऐसे हटाएं फेसपैक***

जब यह फेसपैक अच्छे से सूख जाएं, तो सबसे पहले अपने हाथों को गीला करें और फिर सर्कुलर मोशन चेहरे की मसाज करते हुए इस पैक को साफ करना है। आखिरी में चेहरे को पानी से अच्छे से धोएं और फिर फेस पर गुलाब जल अप्लाई करें।

## जी परमेश्वर के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी कांग्रेस की गुटबाजी का नतीजा;

**बेंगलूरू।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वर से जुड़े ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी के मामले में राजनीति तेज हो गई है। अब भाजपा के कई नेताओं ने इसे लेकर कांग्रेस की कर्नाटक इकाई को ही आड़े हाथों ले लिया है। जहां केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने दावा किया है कि जी परमेश्वर के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के भीतर गुटबाजी का नतीजा है। वहीं, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने छापेमारी को लेकर कर्नाटक सरकार का मजाक उड़ाया। साथ ही कहा कि उन्हें केवल अपने कांग्रेस मित्रों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रह्लाद जोशी ने निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के एक गुट ने ईडी को सारी जानकारी मुहैया कराई थी, जिसके कारण परमेश्वर से जुड़े संस्थानों पर छापेमारी की गई। गडग में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि ईडी को कार्रवाई करने के लिए किसने पत्र लिखा? कांग्रेस के एक गुट ने परमेश्वर के खिलाफ सारी जानकारी ईडी को भेज दी और अब वे यहां नाटक कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी जानते हैं कि कांग्रेस के कौन से सदस्य हैं जिन्होंने गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए ईडी को जानकारी दी । वे सब कुछ जानते हुए भी नाटक कर रहे हैं। परमेश्वर एक सभ्य राजनेता हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने भी जी परमेश्वर से जुड़े शैक्षणिक संस्थानों पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी को लेकर कर्नाटक सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राज्य के गृह मंत्री को केवल अपने कांग्रेस मित्रों के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री और नेता ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर बेकार ही हमला कर रहे हैं । कुमारस्वामी ने कहा कि पिछले दो दिनों में कर्नाटक में प्रवर्तन निदेशालय ने कर्नाटक के वर्तमान गृह मंत्री के संस्थानों और कई स्थानों पर छापे मारे हैं। इस मुद्दे पर, कई कांग्रेसी मंत्री केंद्र सरकार पर हमला कर रहे हैं कि केंद्र ईडी और आईटी की शक्ति का दुरुपयोग कर रहा है, लेकिन इस घटनाक्रम के लिए कौन जिम्मेदार है।

## आकाशतीर प्रणाली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाया जलवा

**आत्मनिर्भर**

> डीआरडीओ के अध्यक्ष ने रक्षा क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ने के बारे में भी बात की।



**नई दिल्ली।** भारत के एक शीर्ष रक्षा वैज्ञानिक ने विश्वास जताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी रूप से विकसित आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली की सफलता इसके प्रति अन्य देशों की भी रुचि बढ़ाएगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत के एक शीर्ष रक्षा वैज्ञानिक ने विश्वास जताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी रूप से विकसित आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली की सफलता इसके प्रति अन्य देशों की भी रुचि बढ़ाएगी। पूरी तरह से स्वचालित वायु रक्षा नियंत्रण व रिपोर्टिंग प्रणाली आकाशतीर, पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की नई युद्ध क्षमताओं की अदृश्य शक्ति के रूप में उभरी है। रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख समीर वी कामत ने गुरुवार को पीटीआई से बातचीत में कहा, निश्चित रूप से, हमारी वायु रक्षा प्रणाली ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

मुझे यकीन है कि अन्य देश भी इसमें रुचि लेंगे। डीआरडीओ के अध्यक्ष ने रक्षा क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हालांकि पर्याप्त प्रगति हुई है, लेकिन पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्तर हासिल कर लिया है, लेकिन हमें अभी भी कुछ काम करना है। और मुझे यकीन है कि आने वाले वर्षों में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो जाएंगे।

कामत ने नागपुर की यात्रा के दौरान भारत की रक्षा प्रौद्योगिकी के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त की, जहां उन्होंने ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट के निर्माण पर केंद्रित सुविधाओं का दौरा किया।

आकाशतीर प्रणाली विभिन्न रडार प्रणालियों, सेंसरों और संचार प्रौद्योगिकियों को एकल, मोबाइल, वाहन-आधारित ढांचे में एकीकृत करके दुश्मन के विमानों, ड्रोनों और मिसाइलों का पता लगाने, उन पर नज़र रखने और उन पर हमला करने में सक्षम बनाती है, जिससे शत्रुतापूर्ण वातावरण में इसे संभालना आसान हो जाता है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कि क्या भविष्य के संघर्षों में पारंपरिक हथियार पीछे छूट जाएंगे, क्योंकि युद्ध ऐसे क्षेत्रों में स्थानांतरित हो जाएगा जहां ड्रोन और सिग्नल जैमिंग केंद्रीय भूमिका में होंगे, कामत ने कहा कि भविष्य के युद्ध में पारंपरिक उपकरणों को ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ मिश्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, ÷भविष्य के युद्ध में पारंपरिक उपकरणों के साथ-साथ इन नई चीजों का भी संयोजन होगा... हमें दोनों के लिए तैयार रहना होगा। कामत ने भविष्य के संघर्षों में रोबोटों द्वारा युद्ध के मैदान में सैनिकों की भूमिका निभाने की संभावना से इनकार किया और कहा, एक दिन ऐसा आएगा जब ऐसा हो सकता है, लेकिन निकट भविष्य में नहीं।

## कोटा में ही छात्र क्यों मर रहे? आत्महत्या के मामले बढ़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को फटकारा

**नई दिल्ली।** अदालत ने आईआईटी खड़गपुर के छात्र की आत्महत्या के मामले में एफआईआर चार दिन की से देरी से दर्ज होने पर भी नाराजगी जाहिर की। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि %इन चीजों को बिल्कुल भी हल्के में मत लीजिए, ये गंभीर चीजें हैं।

पीठ ने राजस्थान सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप बतौर राज्य क्या कर रहे हैं? क्यों कोटा में ही ये बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं? क्या बतौर राज्य आप इस बारे में सोच भी नहीं रहे हैं? इस पर राजस्थान सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। बीती 4 मई को आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 वर्षीय छात्र ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## बंगलूरू में नौ महीने का मासूम कोरोना संक्रमित

**बंगलूरू।** देश में कोरोना के मामले में बढ़तमे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि बंगलूरू में नौ महीने के बच्चे में कोरोना की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव हर्ष गुप्ता ने बताया कि 22 मई को रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) के जरिए बच्चे में संक्रमण की पुष्टि हुई। उन्होंने कहा, मरीज की हालत स्थिर है और फिलहाल वह कलासिपाल्या में वाणी विलास अस्पताल में भर्ती है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, बच्चा बंगलूरू ग्रामीण जिले के होसकोटे का रहने वाला है। उसे शुरू में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 21 मई को कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने पुष्टि की कि राज्य में कोविड-19 के 16 सक्रिय मामले सामने आए हैं।

## भारतीय सेना की वीरता को कम करके न आंकें..., भाजपा का कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर को लेकर गैरजिम्मेदाराना बयान देकर सेना की बहादुरी को कमतर करके आंक रहे हैं और दे की सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा कि वह ऑपरेशन सिंदूर पर गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करके भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी को कमतर करके आंकना और देश की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को निशान-ए-पाकिस्तान बताते हुए आरोप लगाया कि पाकिस्तान कांग्रेस नेता के बयान का इस्तेमाल भारत को बदनाम करने के लिए के लिए कर रहा है। भाटिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, आपको तय करना होगा कि आप किसके पक्ष में हैं। क्या आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान?

भाजपा की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने पूछा था कि प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति देकर देश के हितों की क्यों बलि दी? भाटिया ने कांग्रेस नेता से आग्रह किया, राहुल गांधी, हमारे बहादुर सैनिकों के साह

**आरोप**

> भाजपा की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।



और समर्पण को कमतर करके आंकना बंद करें, ऐसे सवाल पूछना बंद करें जो नहीं पूछे जाने चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के बयान केवल बचकाना व्यवहार है। उन्होंने आरोप लगाया, राहुल गांधी का स्वभाव रहा है कि वह जानबूझकर ऐसे सवाल पूछते हैं जो हमारे देश के खिलाफ होते हैं और उन देशो के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं, जो हमारे दुश्मन हैं।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से तीन सवाल पूछते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था, मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए- आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया?

ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी?

आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

## धुले के सरकारी गेस्ट हाउस से करोड़ों रुपये मिलने का मामला

**मुंबई।** शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा कि %अगर खोटकर का कहना है कि उनकी छवि को बदनाम करने के लिए यह पूरी घटना प्लान की गई तो फिर किशोर पाटिल को विधान परिषद अध्यक्ष राम शिंदे ने निलंबित क्यों किया? सीएम फडणवीस को इस मामले को जांच के लिए ईडी को सौंपना चाहिए। शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने धुले के सरकारी गेस्ट हाउस से करोड़ों रुपये मिलने के मामले में सीएम फडणवीस पर सवाल उठाए हैं और पूछा कि सीएम ने इसकी जांच ईडी को क्यों नहीं सौंपी? संजय राउत ने सीएम के जांच के लिए एसआईटी गठित करने के फैसले की भी आलोचना की और कहा कि सीएम को एसआईटी गठित करने की बजाय एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने चाहिए थे।

संजय राउत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सीएम को एसआईटी गठित करने का आदेश देने के बजाय विधायक अर्जुन खोटकर के पीए किशोर पाटिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने चाहिए थे। खोटकर, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक हैं। संजय राउत ने ये भी मांग की कि मामले की जांच के लिए बनी एसआईटी के लिए एक समयसीमा भी तय की जानी चाहिए। विपक्ष का दावा है कि गेस्ट हाउस के कमरे से पांच करोड़ रुपये बरादम हुए हैं। शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा कि अगर खोटकर का कहना है कि उनकी छवि को बदनाम करने के लिए यह पूरी घटना प्लान की गई तो फिर किशोर पाटिल को विधान परिषद अध्यक्ष राम शिंदे ने निलंबित क्यों किया? सीएम फडणवीस को इस मामले को जांच के लिए ईडी को सौंपना चाहिए। मिहाराष्ट्र के धुले जिले के सरकारी गेस्ट हाउस से एक करोड़ 84 लाख रुपये बरामद हुए थे। यह पैसे ऐसे समय बरामद हुए, जब धुले जिले के विकास कार्यों का निरीक्षण करने विधान मंडल की आकलन समिति के 11 विधायक धुले पहुंचे हुए थे। समिति के सदस्यों को धुले के सरकारी गेस्ट हाउस में ठहराया गया था।

## बिहार को मिलेगी एक ओर वंदे भारत मेट्रो, पटना से चलेगी; इन दो में किसी एक शहर को मिलेगी सौगात

**प्रवास**

> इस बीच रेल मंत्री भी दो दिन के प्रवास के लिए बिहार की राजधानी पटना पहुंचे है। वे अगले दो दिन रेलवे के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे



**नई दिल्ली।** पटना-जयनगर नमो भारत ट्रेन की शुरुआत पिछले महीने ही हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया था। पटना से जयनगर के बीच सप्ताह में 6 दिन यह ट्रेन चल रही है। पहले इसका नाम वंदे मेट्रो था। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार एक के बाद एक बिहार के लोगों को चुनावी सौगात दे रही है। इसी कड़ी में बिहारवासियों को एक ओर रूट पर नमो भारत (वंदे मेट्रो) ट्रेन चलाई जा सकती है। इसके लिए भारतीय रेलवे तैयारियां कर रहा है। रेलवे पटना से गयाजी या बक्सर के लिए नमो भारत ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि अभी इन दोनों रूट पर इस ट्रेन के परिचालन की फिजिबिलिटी देखी जा रही है। इससे पहले केंद्र सरकार ने पटना से मधुबनी जिले के जयनगर तक बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन शुरू की है। अब राजधानी पटना से एक नए शहर के लिए यह ट्रेन चलाने की तैयारी हो रही है। इस बीच रेल मंत्री भी दो दिन के प्रवास के लिए बिहार की राजधानी पटना पहुंचे है। वे अगले दो दिन रेलवे के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जानकारी के अनुसार, जयनगर के लिए चलने वाली नमो भारत ट्रेन का रैक 8 घंटे तक पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर खड़ा रहता है। यह ट्रेन सुबह 10 बजे पटना पहुंच जाती है और शाम 6 बजे के आसपास जयनगर के लिए रवाना होती है। इस बीच इस ट्रेन को खाली समय में किसी अन्य शहर के लिए चलाने की मांग रहे है। ऐसे में रेलवे पटना से बक्सर और गयाजी, इन दोनों मार्गों पर नमो भारत ट्रेन के परिचालन की अवधि देखा रहा है। दानापुर रेल मंडल के एडीआरएम आधार राज ने कहा कि दोनों मार्गों में से जिस मार्ग पर चलाना सुगम और अनुकूल होगा, वहां नमो भारत ट्रेन चलाई जाएगी। हालांकि इसका अंतिम फैसला रेलवे बोर्ड लेगा। दरअसल, पटना-जयनगर नमो भारत ट्रेन की शुरुआत पिछले महीने ही हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 अप्रैल को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया था। पटना से जयनगर के बीच सप्ताह में 6 दिन यह ट्रेन चल रही है। पहले इसका नाम वंदे मेट्रो था। इसका किराया 85 रुपये से शुरू होकर अधिकतम 340 रुपये है।

## रूस, जापान और अबू धाबी में भारतीय प्रतिनिधिमंडल; आतंकवाद पर पाकिस्तान को किया बेनकाब

**रूस।** भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहा है। सात अलग-अलग दलों में 51 सांसदों के अलावा कई राजनयिक, पूर्व केंद्रीय मंत्री और नौकरशाह भी शामिल हैं। आतंकवाद पर पाकिस्तानी सरकार की नीतियों को बेनकाब करने के लिए इन प्रतिनिमंडलों को भेजा गया है। डीएमके सांसद कनिमोझी की अगुवाई में एक दल रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचा, जबकि दो अन्य दल जापान और यूएई का दौरा कर चुके हैं। इस खबर में पढ़ें सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से जुड़ी तमाम अपडेट्स

रूस की विदेश मामलों की फेडरेशन काउंसिल कमेटी, जिसका नेतृत्व आंद्रेई डेनिसोव कर रहे हैं - कमेटी के प्रथम उपाध्यक्ष, मास्को में डीएमके सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में आए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार और अधिकारी भी मौजूद हैं।

**जापान**

> डीएमके सांसद कनिमोझी की अगुवाई में एक दल रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचा, जबकि दो अन्य दल जापान और यूएई का दौरा कर चुके हैं।

जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में भारत के एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) की आतंकवाद निरोध पर शोध समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष और जापान के पूर्व न्याय मंत्री यासुहिरो हनाशी से मुलाकात की। अपनी बैठक में सांसदों ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ भारत के एकजुट और दृढ़ रुख पर प्रकाश डाला।



रूस में भारतीय दूतावास के मुताबिक, राजदूत विनय कुमार ने आधिकारिक कार्यक्रम शुरू करने से पहले सांसदों कनिमोझी, राजीव राय, कैप्टन ब्रिजेश चौटा (सेवानिवृत्त), प्रेम चंद गुप्ता, अशोक मित्तल और राजदूत मंजीव पुरी को भारत-रूस संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद बृजलाल ने कहा कि हमें बहुत खुशी हुई कि जापान और उसके लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया। हम करीब 4 दशकों से पीड़ित हैं। 22 अप्रैल के हमले में, उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें मार डाला। एक महिला ने उनसे कहा कि उसे भी मार दो, उसके पति को मार दिया गया तो उन्होंने कहा कि जाओ और प्रधानमंत्री को संदेश दो। उसके बाद हमने सटीक हमला किया। हमने नागरिकों को नहीं मारा, केवल उनके आतंकवादी ढांचे को नष्ट किया। उसके बाद, हमें पता था कि पाकिस्तान जवाबी कार्रवाई करेगा। उन्होंने हमला किया और उसके बाद, हमने उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया। हम पूरी दुनिया को यह बता रहे हैं। आज, पूरी दुनिया समझ रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ की तबाही, चार की मौत; 50 हजार से ज्यादा लोग हुए विस्थापित



**मेलबर्न।** मिन्स ने कहा कि अगर स्वयंसेवक न होते तो मृतकों का आंकड़ा सैंकड़ों में होता। मौसम साफ होने के बावजूद बाढ़ ग्रस्त इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ के चलते कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तटीय इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और तबाही का मंजर है। इस बाढ़ में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति लापता है। गनीमत है कि अब बादल छंट गए हैं और मौसम साफ है, जिससे राहत और बचाव कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बाढ़ और बारिश के चलते 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वी तटीय इलाकों में कम दाब का क्षेत्र बनने पर भारी बारिश हुई थी और अब यह कम दाब का क्षेत्र सिडनी की तरफ चला गया है। बुधवार से न्यू साउथ वेल्स में बाढ़ के पानी से चार शव निकाले गए हैं। तीन लोग वाहन चलाते समय बाढ़ के पानी में बह गए थे, जबकि एक व्यक्ति का शव उसके घर के बरामदे में मिला था। बुधवार रात बाढ़ग्रस्त इलाके में घूमने के दौरान एक 49 वर्षीय व्यक्ति लापता हो गया, जिसकी अभी भी तलाश जारी है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर क्रिस्टोफर मिन्स ने शुक्रवार को बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। मिन्स ने राहत और बचाव कार्यों में लगे लोगों की जमकर तारीफ की और कहा कि आपातकालीन सेवाओं और स्वयंसेवकों ने 678 लोगों को बचाया। मिन्स ने कहा कि अगर स्वयंसेवक न होते तो मृतकों का आंकड़ा सैंकड़ों में होता। मौसम साफ होने के बावजूद बाढ़ ग्रस्त इलाकों की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ के चलते कई सड़कें और पुल तबाह हो चुके हैं।

## मो. यूनुस जल्द दे सकते हैं इस्तीफा: क्या बांग्लादेश की सेना की नाराजगी बनी वजह

**इस्तीफा**

> बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं।



**बांग्लादेश।** बांग्लादेश में अचानक ऐसा क्या बदला है, जिससे देश में सियासी हलचल पैदा हो गई है? बांग्लादेश के सेना प्रमुख की तरफ से हाल ही में ऐसा क्या-क्या कहा गया, जिसे यूनुस सरकार के लिए अल्टीमेटम के तौर पर देखा जा रहा था इसके अलावा हालिया समय में स्वायत्तता के किस मुद्दे पर यूनुस पूरी तरह से घिरते चले गए हैं, जिससे उनकी छवि पर भी असर पड़ा है? उनके और किन फैसलों को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हुई है आइये जानते हैं...

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। बीबीसी की बांग्ला सेवा ने गुरुवार आधी रात को छात्रों के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख एनहिद इस्लाम के हवाले से यह खबर दी। इसमें कहा गया कि यूनुस को लगता है कि राजनीतिक दलों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। नाहिद इस्लाम ने मीडिया समूह से कहा, हम आज सुबह से सर (यूनुस) के इस्तीफे की खबर सुन रहे हैं। इसलिए मैं उस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सर से मिलने गया था। सर ने भी यही कहा कि वे इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि स्थिति ऐसी है कि वे काम नहीं कर सकते। गौरतलब है कि नाहिद इस्लाम अंतरिम सरकार में शुरुआत में खुद यूनुस के सलाहकार के तौर पर काम कर चुके हैं। हालांकि, इसी साल उन्होंने यूनुस से अलग होकर अपनी पार्टी बनाने का एलान कर दिया था।

मोहम्मद यूनुस की तरफ से अपना पद छोड़ने की मंशा जाहिर करने की खबरों के बीच यह जानना अहम है कि आखिर बांग्लादेश में अचानक ऐसा क्या बदला है, जिससे देश में सियासी हलचल पैदा हो गई है? बांग्लादेश के सेना प्रमुख की तरफ से हाल ही में ऐसा क्या-क्या कहा गया, जिसे यूनुस सरकार के लिए अल्टीमेटम के तौर पर देखा जा रहा था? इसके अलावा हालिया समय में स्वायत्तता के किस मुद्दे पर यूनुस पूरी तरह से घिरते चले गए हैं, जिससे उनकी छवि पर भी असर पड़ा है? उनके और किन फैसलों को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हुई है? आइये जानते हैं...

बांग्लादेश में हाल के समय में सियासी और सैन्य स्तर पर काफी हलचल की स्थिति है। ताजा विवाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से अपने विदेश सचिव को हटाने को लेकर उभरा है, जिसे महज आठ महीने पहले ही इस पद पर नियुक्त किया गया था।

विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन, जिन्हें सितंबर 2024 में बांग्लादेश के 27वें विदेश सचिव के तौ पर नियुक्ति मिली थी, उन्होंने हाल ही में यूनुस सरकार के एक फैसले का विरोध किया था।

# केंद्रीय प्रमुख की उपस्थिति में क्रांतिकारी पत्रकार परिषद ने निकाली शौर्य यात्रा

- पूरा कलेक्ट्रेट परिसर राष्ट्र भक्ति के नारों से गूंज उठा पत्रकारों में दिखा अत्यंत



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम से ऑपरेशन सिन्दूर की अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में एवम शहीद वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के संस्थापक केंद्रीय प्रमुख अनिल दूबे आजाद की विशेष उपस्थिति एवं आह्वान पर शौर्य यात्रा निकाली गई जहां शहीद स्तंभ पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। शौर्य यात्रा कृषि भवन पॉलिटेक्निक चौराहा से प्रारंभ होकर शहीद स्तंभ,कलेक्ट्रेट परिसर,जौनपुर तक पहुंची। शौर्य यात्रा में भारत माता की जय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद,भारतीय सेना जिंदाबाद,क्रांतिकारी पत्रकार परिषद जिंदाबाद, केंद्रीय प्रमुख क्रांतिकारी अनिल दूबे आजाद जिंदाबाद पत्रकार एकता जिंदाबाद, वीर शहीद अमर रहे। के नारे लगातार गूंजते रहे। शौर्य यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर में पैदल ही भ्रमण करते हुए शहीद स्तंभ तक पहुंची वहां पर क्रांति स्तंभ पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई एवं 2 मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के केंद्रीय प्रमुख अनिल दूबे आजाद ने आतंकवादियों के विरुद्ध उठाए गए इस ठोस कदम की सराहना करते हुए कहा आज के परिवेश में राष्ट्रवादी सोच रखने वाले मीडिया जगत के सभी साथियों के लिए आवश्यक है क्रांतिकारी पत्रकार परिषद ,प्रदेश प्रभारी तरुण कुमार शुक्ल प्रदेश प्रभारी श्रीधर तिवारी प्रदेश प्रभारी नौशाद खान एवं प्रदेश प्रभारी एडवोकेट एस पी शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा देश सर्वोपरि है आतंकवादी और आतंकवाद दोनों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हमारी बहन बेटियों का सिंदूर उजाड़ने वालों को उन्हीं के भाषा में जवाब देकर सेना ने देश का गौरव बढ़ाया है। भारत सरकार एवं देश की सेना पर गर्व है पूर्वांचल अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा की परिषद पूरे पूर्वांचल के लगभग सभी जनपदों में इस तरह की शौर्य यात्राएं निकालकर सराहनीय कार्य लगातार कर रहा है क्रांतिकारी जगत में भी चर्चा का विषय बन चुका है कि यह संगठन सबसे जागरूक और राष्ट्रवादी संगठन है जिला प्रभारी प्रकाश शर्मा एवं जिलाध्यक्ष चंद्रजीत यादव ने उपस्थित क्रांतिकारी पत्रकार साथी व जन सामान्य के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्वांचल प्रभारी देवेश मिश्रा, मिथिलेश यादव, रिंकू उपाध्याय, जिला संरक्षक लक्ष्मी नारायण पाठक, केराकत तहसील प्रभारी अमित प्रताप यादव, बदलापुर तहसील प्रभारी डॉ संजय गौतम, सदर तहसील प्रभारी दिनेश चतुर्वेदी, नवनियुक्त महाराजगंज ब्लॉक प्रभारी लालचंद गिरी समेत तमाम क्रांतिकारी पत्रकार पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## प्रेम प्रसंग बना विवाद की जड़,दो पक्षों में जमकर मारपीट, 12 गिरफ्तार

**जौनपुर (जफराबाद)।** हरजुपुर गांव में शुक्रवार को एक किशोर-किशोरी के बीच पनप रहे प्रेम संबंधों ने तूल पकड़ लिया और देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस हिंसक घटना में कई लोग घायल हुए, वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांच महिलाओं समेत कुल 12 लोगों को हिरासत में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी एक परिवार की नाबालिग पुत्री और पड़ोसी के नाबालिग पुत्र के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। मोबाइल पर बातचीत के चलते दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। जब यह बात लड़की के परिवार वालो को पता चली, तो वह शिकायत लेकर प्रेमी के घर पहुंची। वहीं दोनों के बीच कहासुनी हो गई और बात गाली-गलौज से होते हुए हाथापाई तक जा पहुंची। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए और जमकर लाठी-डंडे चले। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सभी आरोपियों का चालान न्यायालय भेजा जा चुका है।

# विश्वविद्यालय स्तर पर ग्रामीण जल समस्याओं के समाधान हेतु नई पहल



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जल से जुड़ी समस्याओं पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज विश्वविद्यालय में वाटर रिसर्च ग्रुप की बैठक का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय स्तर पर गठित जल अनुसंधान समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक में भूमिगत जल मूल्यांकन (ग्राउंडवॉटर असेसमेंट), जल जनित बीमारियों और जल में मौजूद अशुद्धियों की पहचान पर विस्तृत चर्चा किया गया। प्रथम चरण में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के जल स्रोतों की वैज्ञानिक जांच करेगी। साथ ही, पानी में मौजूद अशुद्धियों का विश्लेषण कर नैनो टेक्नोलॉजी के माध्यम से शुद्धिकरण की दिशा में कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हमारा शोध केवल शोध पत्रों के प्रकाशन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसका सीधा लाभ समाज को मिलना चाहिए। इसी सोच के साथ इस अनुसंधान समिति का गठन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि समिति द्वारा ब्लॉक स्तरीय जल अध्ययन भी किया जाएगा जिससे व्यापक स्तर पर समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें।

बैठक में समिति सदस्य प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. काजल, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. एस.पी. तिवारी एवं डॉ. रामनरेश यादव रहे।

## अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्पीडन संबंधी प्रकरणों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** निदेशक, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार राज्य कार्यालय लखनऊ वी0के0 सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्पीडन संबंधी प्रकरणों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। निदेशक के द्वारा जनपद में विभिन्न थानों में पंजीकृत और लम्बित अभियोगो की क्रमवार समीक्षा करते हुए उन मुकदमों की अद्यतन स्थिति और अनुसचित जाति के व्यक्तियों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता के सम्बन्ध में की जानकारी प्राप्त की। निदेशक ने निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्पीड़न संबंधी प्रकरणों में संवेदनशीलतापूर्वक और निष्पक्ष होकर कार्य करते हुए प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। उन्होने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया अनुसूचित जाति से सम्बन्धित मुकदमों में सावधानी पूर्वक परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह ने निदेशक को आश्वस्त कराया कि उनके दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द नन्दन सिंह, उपजिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधिशासी अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** नगर पालिका मुबारकपुर में बने गौशाला में पशुओं की देखभाल और आहार का निरीक्षण करने अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मिश्रा तथा पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र यादव ने गौशाला पहुंचकर पशुओं का किया निरीक्षण अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पशुओं के खाने-पीने के लिए कोई कमी ना हो तथा उनकी देखभाल अच्छी तरह से हो इसलिए मौके का निरीक्षण किया गया है और सारी व्यवस्था उपलब्ध है पशुओं के लिए गर्मी को देखते हुए कुलर भी लगवाया गया है और सही देखभाल की जा रही है पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र यादव ने कहा कि सभी पशु स्वस्थ हैं किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है निरीक्षण के दौरान नगर पालिका लिपि के राजन चौधरी सभासद सुहेल अहमद उर्फबाबू भाई केयरटेकर विपिन यादव आदि मौजूद रहे।

## केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-14 क्रिकेट आज से

**प्रयागराज।** स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से सीएवी इंटर कालेज मैदान पर शुरू होगी। उद्घाटन मुकाबला रामबाबू पाल क्लब और डीएवी कालेज के बीच सुबह आठ बजे से खेला जायेगा। उद्घाटन मुकाबले में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव शिवार्जित पाल ने दी है।

## मॉर्निंग वाकर्स का लल्लू सजीवन के निधन पर शोक

**प्रयागराज।** मॉर्निंग वाकर्स एसोसिएशन ने संरक्षक एवं समाज सेवी लल्लू सजीवन चौरसिया (82) के निधन पर गहरा दुख जताया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में सिविल लाइंस स्थित एक होटल में शुक्रवार अपराह्न हुई शोकसपभा में उन्हें खुशमिजाज तथा उदारवादी बताया गया। कहा कि वे लोगों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते थे। लंबे समय तक आजाद पार्क सुबह की सैर के लिए आते थे। इस दौरान दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में सीनियर एडवोकेट यशार्थ प्रकाश, अरविंद सिंह, हरि कृष्ण चौरसिया, डा. प्रकाश खेतान , राजेन्द्र केसरवानी, आर के सरना, आर के चौहान, रविन्द्र श्रीवास्तव, जितेंद्र जायसवाल, संदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, सियाराम केसरवानी, संजय गुप्ता, संतोष ओझा, संदीप पाण्डेय आदि शामिल थे।

# दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल समेदा में दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय के आवासीय प्रबंधक अनिरुद्ध जायसवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य विनंजय शर्मा विद्यालय की समन्वयिका संगीता राय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों के खेलकूद के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसमें मुख्य रूप से टेबल टेनिस, लूडो, गन शूटिंग, बास्केटबॉल फुटबॉल, घुड़सवारी, आर्ट एंड क्राफ्ट म्यूजिक, डांस, इत्यादि प्रकार के खेलों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चे बढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। बच्चों का विशेष रुझान घुड़सवारी गन शूटिंग तथा स्विमिंग पूल आर्ट एंड क्राफ्ट की तरफ रहा। विद्यालय परिवार की तरफ से अभिभावकों के लिए भी अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अभिभावक बंधुओ ने काफी मात्रा में अपनी भागीदारी लेकर समर कैंप का आनंद उठाया। अपने संबोधन में विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत चंद्रा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के अंदर उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाया जा सकता है तथा इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास भी होता है हम इस प्रकार के आयोजन से बहुत आनंदित हैं। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनंजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर हमेशा ऐसे आयोजन करता रहा है और आगे भी करता रहेगा जिससे बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारा जा सके और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में विद्युत विभाग संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड और सहयोगी वितरण कंपनियों द्वारा विद्युत वितरण संबंधी कार्य कराया जा रहा है, जिसके क्रम में शासन द्वारा बढ़ते वित्तीय भार तथा राजस्व घाटे के कारण विद्युत विभाग के क्षेत्र में कतिपय सुधार किए जाने हैं। विद्युत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों में संभावित रोष तथा असंतोष के दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न न होने पाए, इसके संदर्भ में सभी विभागों को आपसी समन्वय कर स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए तथा सख्त निर्देश दिए कि इसका इमरजेंसी सेवाओं पर इसका प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए, इसके संबंध में आवश्यक तैयारी कर ली जाए। साथ ही उन्होंने अन्य विभागों के अधिशासी अभियंताओं, आईटीआई प्रशिक्षुओं आदि को प्रशिक्षण देने, चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा अब तक की गई तैयारी के संबंध में एससी विद्युत से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी उपस्थित पुलिस विभाग के अधिकारियों को तैयारियों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयवर चौहान, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## केशव मौर्य की फर्जी डिग्री मामले में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ फर्जी डिग्री मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग में दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। भाजपा नेता रहे दिवाकर नाथ त्रिपाठी की याचिका की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की बेंच ने की। उन्होंने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस मिश्र व अभिषेक मिश्र ने कोर्ट में इसे लेकर बहस की। याची ने इससे पहले धारा 482 मे याचिका दायर की थी जिसे वापस लेकर यह पुनरीक्षण याचिका दायर की है। कोर्ट ने धारा 482की याचिका की पत्रावली भी तलब की है। याची अधिवक्ता का कहना है कि केशव मौर्य ने हिंदी साहित्य सम्मेलन से मध्यमा आदि डिग्री हासिल की है जो वैध नहीं है। इसी डिग्री के आधार पर उन्हें पेट्रोल पंप आवंटित किया गया है और लोक सभा चुनाव में भी उतरे।

## प्रयागराज में संगम का जलस्तर घटा



**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा का जलस्तर चिंताजनक स्तर तक घट गया है। संगम और आसपास के घाटों पर पानी तेजी से कम हो रहा है। छतनाग घाट पर श्रद्धालु अब गंगा को पैदल पार कर रहे हैं। संगम पर श्रद्धालुओं को घुटनों तक पानी में ही स्नान और पूजा करना पड़ रहा है। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के सर्वेक्षण में छतनाग में जलस्तर मात्र डेढ़ फीट पाया गया है। इस कारण सर्वे कर रही टीम का जहाज भी वहीं फंस गया। मांडा और टेला के बीच गंगा में 15 मीटर तक पानी है। यह स्थिति संगम और छतनाग क्षेत्र में बालू जमाव और गंगा प्रवाह में बदलाव के कारण बनी है। सिंचाई विभाग के अनुसार, कानपुर बैराज से गंगा में जल प्रवाह 2632 क्यूसेक तक गिर गया है। महाकुंभ के समय यह 9000 क्यूसेक था। 30 पांटून पुलों की वजह से नदी की प्राकृतिक धारा बाधित हुई है। मानसून के आगमन से जलस्तर में वृद्धि की आशा है। वर्तमान में श्रद्धालु वाटर बैरिकेडिंग को पार कर गहरे पानी तक पहुंच रहे हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम भरा है।

# यमुना किनारे मिली बकरी चराने गए किशोर की लाश

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजसा गांव में एक किशोर की लाश नदी में तैरती हुई मिली जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के कंजासा गांव निवासी सिपाही लाल निषाद बालू मजदूरी करते हैं। उनके चार बेटों में और एक बेटी में तीसरे नंबर का बेटा रोहित निषाद (13) बृहस्पतिवार को घर से गांव के पास से होकर निकली यमुना नदी की तराई में बकरियां चराने गया था। शाम तक नहीं लौटा तो परिवार के लोग परेशान हो गए। पूरी रात उसकी खोजबीन की गई, लेकिन पता नहीं चला। शुक्रवार को सुबह गांव के कुछ लोग यमुना नदी में नहाने गए तो रोहित का शव नदी में घाट के पास घुटने भर पानी में उतराया दिखा। जिसके बाद में घर वाले तुरंत लाश को नदी से निकाल कर गांव लेकर आए इसी बीच किसी ने घूरपुर थाने में सूचना दे दी इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घर वालों का कहना है कि कल सुबह करीबन 10:00 बजे वह घर से बकरी चराने के लिए निकला और जब देर शाम तक वह घर नहीं आया तो घर वाले उसे ढूंढने निकले। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। आज सुबह एक बार फिर जब घर वाले नदी किनारे उसको ढूंढ रहे थे तो उसकी लाश नदी में तैरती हुई मिली। जिसके बाद घर में मातम का माहौल छा गया इसी बीच किसी ने घूरपुर थाने को सूचना दे दी और पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लिया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतक बच्चे के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं थे जिसके लिए संभाव्य यह मामला हत्या का प्रथम दृश्य नहीं दिख रहा है पुलिस का अनुमान है कि तेज धूप होने के कारण बच्चों को संभवत चक्कर आ गया होगा और जिस वजह से वह नदी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई है लेकिन असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही सामने आ पाएगा।

## लक्ष्य का शतक, शिवांश और सानिध्य भी चमके

**प्रयागराज।** लक्ष्य यादव के शतक (124 नाबाद, 87 गेंद, 14 चौके, चार छक्के), शिवांश पांडेय के अर्धशतक (89 रन, 68 गेंद, आठ चौक चार छक्के) और सानिध्य श्रीवास्तव की उम्दा गेंदबाजी (6-3-07-4) कर के दम पर ईश्वर शरण इंटर कॉलेज ने स्पोर्ट्स पॉइंट को 221 रन से हराकर राम मूर्ति त्रिपाठी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज ने अपने मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में 30 ओवर में तीन विकेट पर 266 रन (लक्ष्य यादव 124 नाबाद, शिवांश पांडेय 89, सुहैब खान 21, सुयश पांडेय ऋषभ सिंह एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में स्पोर्ट्स पॉइंट की टीम 18.3 ओवर में 45 रन (तनिष्क तिवारी 11, सानिध्य श्रीवास्तव 4/07, अंश मिश्रा 2/02 शिवांश पांडेय 1/10) पर सिमट गई।

# भंडारे के साथ रुद्र महायज्ञ संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** गोपालगंज के निकट स्थित धनेजदुबे में 16 मई से चल रहा श्री रुद्र महायज्ञ गुरुवार को देर रात तक चले विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर एक भव्य समारोह में दुर्वासा महामण्डलेश्वर श्री श्री 108 श्री शुभम दास जी महाराज ने प्रसिद्ध कवि पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन द्वारा रचित रजनीकांत तिवारी के स्वर में परशुराम स्तोत्रम् का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में शुभम दासजी महाराज ने पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन के रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनके काव्य जन कल्याणकारी हैं। उन्होने कहा कि परशुराम स्तोत्रम् के पाठ और श्रवण से सुख शांति मिलेगी। मानस भ्रमर सुधीर जी महाराज ने कहा कि जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, श्री हरि भगवान विष्णु विभिन्न रूप में अवतरित होते हैं। त्रेतायुग में श्रीराम और परशुराम अवतार लेकर प्रभु ने पापियों का नाश कर धर्म की स्थापना की। पं. सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन ने लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवत्भक्ति की प्रेरणा दी। लक्ष्मण दुबे ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया और स्वागत यज्ञ संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने किया। इस मौके पर यज्ञाचार्य शतानंद तिवारी, कवि लाल बहादुर चौरसिया लाल, रौनक दुबे, सुभाष तिवारी शास्त्री,रामविनय दुबे, देवेंद्र दुबे, कौशल दुबे, भगवान दुबे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | कन्वर्शन ऑफ़ बी०जी० कोचेज इन–टू ए०आर०टी०/ए०आर०एम०ई० (32 कोचेज)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 5,10,20,745/- मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 4,05,100/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक– 30.05.2025 से 13.06.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट –www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2025–ए.एम.वी.– सी एंड डब्लू ईनिविदा – 34 दिनाँक: 20.05.2025 1513/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# तहसील स्तरीय खेल प्रोत्साहन समितियों का तत्काल किया जाये गठन



- खेल प्रोत्साहन समिति से स्टेडियम में रखे जाऐं बैडमिंटन कोच और जिम ट्रेनर : जिलाधिकारी
- जिला खेल संघों, उद्यमियों के सहयोग से विभिन्न अवसरों पर खेल उत्सव कराये जायें आयोजित : अंजनी

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में जिला क्रीड़ा अधिकारी को आदेशित करते हुये कहा कि स्टेडियम में प्रतिमाह कोई न कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित करायी जाये, स्टेडियम में आने वाले खिलाड़ियों के लिए सभी मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर विभिन्न अवसरों पर खेल महाकुंभ, खेल उत्सव जैसे भव्य आयोजन कराये जाए, जिसमें विभिन्न खेलों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल विभाग तथा जिला खेल संघों के सहयोग से कराया जाए। उन्होने कहा कि खेल प्रोत्साहन समिति की आर्थिक स्थिति सुदृण करने हेतु समाज सेवियों को सहयोग लिया जाये, विभिन्न श्रोतों से इसमें धनराशि जमा करायी जाये। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ उत्कृष्ट एवं उदयीमान खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप विशेषज्ञों की टीम द्वारा चयनित कर प्रशिक्षण दिलाया जाये, प्रतिभाभान, राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले जनपद के खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाए। उन्होने कहा कि तहसील, विकास खंड स्तर पर बैठक कर खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाये, जनपद स्तर पर भी विभिन्न खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें, जनपद में खेलो को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रयास किये जाये।

श्री सिंह ने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि तहसील स्तर पर एक माह के भीतर खेल प्रोत्साहन समितियों का गठन कर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं-युवतियों, बालक-बालिकाओं को खेलो से जोड़कर उनमें खेलों के प्रति रुचि पैदा की जाए, तहसील स्तर पर विभिन्न विधाओं की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें, तहसील स्तर के विजेताओं की जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कराकर विजेताओं को पुरस्कृत कराया जाये, तहसील स्तर पर गठित खेल प्रोत्साहन समितियों को जिला खेल प्रोत्साहन समिति के माध्यम से रू. 60 हजार प्रतिवर्ष उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। उन्होने उप क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि तरण-ताल, जिम आदि के लाइसेंस जारी कर खेल प्रोत्साहन समिति में शासनादेश में प्राविधान के अनुसार 15 हजार की धनराशि जमा करायी जाये। बैठक में स्टेडियम में एक बैडमिंटन प्रशिक्षक, एक जिम ट्रेनर को रखने की व्यवस्था प्रोत्साहन समिति से करने पर सहमति बनी, बैठक में स्टेडियम में बनी क्रिकेट अभ्यास पिचों पर 12 एल.ई.डी. फ्लड लाइटें, स्टेडियम में जिम करने आने वाले खिलाडियों के लिए म्यूजिक सिस्टम, इनवर्टर, स्टेडियम के ऑफिस, गेस्ट रूम में ए.सी. लगाये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुये खेल प्रोत्साहन समिति का नियमानुसार नवीनीकरण कराये जाने के निर्देश देते हुये कहा कि समिति में जनपद के प्रतिष्ठित, गणमान्य व्यक्तियों को जोड़ा जाये और उनके सहयोग से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन उनके माध्यम से कराया जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानेश्वर प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर.सी.गुप्ता, क्षेत्राधिकारी नगर संतोष कुमारर, जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह, वर्षा यादव, अनुष्का बालीवॉल प्रशिक्षक इस्तखार अहमद, खेलो इंडिया प्रशिक्षक सुरेंद्र यादव, जिला व्यायाम शिक्षक स्वतंत्र कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन उप क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार ने किया।

## गोल्डन केसरिया की जीत में यशराज का शतक



**प्रयागराज।** गोल्डन केसरिया क्रिकेट क्लब ने निर्वानानंद कनेक्टिंग हैप्पीनेस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता में डीएसए ब्लू को एक तरफा मुकाबले में 199 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के यशराज के शानदार ( 100 रन, 75 गेंद, 14 चौके ) शतक के बदौलत अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को डीएसए मैदान पर गोल्डन केसरिया क्रिकेट क्लब पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में सात विकेट पर 242 रन (यशराज 100, शिवांश शर्मा 38, मो. युसूफ 25 अविजित रन, शिवांश केशरवानी 2/26, तानिश केसरवानी 2/28, जतिन राव 1/25) पर बनाए। जवाब में डीएसए ब्लू की पूरी टीम 12.3 ओवर में महज 43 रन (स्वयं 3/18, सुभाकित जायसवाल 2/03, मानस पांडेय 2/14, मो. युसूफ 1/08) पर बिखर गई।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.06.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 05602025 दिनांक 23.05.2025 | निविदा सूचना | 06-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 |
| कार्य का नाम | मुख्य लाइन पर क्रॉसिंग नंबर 318ए, 75, 74, 72बी, 276ए, 242ए, 259बी, 220ए पर निर्मित L.H.S पर जल निकासी का कार्य, जे–जे लाइन पर एल–क्रॉसिंग नंबर 15 और 4, पीबीएच वॉशिंग लाइन और पीबीएच यार्ड में जल निकासी, ऊंचाई गेज की मरम्मत और बरसात के मौसम में जल निकासी का कार्य ADEN–RBL & PBH के तहत Sr.DEN-II/LKO के अधिकार क्षेत्र में। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 51,19,473.38 | धरोहर राशि | ₹ 1,02,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 15 माह | निविदा डालने का प्रारम्भ | 30.05.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13.06.2025 को 15:00 बजे | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

1517/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टाटा मोटर्स ने लॉन्च की ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज़, विरासत से प्रीमियम और डिजाइन से मॉडर्न

**मुंबई।** भारत की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स ने आज ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज़ को 6.89 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च करने की घोषणा की। अपने आकर्षक डिज़ाइन, शानदार इंटीरियर और एडवांस्ड फीचर्स के साथ, यह कार प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है।



ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज़ प्रीमियम डिज़ाइन, बेजोड़ सुरक्षा, आधुनिक तकनीक और रोमांचक प्रदर्शन पर आधारित है। अपने नए बाहरी लुक, टेक्नोलॉजी से लैस लग्जरी केबिन, बेहतर कनेक्टिविटी और अब पहली बार एएमटी विकल्प के साथ विस्तारित मल्टी-पावरट्रेन लाइन-अप के साथ, ऑल्ट्रोज़ रोज़मर्रा की ड्राइव को खास अनुभव में बदलने के लिए बनाई गई है। ऑल्ट्रोज़ ने प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह अपनी श्रेणी में पहली और एकमात्र कार है जिसे 5-स्टार GNCAP रेटिंग मिली है, जिसने शुरुआत में ही सुरक्षा के नए मानक स्थापित किए। इसी मजबूत नींव के आधार पर, ऑल-न्यू ऑल्ट्रोज़ अब प्रीमियमनेस के एक नए और आकर्षक रूप में सामने आई है। इसमें सेगमेंट में पहली बार फ्लश डोर हैंडल और इन्फिनिटी कनेक्टेड एलईडी टेल लैंप जैसे डिज़ाइन तत्व शामिल हैं, जबकि ल्यूमिनेट एलईडी हेडलैम्प्स के साथ इंटीग्रेटेड डीआरएल और आकर्षक 3D फ्रंट ग्रिल सड़क पर इसकी उपस्थिति को बेहद खूबसूरत बनाते हैं।

# किआ ने अपनी बिग, बोल्ड फैमिली कार, नई कैरेन्स क्लैविस को 11.49 लाख रुपये में लॉन्च

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया, एक मशहूर मास-प्रीमियम कार कंपनी, ने आज अपनी बिग बोल्ड फैमिली कार, नई कैरेन्स क्लैविस को भारत में 11.49 लाख रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया। यह गाड़ी बड़े और आधुनिक परिवारों के लिए बनाई गई है, जोकि एमपीवी और एसयूवी के बीच मौजूद अंतर को कम करेगी। इसके आकर्षक बाहरी लुक, विशाल इंटीरियर और आधुनिक फीचर्स के साथ, कैरेन्स क्लैविस नए जमाने के परिवारों को आराम, सुविधा और स्टाइल देती है।



**आकर्षक स्टाइल**

कैरेन्स क्लैविस की एक्सटीरियर डिजाइन किआ की 'ऑपोजिट्स यूनाइटेड' सोच को दिखाता है, इसमें मजबूत मौजूदगी का संयोजन आधुनिक और दूरदर्शी डिज़ाइन के साथ किया गया है। किआ डिजिटल टाइगर फेस, आइस क्यूब LED हेडलैम्प्स के साथ LED डेटाइम रनिंग लाइट्स, और स्टारमैप LED टेललैम्प्स इसे खास बनाते हैं। R17-43.66 सेंटीमीटर (17 इंच) के क्रिस्टल-कट डुअल-टोन अलॉय व्हील्स, सैटिन क्रोम फिनिश के साथ मजबूत फ्रंट और रियर स्किड प्लेट्स, मेटल-पेंटेड साइड डोर डिज़ाइन, और नया आइवरी सिल्वर ग्लॉस रंग इसकी प्रीमियम शैली को और आकर्षक बनाते हैं।

**कम्फर्ट के लिए निर्मित, यात्रा के लिए तैयार**

कैरेन्स क्लैविस का इंटीरियर रोज़मर्रा की सुविधा, आधुनिक लग्ज़री और सोच-समझकर तैयार की गई डिज़ाइन का संगम है, जो एक साथ यात्रा करने वाले परिवारों के लिए आरामदायक और आनंददायक अनुभव सुनिश्चित करती है।

कैरेन्स क्लैविस की लॉन्चिंग पर किआ इंडिया के चीफ सेल्स ऑफिसर श्री जूनसु चो ने कहा, हमारी रणनीति की नींव नवाचार पर टिकी है, जो आधुनिक तकनीक और अलग पहचान वाले डिज़ाइन से प्रेरित है। कैरेन्स क्लैविस की लॉन्चिंग हमारे सफर का एक अहम पड़ाव है, जो हमारी प्रगतिशील, प्रीमियम और उद्देश्यपूर्ण सोच को साफ तौर पर दिखाता है। हमें यह अच्छी तरह पता है कि हमारे ग्राहकों की उम्मीदें लगातार बदल रही हैं। ऐसे में कैरेन्स क्लैविस सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की यात्राओं को बेहतर बनाने वाला एक संपूर्ण अनुभव है। आगे भी हमारा फोकस ऐसे स्मार्ट और डिज़ाइन-आधारित समाधान पेश करने पर रहेगा, जो आधुनिक परिवारों को सशक्त बनाएं और हर ड्राइव में भरोसे का एहसास कराएं।

## ओरल सेमाग्लूटाइड (14 मिग्रा) ने एसीसी 2025 में सोल ट्रायल के दौरान हृदय संबंधी घटनाओं में श्रेष्ठ कमी दिखाई

**नई दिल्ली।** नोवो नॉर्डिस्क ने हाल ही में सोल हृदय रोग परिणाम परीक्षण के पूर्ण परिणाम प्रस्तुत किए, जिसमें यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि ओरल सेमाग्लूटाइड ने टाइप 2 डायबिटीज़ और हृदय रोग और/या क्रॉनिक किडनी डिज़ीज़ से ग्रस्त वयस्कों में प्रमुख हानिकारक हृदय घटनाओं (एम ए सी ई) के जोखिम को महत्वपूर्ण रूप से कम किया। यह चरण 3बी परीक्षण के नए डेटा ए सी सी की वार्षिक वैज्ञानिक बैठक में प्रस्तुत किए गए और न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में भी प्रकाशित हुए। सोल ट्रायल ने अपना प्राथमिक उद्देश्य प्राप्त किया और यह सिद्ध किया कि ओरल सेमाग्लूटाइड से उपचारित प्रतिभागियों में प्लेसीबो की तुलना में एम ए सी ई जोखिम में 14% की कमी आई। इसमें नॉन-फैटल मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (26%), नॉन-फैटल स्ट्रोक (12%) और कार्डियोवैस्कुलर मृत्यु (7%) जैसे घटकों ने योगदान दिया। खास बात यह रही कि एशियाई क्षेत्र से शामिल प्रतिभागियों में एम ए सी ई जोखिम में कमी 27% तक देखी गई। चेलाराम डायबिटीज़ इंस्टीट्यूट, पुणे के सीईओ और एंडोक्राइनोलॉजी प्रमुख डॉ. ए. जी. उन्नीकृष्णन ने कहा, सोल ट्रायल से एक महत्वपूर्ण खबर यह है कि ओरल सेमाग्लूटाइड ने एम ए सी ई जोखिम को कम किया है, चाहे प्रतिभागी पहले से एसजीएलटी2आई का उपयोग कर रहे हों या नहीं। यह लाभ सभी के लिए सुसंगत था, और इन दोनों उपचारों का संयोजन सुरक्षित पाया गया। यह टाइप 2 डायबिटीज़ प्रबंधन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की दिशा में एक नया मार्ग प्रशस्त करता है।

## जापान की प्रमुख सेमीकंडक्टर कंपनी रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स ने नोएडा एवं बेंगलुरु में डिज़ाइन केंद्र शुरू किए



रेनेसास ने भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं सी-डैक के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए ताकि भारत-जापान सहयोग को सेमीकंडक्टर शोध और प्रतिभा विकास में मजबूत किया जा सके। नोएडा में नए रेनेसास डिज़ाइन सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, ढाई वर्ष पहले जब मेरी मुलाकात रेनेसास के सीईओ शिबाता-सान से हुई थी, तो मैंने उनसे व्यक्तिगत रूप से अनुरोध किया था कि वे नोएडा में एक डिज़ाइन सेंटर स्थापित करने पर विचार करें। उस समय कोई निर्णय नहीं लिया गया था, लेकिन उन्होंने इसकी संभावना पर विचार करने के लिए सहमति दी। आज, मैं उस प्रतिबद्धता को वास्तविकता में बदलने के लिए उनका धन्यवाद करता हूं। 3 नैनोमीटर तकनीक पर डिज़ाइन करना एक बड़ी उपलब्धि है। हम पहले 7 एनएम और 5एनएम पर काम कर चुके हैं, लेकिन यह भारत को चिप नवाचार की अगली पीढ़ी की ओर अग्रसर करता है। नोएडा और बेंगलुरु में स्थापित यह नई सुविधाएं रेनेसास के वैश्विक अनुसंधान एवं विकास नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनेंगी, और अगली पीढ़ी की चिप डिज़ाइन एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाएंगी।

## गर्मी के मौसम में मत खोइए अपनीचमक- बालों का झड़ना और स्कैल्पस्ट्रेस कम करने के कारगर टिप्स

गर्मी का मौसम सनशाइन और छुट्टियों का मौसम है, लेकिन यह मौसमआपके बालों पर भारी पड़ सकता है। आमतौर पर अच्छी सेहत और सेल्फकेयर की पहचान माने जाने वाले बालों को गर्मी के मौसम में मुश्किल कासामना करना पड़ता है। ज्यादा तापमान, प्रदूषण, खराब डाइट और बार-बार स्टाइलिंग से बाल रूखे और कमजोर हो सकते हैं, बालों का झड़नाबढ़ जाता है। लेकिन परेशानी सिर्फ गर्मी की वजह से नहीं है। गर्मी के मौसम में बालों केझड़ने के पीछे कुछ वैज्ञानिक कारण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गर्ममहीनों में बड़ी संख्या में बाल प्राकृतिक रूप से रेस्टिंग फेज में चले जाते हैं, यानी बाल झड़ने के लिए तैयार रहते हैं। इसीलिए मौसम में बदलाव केसाथ बहुत से लोगों के बाल झड़ने लगते हैं। इसके अलावा गर्मी के मौसममें हार्मोन के स्तर में होने वाले बदलाव से भी बालों का झड़ना और उनकापतलापन बढ़ जाता है। यह बदलाव महिलाओं और पुरुषों दोनों में देखाजाता है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में विशेष रूप से गर्मी के मौसम में बालों कीदेखभाल करना बड़ी चुनौती है। लेकिन बालों की जरूरत को समझने औरउसके अनुरूप व्यापक कदम उठाने से इसमें मदद मिल सकती है। मौसममें बदलाव के कारण बालों को होने वाले नुकसान से बचाने में बायोटीनजैसे पोषक तत्व कारगर हो सकते हैं। इस बारे में बात करते हुए वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी एवंसंस्थापक श्री गौतम बाली ने कहा, 'हम इस उद्योग की एकमात्र कंपनी हैं, जिसने अपने एब्जॉर्विट ब्रांड के तहत बायोटीन को सबलिंगुअल स्प्रे केरूप में पेश किया है। 90% के एब्जॉर्प्शन के साथ यह बालों की सेहत कोबेहतर रखने और शरीर को भीतर से स्वस्थ रखने का स्मार्ट एवं ज्यादाप्रभावी तरीका है।

# एसबीआई कार्ड और अपोलो हेल्थको ने की साझेदारी

**लखनऊ।** एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता और अपोलो हेल्थको, जो अपोलो फ़ार्मेसी भारत का सबसे बड़ा खुदरा फ़ार्मेसी नेटवर्क और अपोलो 24/7 - देश का अग्रणी ओमिनी-चैनल डिजिटल स्वास्थ्य प्लेटफ़ॉर्म संचालित करता है, ने आज एक अद्वितीय, स्वास्थ्य और वेलनेस पर केंद्रित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्ड पेश करने के लिए अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार किया है। यह अपनी तरह का प्रीमियम क्रेडिट कार्ड आज के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवा बचत और वित्तीय रिवार्ड्स का एक आकर्षक मिश्रण पेश करता है। ग्राहक अपोलो 24/7 ऐप पर डिजिटल रूप से इस कार्ड के लिए आसानी से आवेदन कर सकते हैं और एसबीआई कार्ड वेबसाइट SBI Card.com पर जाकर एसबीआई कार्ड स्प्रिंट के माध्यम से आवेदन करने का विकल्प चुन सकते हैं। ग्राहक चुनिंदा अपोलो फ़ार्मेसी स्टोर पर भी कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपोलो एसबीआई कार्ड सेलेक्ट कार्डधारक अपोलो 24/7 ऐप और अपोलो फ़ार्मेसी स्टोर के माध्यम से फ़ार्मेसी उत्पादों, स्वास्थ्य जांच पैकेजों, रक्त परीक्षणों और अन्य सहित लेनदेन पर एक रिवार्डिंग खरीदारी अनुभव का आनंद लेते हैं। कार्डधारकों को रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 10 प्रतिशत वापस मिलता है, और इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य क्रेडिट के रूप में 15 प्रतिशत तक वापस मिलता है, जिससे उन्हें कुल 25 प्रतिशत तक का मूल्य वापस मिलता है। रिवॉर्ड पॉइंट्स को हेल्थ क्रेडिट में बदला जा सकता है, जिसे अपोलो 24/7 ऐप और अपोलो फ़ार्मेसी स्टोर की संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला में भुनाया जा सकता है।

## फन रिपब्लिक मॉल में शुरू हुआ मैंगो फेस्टिवल



**लखनऊ।** लखनऊ का प्रसिद्ध शॉपिंग गंतव्य फन रिपब्लिक मॉल इस चिलचिलाती गर्मी में लखनऊवासियों के लिए राहत के आम लेकर आया है। जी हां, फन रिपब्लिक मॉल में 23 मई से 25 मई तक मैंगो फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है। जानी-मानी शेफ नंदनी मोतियानी ने 23 मई को मैंगो फेस्ट का उद्घाटन किया।

गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में पैरेंट्स के लिए बच्चों का मनोरंजन करना जरूरी हो जाता है। फन रिपब्लिक मॉल ने पैरेंट्स की चिंता दूर करने का काम किया है और 23 मई से 25 मई तक मैंगो फेस्ट का आयोजन किया है, जिसमें ग्राहक मॉल आएं और इस चिलचिलाती गर्मी में मैंगो फेस्ट का आनंद लें। इस मैंगो फेस्ट में बीस से ज्यादा प्रकार के आमों की खास वैरायटी मौजूद है। जिसमें बंगनपल्ली, अल्फांजो, तोतापुरी, सिंधुरा, मल्लिका, राम केला, लंगड़ा, चौसा, थूरू, सफेदा, केसर, रत्ना, फजली, दशहरी, बंबई ग्रीन, किशन भोग इत्यादि किस्म के आम मौजूद रहेंगे, जिन्हें ग्राहक देखने के साथ-साथ खरीद भी सकेंगे। 24 मई को किड्स फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, जबकि 25 मई यानी अंतिम दिन वूमेन शेप मेनिया का आयोजन होगा। मैंगो फेस्टिवल के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की अलग-अलग प्रतियोगिताएं ग्राहकों का उत्साह बढ़ाने के साथ-साथ उनका मनोरंजन भी करेंगी। फन रिपब्लिक मॉल के जनरल मैनेजर श्री अश्वनी सिंह ने कहा कि इस गर्मी फलों का राजा आम लखनऊवासियों को ठंडक का एहसास कराएगा।

# सैमसंग ने एआई वॉश के साथ लॉन्च की बीस्पोक एआई टॉप लोड वाशिंग मशीनें

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमरइलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने अपनी टॉप लोड वॉशिंग मशीन की श्रेणी में बीस्पोक एआईका विस्तार करने की घोषणा की है। यह कदम बीस्पोक एआई फ्रंट लोड वॉशिंगमशीनों को ग्राहकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है। नई रेंज कपड़ों की अच्छे से देखभाल करने, बिजली की बचत और आसान इस्तेमाल के लिए एडवांस्ड एआई पावर्ड फीचर्स के साथ आती है। इस विस्तार से सैमसंग ने नए आविष्कारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है, जिससे ग्राहकों को स्मार्ट और आसान धुलाई का अनुभव मिलेगा।

नई टॉप लोड वॉशिंग मशीनें 8KG, 10KG, 12KG और 14KG की क्षमता मेंउपलब्ध हैं और इन्हें बीस्पोक एआई के साथ कपड़े धोने का आसान और कुशलअनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये मशीनें ब्लैक कैवियार, लैवेंडरग्रे, और नए लॉन्च किये गये डीप चारकोल व ब्रश्ड नेवी जैसे आकर्षक रंगों में उपलब्धहैं। ये वॉशिंग मशीनें आज के जमाने के आधुनिक घरों की खूबसूरती में और चार-चांद लगाएंगी। एआई वॉश और इसके 3-चरण सेंसिंग सिस्टम से लैस ये मशीनें कपड़े के प्रकार औरवजन का पता लगाकर प्रत्येक लोड के लिए सबसे उपयुक्त सेटिंग्स की सिफारिशकरती हैं। एडवांस्ड एआई एल्गोरिदम की मदद से, यह वॉश साइकल कई प्रमुख मानकों जैसेकि पानी के स्तर, कपड़े धुलने की तीव्रता, और वॉश व रिंस के समय कोसमायोजित करता है, जिससे कपड़ों की 25% अधिक देखभाल होती है। इसटेक्नोलॉजी के साथ, इकोबबल, हाइजीन स्टीम (इनबिल्ट हीटर के साथ), सुपर स्पीड, एआई एनर्जी मोड, स्मार्टथिंग्स इंटीग्रेशन, और एआई वीआरटी+™ (वाइब्रेशनरिडक्शन टेक्नोलॉजी) जैसे फीचर्स कपड़ों की सुरक्षा, उनकी बेहतर सफाई, बिजली की बचत, और सुविधाजनक कनेक्टिविटी को बढ़ाते हैं।

## गति और प्रतिष्ठा के खेल, मोनाको ग्रांड प्रिक्स शुद्ध मोटरस्पोर्ट रॉयल्टी का टाटा प्ले फैनकोड स्पोर्ट्स पर होगा लाईव प्रसारण

मोटर रेस के जबरदस्त मुकाबले की दुनिया में आपका स्वागत है। मोनाको ग्रांड प्रिक्स फॉर्मुला 1 के लिए केवल मशहूर ही नहीं है, बल्कि यह इसके सिर का ताज भी है। इस बार रेस का 75वाँ वर्ष होने के कारण यह कई कारणों से खास भी है। मोंटे कार्लो की घुमावदार सड़कों पर मुकाबला करने वाली इस प्रतिष्ठित रेस में सबसे बड़े दिग्गजों की रोमांचक रेस के साथ समुद्री तट के भव्य दृश्यों का आनंद भी मिलता है। चाहे फॉर्मूला 1 की जबरदस्त रेस देखनी हो, या फिर भव्य आसमान का दर्शन करना हो, तीखे मोड़ों पर इतिहास बनते देखना हो या फिर मशहूर सेलिब्रिटीज़ के साथ चमक-दमक और ग्लैमर की दुनिया में खो जाना हो, सभी के लिए एफ1 मोनाको 2025 बिल्कुल उपयुक्त स्थान है। टाटा प्ले की मूल्य संवर्धित सेवा - फैनकोड स्पोर्ट्स पर आपको भव्यता, रोमांच और मोटरस्पोर्ट की इस दुनिया को सबसे आगे बैठकर देखने का अवसर मिलेगा।मोनाको के संकरे, घुमावदार और तीखे मार्ग गलियों में रेस का अद्भुत आभास देते हैं। सर्किट द मोनाको पर वाहन चालकों को अपनी क्षमताएं बढ़ाते रहना जरूरी है। यहाँ पर गलतियों की कोई गुंजाईश नहीं। यह वाहन चालक के कौशल की सबसे कड़ी परीक्षा है। एक पलक झपकी और आप खेल से बाहर। ये टर्बो चार्ज्ड इंजन अद्भुत रूप से शक्तिशाली बन जाते हैं। इस रेस में पूरी दुनिया के मोटरस्पोर्ट प्रेमियों को बेहतरीन अनुभव प्राप्त होता है। एक दूसरे को पीछे छोड़ने के साहसिक कारनामे, जबरदस्त टक्करें और पहले चरण से अंतिम चरण तक अनेकों रोमांचक क्षण देखने को मिलते हैं।मोनाको में बारिश होते ही खलबली शुरू हो जाती है। बारिश में मोनाको पूरी तरह से फिल्मी अनुभव प्रदान करता है।

# सोम डिस्टीलरीज़ एण्ड ब्रेवरीज़ लिमिटेड उत्तर प्रदेश में नई युनिट के भूमि पूजन के साथ विस्तार के लिए तैयार

**लखनऊ।** भारत के एल्कॉहलिक बेवरेज उद्योग में जानेमाने नाम सोम डिस्टीलरीज़ एण्ड ब्रेवरीज़ लिमिटेड ने खीमसेपुर, फरूर्खाबाद ज़िला, उत्तर प्रदेश में अपनी आगामी रु 600 करोड़ की ग्रीनफील्ड परियोजना के लिए भूमि पूजन के साथ बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है।

उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट ऑथोरिटी द्वारा आवंटित 40 एकड़ ज़मीन में फैली इस आधुनिक युनिट में कंपनी की सब्सिडरी वुडपेकर ग्रीनागरी न्युट्रिएन्ट्स के तहत ब्रेवरी, डिस्टीलरी और अडवान्स्ड मैनुफैक्चरिंग युनिट्स होंगी। भूमि पूजन समारोह का आयोजन श्री दीपक अरोड़ा,चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज़ की मौजूदगी में हुआ। आगामी प्लांट कंपनी के सबसे बड़े प्लांट्स में से एक है जिसकी बॉटलिंग क्षमता सालाना 12 मिलियन बियर केसेज़ की है। अपने पोर्टफोलियो में 5 से अधिक बियर ब्राण्ड्स के साथ फैक्टरी भारत की सबसे बड़ी सिंगल लोकेशन एल्को-बेवरेज कॉम्प्लेक्स होगी, जिसमें ब्रेवरी, डिस्टलरी, बॉटलिंग लाईन, स्टोरेज एवं मैनुफैक्चरिंग की सभी सुविधाएं होंगी।

फरूर्खाबाद एक महत्वपूर्ण लोकेशन है, यहां विकास के ढेरों अवसर और उद्यमिता की भावना है। इस ग्रीनफील्ड परियोजना के साथ हम न सिर्फ अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाएंगे बल्कि 700 से 800 लोगों को रोज़गार देकर क्षेत्र के स्थानीय आर्थिक विकास में भी योगदान देंगे। यह विस्तार सही मायनों में अखिल भारतीय प्लेयर बनने के हमारे मिशन के अनुरूप है। उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी, ज़्यादा खपत क्षमता और बिजनेस के अनुकूल नीतियों के चलते यह अगले चरण के विकास के लिए परफेक्ट पार्टनर है।

## साइंस सिटी में मनाया गया जैव विविधता दिवसः एक्वाटिक गैलरी में शैक्षणिक भ्रमण एवं जागरूकता सत्र आयोजित

**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर साइंस सिटी की एक्वाटिक गैलरी में विशेष शैक्षणिक भ्रमण एवं जागरूकता सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में जन जागरूकता फैलाना था। एक्वाटिक गैलरी के प्रतिभाशाली कर्मचारियों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को जलीय जंतुओं एवं



उनकी विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस गतिविधि में वन्यजीव जीव विज्ञान, पारिस्थितिकी एवं जलीय जीवन की विशेषताओं पर चर्चा की गई, जिसमें विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में बताया गया।

साथ ही विद्यार्थियों से इस विषय पर प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थी को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# क्या आपको पीसीओएस है?



भारत समेत दुनियाभर की महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओव्हरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीसीओएस के कारण हॉर्मोन में असंतुलन होता है, जिससे पूरी सेहत, मेटाबोलिज़्म और वजन पर असर पड़ता है। ऐसे में जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ खानपान पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार शरीर को न केवल ऊर्जा देता है, बल्कि लंबे समय तक स्वास्थ्य को भी संबल प्रदान करता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि रोज़ाना के नाश्ते में बादाम जैसे मेवों को शामिल करना इस दिशा में एक असरदार कदम हो सकता है। बादाम शरीर को दिनभर स्थिर ऊर्जा देते हैं और पीसीओएस डाइट को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस विषय पर जानकारी साझा करते हुए मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि पीसीओएस से जूझ रही महिलाओं के लिए ऐसे नाश्ते के विकल्प जरूरी हैं जो न केवल आसान और पौष्टिक हों, बल्कि व्यस्त सुबह के लिए भी उपयुक्त हों। उनका मानना है कि आहार में पौष्टिकता और स्वाद का संतुलन होना चाहिए। ऋतिका के अनुसार, साबुत अनाज, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे तत्व हार्मोन संतुलन बनाए रखने, वजन नियंत्रित करने और समग्र स्वास्थ्य सुधारने में सहायक होते हैं।

ऋतिका समद्दार ने कुछ ऐसे पौष्टिक और सुविधाजनक नाश्तों के सुझाव दिए हैं, जिन्हें अपनी पसंद और ज़रूरत के मुताबिक आसानी से बदला भी जा सकता है।

आलमंड एण्ड ओट मिल्क ब्रेकफास्ट स्मूदी- यह एक ऐसा हेल्दी ड्रिंक है, जो बादाम और ओट्स के पोषण से भरपूर मिश्रण से तैयार होता है।

## निप्पो और द कबाड़ीवाला के सहयोग से शुरू हुई पुरानी बैटरी एकत्र करने की पहल





**लखनऊ।** इंडो नेशनल लिमिटेड, एक प्रतिष्ठित कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल ब्रांड निप्पो का निर्माता, ने लखनऊ में पुरानी बैटरी एकत्र करने हेतु एक समर्पित अभियान आरम्भ करने की घोषणा की है। निप्पो रीस्पार्क पुरानी बैटरी को रीसाइकिल करें नामक पहल, संधारणीयता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह पहल नए युग का अपशिष्ट प्रबंधन स्टार्टअप, द कबाड़ीवाला.कॉम के सहयोग से शुरू की गई है तथा इसका उद्देश्य जिम्मेदारीपूर्वक पुरानी बैटरियां एकत्र करके बैटरी अपशिष्ट की बढ़ती चुनौती से निपटना है।

भारत में वार्षिक तौर पर 220 करोड़ से अधिक बैटरियाँ बिकती हैं, लेकिन चिंता की बात यह है कि 95% बैटरियाँ अब भी लैंडफिल में पहुँच रही हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लैंडफिल स्थलों में जो हानिकारक रसायन पाए जाते हैं, उनमें से लगभग 40% बेकार बैटरियों की वजह से होते हैं - जिससे मृदा क्षरण और भूजल प्रदूषित होने का गंभीर जोखिम होता है। यह पहल हानिकारक अपशिष्ट को कम करने और संधारणीय निपटान प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के तहत जगह-जगह कूड़ादान रखा जाएगा, ऐप-आधारित स्क्रैप कलेक्शन बुकिंग की सुविधा दी जाएगी और अपनी पुरानी बैटरियों को सुरक्षित रूप से निपटाने के लिए एक आसान और सुलभ प्रणाली उपलब्ध कराकर ऑफ़िस परिसरों, आवासीय समुदायों और शैक्षणिक संस्थानों में पुरानी बैटरी के सही निपटान पर बल दिया जाएगा।

निप्पो रीस्पार्क पहल के बारे में बोलते हुए, इंडो नेशनल लिमिटेड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर - आदित्य रेड्डी ने कहा निप्पो में, हमारा मानना है कि सस्टेनेबिलिटी कोई ऐसी चीज नहीं जिसके लिए केवल एक बार प्रयास करना पर्याप्त है - बल्कि यह एक मानसिकता है। हमें गर्व है कि भारत में सबसे पहले हमने इस प्रकार की एक पहल शुरू की है। अपशिष्ट एकत्रण, जिम्मेदारीपूर्वक रीसाइकल और निष्कर्षित सामग्रियों के पुन- उपयोग को प्राथमिकता देकर, हम पर्यावरणीय क्षति को कम करना और एक अर्थव्यवस्था चक्र निर्माण में सहायता करना चाहते हैं÷।

इंडो नेशनल लिमिटेड के सीईओ पवन कुमार बीवीएस ने कहा, ÷द कबाड़ीवाला के साथ इस सहयोग के माध्यम से हम समुदायों को छोटे-छोटे लेकिन प्रभावशाली कदम उठाने के लिए सशक्त बना रहे हैं जिससे हम एक स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। निप्पो रीस्पार्क पहल का मुख्य उद्देश्य बैटरी के उचित निपटान के बारे में उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा करना है, क्योंकि हमारा मानना है कि जब हम किसी प्रथा को जिम्मेदारीपूर्वक अपनी रोज़मर्रा के जीवन का हिस्सा बनाते हैं, हम केवल तभी सही मायनों में संधारणीयता की ओर बढ़ते हैं।

## कानपुर के पारस हॉस्पिटल ने बचाई 66 साल के बुज़ुर्ग और 3 साल के बच्चे की जान



**कानपुर।** पिछले हफ्ते दो अलग-अलग इमरजेंसी केसों में पारस हॉस्पिटल कानपुर ने 66 साल की महिला और 3 साल के बच्चे के पेट से खतरनाक बाहरी चीज़ें एंडोस्कोपी की मदद से सफलतापूर्वक निकालीं। दोनों मरीज़ों का बिना सर्जरी के सफल इलाज हुआ और उन्हें उसी दिन हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई। इन केसों की यह सफलता दिखाती है कि पारस हॉस्पिटल अब जल्दी और आसान तरीके से इमरजेंसी इलाज प्रदान करने में आगे बढ़ रहा है।

पहले केस में 13 मई को 66 साल की बिंदिया (नाम बदला गया) को अचानक पानी तक न निगल पाने की शिकायत के बाद पारस हॉस्पिटल लाया गया। वह कैंसर से पीड़ित रह चुकी हैं और पहले रेडियोथैरेपी करवा चुकी थीं। जांच में पता चला कि उनकी भोजन नली (इसोफेगस) बहुत संकरी हो गई थी, यह उनके कैंसर इलाज की वजह से हुआ था। शुरू में लगा कि यह सिर्फ खाना फंसने का मामला है, लेकिन जब डॉक्टरों ने जांच की, तो पता चला कि एक मटर पूरी तरह से उनकी भोजन नली में फंसी हुई थी, जिससे पूरा ब्लॉकेज हो गया था।

पारस हेल्थ के कंसल्टेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुराग सचान ने यह प्रक्रिया की। उन्होंने लचीली अल्ट्रा-॥ष्ठ एंडोस्कोप से फंसी मटर निकाल दी। इसी दौरान बैलून डाइलेटेशन करके संकरी जगह को धीरे-धीरे चौड़ा किया गया। डॉ. सचान ने बताया, जिन मरीजों को पहले रेडियोथैरेपी हुई है, उनके लिए कोई भी छोटी चीज़ जानलेवा बन सकती है। समय पर की गई एंडोस्कोपी ने इस केस में बड़ा फर्क डाला। दो घंटे के भीतर बिंदिया फिर से नरम खाना खा सकीं। उन्हें उसी दिन हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई, और अगली डाइलेटेशन के लिए अगले महीने बुलाया गया है।

## राणा नायडू सीज़न 2 का प्रीमियर 13 जून को नेटफ्लिक्स पर

**लखनऊ।** हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा



नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई।

इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्ससाइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, सीज़न 2? यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है।

नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा।

## टीम ओकले में क्रिकेट स्टार शुभमन गिल हुए शामिल, स्पोर्ट स्टाईल और आईवियर के बनाएंगे नए नियम



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर, शुभमन गिल ओकले के अगले ब्रांड एम्बेसडर बन गए हैं। वो भारत में ''आर्टिफैक्ट्स फ्रॉम द फ्यूचर'' अभियान का चेहरा होंगे।

शुभमन गिल क्रिकेट की दुनिया में सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक हैं। गिल ने अपने स्थिर प्रदर्शन, शानदार शॉट्स और दबाव में भी अच्छे खेल के साथ पूरी दुनिया में अपने फैन बना लिए हैं। वो खेल के सभी फॉर्मेट्स में एक उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में स्थापित हो गए हैं। उनकी उपलब्धियाँ और बेहतरीन सफर भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जिससे दृढ़ निश्चय और उत्कृष्टता की शक्ति का प्रदर्शन होता है। इस गठबंधन के लिए उत्साहित शुभमन गिल ने कहा, ''मैं ओकले से जुड़कर बहुत उत्साहित हूँ। यह ब्रांड परफॉर्मेंस, प्रगति और जुनून का प्रतीक है। ये गुण मुझे बहुत प्रभावित करते हैं। जब भी मैं मैदान पर रहा हूँ, ओकले हर बार मेरे क्रिकेट के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहा। हर ओकले उत्पाद में उनकी इनोवेटिव लेंस और फ्रेम टेक्नोलॉजी मेरी परफॉर्मेंस बढ़ाने में मदद करती है। वो बहुत स्टाईलिश हैं, इसलिए मुझे बहुत पसंद हैं।''

# देवरिया में बारात गए कुशीनगर के युवक की गोली मारकर हत्या

## पुरानी रंजिश में हत्या का बताया जा रहा है कारण

अवधनामा ब्यूरो


मृतक राजन यादव की फाइल फोटो


घटना स्थल का जायजा लेते देवरिया के एसपी

**कुशीनगर।** देवरिया जिले के खुखुंदू थाना क्षेत्र के खजुरी करौता में कुशीनगर जनपद से गुरुवार की रात आई बारात में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक की हत्या के बाद सनसनी फैल गई। एसपी समेत अन्य अधिकारी आधी रात को ही मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी ली। घटना का कारण कुशीनगर जनपद में पुरानी रंजिश बताया जा रहा है।

कुशीनगर जनपद के अहिरौली बाजार के रामपुर झुरिया से रात को खजुरी करौता गांव में बारात आई थी। द्वार पूजा के बाद बाराती भोजन कर रहे थे। इस बीच बारात में आए रामपुर झुरिया निवासी राजन यादव (35) पुत्र अंबिका यादव को किसी ने गोली मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गए। बारात में गोली चलने के बाद भगदड़ मच गई। राजन को उपचार के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर एसपी विक्रांत वीर, एएसपी सुनील कुमार सिंह, सीओ दीपक शुक्ल समेत अन्य पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। बारातियों की पुलिस ने तलाशी भी ली, लेकिन कोई असलहा बरामद नहीं हो सका। पुलिस की माने तो राजन यादव का कुशीनगर में ही किसी से विवाद है। घटना का तार उसी से जुड़ा हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के पर्दाफाश को एसओजी समेत तीन टीमें लगाई गई हैं। सीओ दीपक शुक्ला ने बताया कि खुलासे के लिए टीमें लगी हैं। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

### दो नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

हत्या की वजह जमीनी रंजिश बताई जा रही है। मृतक राजन चार भाई थे जिसमें यह छोटा था। राजन के दो बच्चे एक 8 वर्ष और दूसरा 6 वर्ष का है। राजन के भाई ने बताया कि जमीनी रंजिश की वजह से हत्या हुई है। मृतक के भाई की तहरीर पर दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पुलिस आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## गांव चलो अभियान तेज करने को बसपा ने की बैठक

# बसपा राजनीतिक दल से अधिक विचार धारा, भारतीय संविधान के अनुरूप शासन व्यवस्था लक्ष्य : दिलीप

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक स्थानीय कान्हा मैरिज लान में हुई। बैठक में अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल और डॉ दयाराम राजभर ने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की।

कार्यों की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर पदाधिकारियों की क्लास भी लगाई और जिले के 28 कैडर कार्यकर्ताओं को एक एक सेक्टर आवंटित करते हुए गांव चलो अभियान तेज करने के निर्देश दिए। मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की तीसरे नंबर की राष्ट्रीय पार्टी है, जिसने भाईचारा बनाओ फार्मूले पर देश के सभी राज्यों में संगठन तैयार किया है। बसपा राजनीतिक दल से अधिक एक विचारधारा है जो समतामूलक समाज और भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप देश की शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए समर्पित और संघर्ष रत है। उन्होंने बसपा के अब तक के सफर और बहन सुश्री मायावती के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियों को फोकस किया और कार्यकर्ताओं को गांव गांव जाकर सर्व समाज के बीच संगठन मजबूत करने के संदेश दिए। मंडल प्रभारी डॉ दयाराम राजभर ने कहा कि मंडल कमीशन की रिपोर्ट बसपा की देन है। मान्यवर कांशीराम साहब की राजनीतिक पाठशाला में पढ़कर बसपा की बदौलत राजनीति में आगे बढ़े ओ बी सी के तमाम नेता व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति के लिए बहुजन समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस को निशाने पर लिया और कहा कि दोनों पार्टियां भारतीय संविधान और जातीय जनगणना के मुद्दे पर झूठी राजनीति कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सहित देश के किसी भी राज्य की कानून व्यवस्था ठीक नहीं है।देश की जनता बहन मायावती जी के शासन काल की याद कर रही है। बैठक का संचालन जिला महासचिव सरवन कुमार यादव और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने की।

### मौन धारण कर निर्वाण प्राप्त कार्यकर्ता रोहित कुमार को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

बैठक की समाप्ति के बाद हाल ही दुर्घटना में मौत का शिकार हुए युवा कार्यकर्ता रोहित कुमार की स्मृति में मौन धारण कर पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन में उसके योगदान का स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# राज्य की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डालर बनाने पर फोकस

## डीएम ने जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो


कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम तंवर

- निवेश एवं पर्यटन संवर्धन पर करें विशेष फोकस

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला ओ.टी.डी. सेल की बैठक की गई। जनपद स्तर पर सभी विभागाध्यक्षों को राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने की दिशा में कार्य करने, निवेश एवं पर्यटन उद्योग को बढ़ाने तथा सौंपे गए दायित्वों का सकुशल निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। निवेश एवं पर्यटन संवर्धन पर विशेष फोकस करें। बैठक दौरान उन्होंने कहा कि निवेश को बढ़ाने हेतु उद्यमियों की उद्योग की स्थापना में हर प्रकार से सहायता करें। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शासकीय/विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के साथ ही विभिन्न नवाचारों/बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रयोग कर उनमें अपेक्षित सुधार तथा संवर्धन करें। कृषि फसलों/औद्यानिक फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने पर बल दें। दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता तथा दुग्ध प्रोसेसिंग यूनिट की भी समीक्षा करे। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं उनके कार्यशील होने तथा सम्बन्धित इकाइयों का सुसंगत अधिनियमों में पंजीकरण कार्यों में सहयोग प्रदान करें। राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लॉजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन/ टाउनशिप/ औद्योगिक क्षेत्र आदि अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण कार्यों पर ध्यान दें। वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण की समीक्षा करे पीपीडी मोड पर निर्माणाधीन बस अड्डे के निर्माण पर बल दें। कौशल विकास स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योगों से समन्वय कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कौशल को चिन्हित करें तथा तदनुसार कौशल प्रदान किए जाने की व्यवस्था की समीक्षा भी करें। पर्यटन के दृष्टिगत विकास कार्यों को अंजाम दें।उन्होंने जिला ओ टी डी सेल की समीक्षा भी नियमित समयांतराल पर की जाएगी तथा इसके आधार जिला अर्थव्यवस्था रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### मुसहरों को योजनाओं से शत प्रतिशत करें लाभान्वित

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुसहर परिवारों को उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं से संतृप्तिकरण अभियान के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। चिन्हित कुल 43 ग्राम पंचायत/मजरो में मुसहर परिवारों को समस्त लाभकारी योजनाओं से शत प्रतिशत संतुष्ट करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी में कहा कि इन चिन्हित परिवारों को योजनाओं से आच्छादित करने के उपरांत उनका फैमिली आईडी भी बनाएं तथा उन्हें सूचीबद्ध करें। लिस्टेड करने के उपरांत इन्हें हम मॉडल तौर पर यह अभियान सभी ग्राम पंचायत में भी चला सकते हैं।

# सीएमओ के निरीक्षण में चिकित्सक समेत 11 कर्मचारी मिले अनुपस्थिति

अवधनामा ब्यूरो


सीएचसी तरयासुजान का निरीक्षण करते सीएमओ

- एक दिन का वेतन बाधित, कारण बताओ नोटिस जारी
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरया सुजान का मामला

**कुशीनगर।** गुरुवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरया सुजान का औचक निरीक्षण किया गया। सीएमओ उक्त स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण हेतु पहुंचे। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया तो चिकित्सक सहित 11 कर्मचारी अनुपस्थिति पाए गए। सीएमओ द्वारा अनुपस्थिति चिकित्सक एवं कर्मचारियों का वेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

अनुपस्थिति पाए जाने वालों में चिकित्सक डॉ संजय यादव दो दिन से, डॉ ओ.एन. मिश्र, फार्मासिस्ट अवध किशोर तिवारी, स्टाफ नर्स ज्योति कुमारी एक मई से अनुपस्थित, एलटी अशोक कुमार वर्मा, काउंसलर संदीप सिंह तीन दिन से, रवि प्रताप सिंह तीन दिन से, ऑप्टोमेटिस्ट अमित राय, एएनएम रुकईया खातून, वार्ड बॉय विकास लाल श्रीवास्तव, स्वीपर राम ध्यान प्रसाद गौंड आदि प्रमुख थे। तो वही मौके पर स्वीपर राहुल कुमार, स्टाफ नर्स अन्नू नेहा राव एवं एएनएम सरला सिंह उपस्थिति पाई गई। सीएमओ द्वारा उनके कार्यों की जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि सुबह एक महिला का प्रसव कराया गया तो फिर प्रसव रजिस्टर की भी जांच किया गया। सीएमओ द्वारा वहां आए मरीजों से बात कर आवश्यक जानकारी ली गई। उन्होंने ने कहा कि शासन की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाया जाए। ऐसे में समय से ड्यूटी न करने वाले चिकित्सक एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंचकर अपने कार्यों एवं दायित्व का निर्वहन करें। निरीक्षण में अनुपस्थित पाए गए सभी वेतन बाधित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# पारिवारिक विवाद से आहत महिला ने फांसी लगाकर दी जान

## सीएचसी लाई गई महिला को चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

अवधनामा ब्यूरो

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पुत्र ने दी तहरीर

**कुशीनगर।** सेवरही क्षेत्र के मिश्रौली गांव में गुरुवार की रात पारिवारिक विवाद से व्यथित एक महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। वह घर के छत में लगे बांस से फंदा लगाकर झूल गई। स्वजन उसे सीएचसी सेवरही ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका जुबैदा खातून (40) के पति सुभान अली बाहर रहकर कार्य करते हैं। घर पर उसका पुत्र इमरान अली रहता है। बताया जा रहा है कि किसी पारिवारिक विषय को लेकर मां-पुत्र में अनबन चल रही थी, जिससे आहत होकर महिला ने यह कदम उठाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र ने तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एसओ धीरेंद्र राय ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

### सैनिकों के शौर्य की गाथा है तिरंगा यात्रा : डॉ. अभय मणि

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के रामचंद्र विद्यार्थी पार्क से शहीद हरिकृष्ण




मणि द्वार तक भारतीय सेना के अद्वितीय पराक्रम को समर्पित भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ अभय मणि त्रिपाठी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे देश के सैनिकों के शौर्य की गाथा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हमारी तीनों सेनाओं ने मिलकर आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद को नेस्तनाबूद करते हुए अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया है यह हम सभी देशवासियों के लिए अत्यंत गौरवान्वित करने वाला है। भारतीय सेना ने पहलगाम अटैक के पश्चात आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सीमा के अंदर जाकर सैकड़ों आतंकवादी को मार गिराया था और पाकिस्तान में 9 एयर बस को उड़ा कर भारी तबाही मचाई थी। उन्होंने कहा कि एक भारतीय नागरिक होने का नाते हम सभी का एक नैतिक दायित्व है कि हम सभी तिरंगा यात्रा निकालकर भारतीय सेना को समर्थन दें, उनका सम्मान करें और गौरव की अनुभूति करें और कराएं। यात्रा में मुख्य रूप से प्रमुख रूप से उपस्थित चिकित्सक डा.जे.एन. पाण्डेय, पूर्व आइ. एम.ए अध्यक्ष, डा.सौरभ बरनवाल डा.पवन त्रिपाठी, डा.आर.पी शाही, डा. विकास पाण्डेय, डा.अजितेंद्र मणि, डा.जी.एस. त्रिपाठी, अखिलेश जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का हो त्वरित निराकरण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु व कानून-सुरक्षा संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने नये औद्योगिक आस्थान की स्थापना हेतु 10 एकड़ या उससे अधिक भूमि चिन्हित कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए। राजकीय औद्योगिक आस्थान देवरिया में नियमित सफाई, नालियों की मरम्मत, इंटरलॉकिंग, मुख्य गेट निर्माण और पार्क के सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस कार्य हेतु 252.82 लाख रुपये का ऑगणन तैयार कर निदेशक उद्योग को भेजा गया है। मूल नक्शे के अपग्रेड, पथरदेवा व भाटपाररानी में औद्योगिक आस्थानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। राजकीय औद्योगिक आस्थान सलेमपुर में अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने, विद्युत पोल बढ़ाने तथा अतिक्रमण हटाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। औद्योगिक क्षेत्र उसरा बाजार में फायर स्टेशन हेतु भूखंड आरक्षित किया गया है। साथ ही सड़क, नाली और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा ने बताया कि 34.85 लाख रुपये की स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत सफाई, मरम्मत एवं झाड़ी कटाई जैसे कार्य शीघ्र प्रारंभ होंगे। बैठक में पीएमईजीपी, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, सीएम युवा जैसी वित्तपोषण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। यह बताया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर वर्तमान में कोई लंबित प्रकरण नहीं है तथा निवेश मित्र पोर्टल के मामले में जनपद प्रदेश में पांचवे स्थान पर है। पूर्व विधायक एवं उद्यमी रविन्द्र प्रताप मल्ल, शक्ति गुप्ता एवं जेपी जायसवाल ने उद्यमियों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, एडीएम प्रशासन जैनेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा, उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार, ईओ संजय तिवारी, एलडीएम आरएस प्रेम सहित विभिन्न अधिकारी एवं उद्यमी मौजूद थे।

### जमीन विवाद में मां सहित दो बेटियों को पीटकर किया घायल

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र के गजियापुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। मारपीट की इस वारदात में मां सहित दो बेटियों को गंभीर चोटे आ गई। प्राथमिक इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के गजियापुर गांव की रहने वाली माया पत्नी रवि ने थाने पर तहरीर दी है कि उसकी कीमती भूमि पर कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे थे और जब उसने मौके पर जाकर मना किया। प्रतिपक्षी गण राजन पुत्र गुड्डू निवासी दल थंभन खेड़ा, सुरेन्द्र पुत्र राम बहादुर निवासी सुखई का पुरवा महाराजगंज, शिव प्रसाद पुत्र विजई निवासी गजियापुर, सुमित पुत्र शिव प्रसाद निवासी गजियापुर ने उन्हें भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। इसी दौरान उक्त लोगों ने लात घूसों से उन्हें पीटना शुरू कर दिया जब उनकी बेटियां किरण तथा कोमल उन्हें बचाने पहुंची तो उक्त लोगों ने उन्हें भी लात, घूसो, डंडों से जमकर मारा पीटा तथा जमीन पर पटक दिया। जिससे सभी को गंभीर चोटे आ गई। आरोपी गणों ने उन्हें जान से मार देने की धमकी भी दी। वह तथा उनकी बेटियों ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई।

### खेल गतिविधियों का हुआ आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम में शुक्रवार को समर कैंप में योगासन के बाद खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक कौशलेंद्र सिंह ने बच्चों को इंडोर गेम्स की जानकारी दी। बच्चों ने कैरम बोर्ड पर लूडो खेले। बालकों ने वालीबाल का अभ्यास किया। दूसरे सत्र में प्रशिक्षक लालती देवी ने लोक नृत्य का अभ्यास कराया।लोक गीत और लोक नृत्य के बारे में बालिकाओं को जानकारी दी। इं प्र अ संजीव कुमार ने बच्चों को बताया कि विविधता में एकता हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख अंग है। देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग लोक नृत्य और लोक गीत प्रचलित हैं। उत्तर प्रदेश में नौटंकी को अभी भी लोग बहुत पसंद करते हैं। रसोइया रिपु मौर्य, सीता देवी, निर्मला, बलवीर, धनपती आदि मौजूद रहे। कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर में समर कैंप के तीसरे दिन प्रशिक्षण सर्वेश कृष्ण यादव प्रधानाध्यापक अमर बहादुर सिह ललित कुमार के नेतृत्व में बच्चोंने योगासन के बाद मिट्टी के बर्तन बनाने की विधि को सिखा।

### डीएम ने राणा बेनी माधव बख्श सिंह आडिटोरियम के निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ राणा बेनी माधव बख्श सिंह ऑडिटोरियम के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परियोजना लगभग 21 करोड़ की है, परियोजना को पूर्ण करने की समय सीमा 31 जुलाई 2025 है, समय सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है फिनसिंग का कार्य शेष है जो कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य को मानक के अनुरुप समयबद्ध पूर्ण कराया जाये।

# अमेठी डिपो में 46 ड्राइवर कम, रोडवेज को घाटा, नहीं बढ़ पा रहे बसों के फेरे

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** ग्रामीण अंचल में रोडवेज सेवाओं में सहूलियत के लिए अमेठी डिपो की ओर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम मुख्यालय से तीन दर्जन से अधिक छोटी बसों की मांग की गई है। डिपो में चालकों और परिचालकों की कमी से रोडवेज को घाटा हो रहा है। बसों के फेरे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

लोड फैक्टर कम हो रहा है। कम लोड फैक्टर और डीजल औसत को लेकर ए आर एम काशी प्रसाद ने एक दर्जन चालकों को चेतावनी नोटिस जारी की है। अमेठी डिपो के बेड़े में इस समय 58बसें हैं। इनमें से तीन अनुबंधित सेवा की बसें हैं। डिपो में जरूरत के अनुसार 46 चालकों की कमी होने से बसों का समुचित संचालन नहीं हो पा रहा है।

लोकल सेवा में सुल्तानपुर चल रही बसों में सवारियां कम निकलने से लोड फैक्टर 30से 35है। लम्बी दूरी की बसों के संचालन से लोड फैक्टर 52 से 55 है। डिपो की आमदनी कम होने का खामियाजा चालक और परिचालक भुगत रहे हैं। ए आर एम ने 50 से कम लोड फैक्टर और डीजल औसत कम देने वाले एक दर्जन चालकों और परिचालकों को चेतावनी नोटिस जारी की है। **अभी भी खाली पड़ी हुई हैं डिपो की आठ दुकानें** - क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की शिथिलता के कारण अमेठी डिपो पर डिपो की आय में वृद्धि के लिए बनाई गई सभी दुकानें ठीक से संचालित नहीं है। आठ दुकानें अभी भी खाली पड़ी हुई हैं। जो दुकानें आवंटित हैं , उनके लाइसेंसदारों ने ठेके पर दूसरों को दुकानें दे दी हैं। सूत्रों का कहना है कि क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के बाबू आवंटियों से मनमानी धनराशि वसूलते हैं। ए आर एम मौन व्रत धारण किए हुए हैं। बस स्टेशन पर कैंटीन का संचालन लगभग आठ महीने से बंद है। हाल ही में क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय की ओर से महमूदपुर के महेन्द्र यादव के नाम कैंटीन का आवंटन किया गया है। जी एसटी के साथ किराया लगभग पांच हजार रुपए है।

### संविदा चालकों की भर्ती जारी, 50 में से 5 अभ्यर्थियों का चयन

डिपो में चालकों की कमी को पूरा करने के लिए भर्ती का क्रम जारी है। पिछले 15 दिन के भीतर पचास लोग आए हैं। इनमें से 14टेस्ट में पास हुए हैं, अभी तक पांच का चयन हुआ है। काशी प्रसाद, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, अमेठी ने कहा बाजार सुकुल को छोड़ कर जिले में सभी जगह बसों का संचालन हो रहा है। चित्रकूट के लिए एक मई से नयी बस सेवा शुरू की गई है। चालकों की भर्ती तब तक होगी जब तक कमी पूरी नहीं हो जाती । उपलब्ध संसाधनों की सहायता से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने की पूरी कोशिश है।

### भ्रामक आख्या प्रस्तुत करने पर चकबंदी लेखपाल और कानूनगो निलंबित

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के राम प्रताप पुत्र रमई नि. रमपुरा मजरे बावन बुर्जुग बल्ला तहसील महराजगंज द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस मण्डलायुक्त रोशन जैकब लखनऊ के समक्ष प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र में गाटा संख्या 300, 307, 310, 296, 305, 308 व 318 आदि पर विपक्षी द्वारा कब्जा किये जाने सम्बन्धी शिकायत के निस्तारण में मण्डलायुक्त द्वारा जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को राजस्व एवं चकबन्दी विभाग की टीम गठित करके जांच करने एवं कार्यवाही करने सम्बन्धी निर्देश के अनुक्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर तहसीलदार महराजगंज मंजुला मिश्रा एवं चकबन्दी अधिकारी हरचन्दपुर की गठित संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 19.5.25 को परिवादी की उपस्थिति में स्थल पर जाँच की गयी। उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने एवं विभिन्न पोर्टलों पर आई जी आर एस जनता दर्शन, तहसील दिवस व थाना दिवस एवं चकबन्दी आयुक्त व शासन द्वारा प्राप्त सन्दर्भो में भ्रामक आख्या प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में दोषी पाये जाने पर नागेन्द्र प्रताप, चकबन्दी लेखपाल और राकेश कुमार चकबंदीकर्ता (कानूनगो) क्षेत्र हरचन्दपुर प्रथम तहसील महराजगंज पर कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रचलित कर दी गई है।

### विधायक सदर ने 37 दिव्यांगजनों को 63 कृत्रिम अंग सहायक उपकरण किए वितरित



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत जनपद के दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम रतापुर स्थित सामुदायिक केन्द्र के परिसर में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में विधायक, सदर अदिति सिंह व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला गया एवं दिव्यांगजनों को सरकार की समस्त योजनाओं से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विधायक, सदर, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी चिन्हित पात्र 37 दिव्यांगजनों को कुल 63 उपकरण जिसमें ट्राई साइकिल 28, बैसाखी 26, व्हीलचेयर 05, स्मार्टकेन 04 वितरित किये गये, इसके अतिरिक्त 07 नवीन दिव्यंग्यानों का विभिन्न योजनाओं हेतु चिन्हांकन किया गया। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा प्राप्त उपकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। उपकरण प्राप्त लाभार्थियों द्वारा सदर विधायक व जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। निशुल्क कृत्रिम उपकरण वितरण कार्यक्रम का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी व लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

# विश्व कछुआ दिवस पर हुई प्रतियोगितायें नर्सरी का भ्रमण

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी डॉ0 सुशील कुमार के निर्देशन में वन विभाग, जिला गंगा समिति शाहजहाँपुर एवं विश्व प्रकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वावधान में एम0आर0 सिंधिया पब्लिक स्कूल, नवादा इन्देपुर में विश्व कछुआ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अन्तर्गत सर्वप्रथम युवाओं के मध्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व कछुओं के संरक्षण विषयक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुबोध सिंह चौहान ने प्रथम, निखिल कुशवाहा ने द्वितीय व पालश मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया व निबन्ध प्रतियोगिता ने ईशिका मिश्रा ने प्रथम, अर्चित गुप्ता ने द्वितीय व मयंक यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को अतिथिगणों द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विश्व प्रकृति निधि भारत से सहायक समन्वयक डॉ0 अमान उल्ला खाँ ने डब्ल्यू0डब्ल्यू0एफ0 द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बाते हुये गंगा व रामगंगा नदियों के किनारे पायी जाने वाली कछुओं की प्रजातियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया व स्थानीय समुदायों की भागीदारी व दायित्वों पर चर्चा की। इस अवसर पर युवाओं को क्षेत्रीय वनाधिकारी कार्यालय, शाहजहाँपुर में नव-निर्मित कछुआ नर्सरी का भ्रमण कराया तथा हैचिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया को विस्तृत रूप से बताया जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर रूचि दिखाई। जिला गंगा समिति सदस्य राकेश कुमार पाण्डेय ने नदियों के किनारे की जा रही जैविक कृषि को नदियों का प्रदूषण कम करने व प्राकृतिक कृषि को प्रकृति की ओर जुड़ने का माध्यम बताया। जिला परियोजना अधिकारी विनय कुमार सक्सेना ने जनपद शाहजहाँपुर में मुख्यतः पाये जाने वाले कछुओं की मुख्य 2 प्रजाति बटागुर ढोंगोका व पंगशुरा टेंटोरिया के बारे में बताते हुये कछुओं को नदी के सफाई नायक की संज्ञा दी। माई भारत शाहजहाँपुर के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बधाई देते हुये वर्तमान समय में भारत सरकार द्वारा चल रहे सिविल वॉलंटियर का पोस्टर विमोचन करते हुये युवाओं को बताया। उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अजय सिंह राना ने कछुओं सहित समस्त जीव जन्तुओं व पक्षियों का संरक्षण करने हेतु अभिप्रेरित किया। उप-प्रधानाचार्य अमित सिंह चन्देल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये इस प्रकार की गतिविधियों की सराहना की जिससे कि युवाओं में जागरूकता बढ़े। निर्णायक मण्डल में वन दरोगा अनीता पटेल, वन रक्षक शुभ्रा श्रीवास्तव व सहायक अध्यापिका श्रीमती आरती व हार्दिक गुप्ता का रहा। विशेष सहयोग विद्यालय समन्वयक अमन शर्मा, सहायक अध्यापिका कृतिका श्रीवास्तव, दीप्ती सहित अंकित श्रीवास्तव, हिमांशु सक्सेना, जितिन सिंह आदि का रहा।

# जल भराव को लेकर ग्रामीण परेशान सीडीओ से शिकायत



**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जनपद के विकासखंड सिधौली क्षेत्र में पड़ने वाले मूडा फतेहपुर गांव में गलियों में जल भराव के चलते लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है बरसात की सीजन में तो लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है ग्रामीणों की माने तो इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव को कई बार अवगत कराया लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि गरगैया त्रिलोकपुर ग्राम पंचायत के मूंडा फतेहपुर में पातीराम के मकान से वारा नाला तक नाली निर्माण होना है नाली निर्माण न होने के कारण गलियों में पानी भरा रहता है जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं और ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है प्रार्थना पत्र देने वालों में पातीराम ,अशोक कुमार, सत्यदेव ,राजकुमार, अरविंद, नीरज ,सूरजपाल, विपिन, राम रतन ,रविंद्र सहित तमाम ग्रामीण शामिल रहे।

# विद्युत वितरण मण्डल कार्यालय में स्थापित हुआ कन्ट्रोल रूम

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वी.के. राजपूत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति एवं अन्य कर्मचारी संगठनों द्वारा 14 मई 2025 से प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन/आन्दोलन के दृष्टिगत विद्युत सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण एवं व्यवधान रहित गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु कार्यालय विद्युत वितरण मण्डल, बहराइच अन्तर्गत संचालित मण्डलीय कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 8005494418 है। श्री राजपूत ने आमजन से अपेक्षा की है कि विद्युत सम्बन्धी शिकायतो के निवारण, जानारी एवं सुझाव के लिए मण्डलीय कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 8005494418 पर सम्पर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। अधी.अभि. विद्युत ने बताया कि स्थापित कन्ट्रोल रूम राउण्ड-द-क्लाक संचालित रहेगा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 31 मई तक

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जून, 2025 के पहले या दूसरे सप्ताह में प्रधानमंत्री जी के द्वारा जारी की जानी है। इसी क्रम में कृषि विभाग द्वारा 31 मई, 2025 तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जनपद में योजना के लाभ से अवशेष कृषको को लाभ प्रदान कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत जिला प्रशासन, ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारियों, जन सेवा केन्द्रो एवं इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के अधिकारियों को लगाया गया है। जिन किसानों के द्वारा अभी तक अपना भूमि अंकन, ई.के.वाई.सी. अथवा अपने बैंक खातों को आधार से लिंक नही कराया है वे कृषि विभाग के ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं को दूर करा लें। भूमि अंकन हेतु तहसील से सत्यापित खतौनी की प्रति कृषि विभाग में उपलब्ध करानी होगी। किसान अपनी ई.के.वाई.सी. पी.एम. किसान की वेबसाइट पर स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्रो एवं कृषि विभाग के ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारियों से सम्पर्क कर करा सकते है। अपने खाते को आधार से लिंक कराने हेतु अपनी बैंक शाखा से सम्पर्क करे आधार लिंक कराने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक के माध्यम से आधार लिंक खाता खुलवा सकते है। इस अभियान के दौरान नये आवेदनों का त्वरित गति से निस्तारण किया जायेगा। अपात्र एवं मृतक लाभार्थियों को चिन्हित करके उनकी किस्त भी रोकी जायेगी। मृत लाभार्थियों के वारिस मृतक कृषक की सम्मान निधि को रूकवाकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ स्वंय प्राप्त कर सकते है। इस सम्बन्ध में समस्त ग्राम सचिवों को मृतक कृषकों की सूची कृषि विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी कृषक पी.एम. किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये इस अभियान से अवश्य जुडें।

# धार्मिक क्षेत्रों में कराएं पेयजल लाईटिंग, पेंटिंग आदि व्यवस्थित



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में वन्दन योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2025-26 की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद व सिरसागंज, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड- 2, अधिशासी अभियंता जल निगम व नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत मक्खनपुर के अधिशासी अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, इस बैठक में नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद द्वारा श्री गवां देवी दुर्गा मंदिर और नगर पंचायत मक्खनपुर द्वारा भोलेनाथ मंदिर बिल्टीगढ़ राघोल के धार्मिक क्षेत्रों में संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, पेयजल की व्यवस्था, लाइटिंग, पेंटिंग आदि कार्य पर्यटन विभाग के समन्वय में से कराए जाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। इस योजना के तहत शहरी क्षेत्र के भीतर सांस्कृतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर बनाया जाना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां आकर इसके सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व से परिचित हो सके। पर्यटन विभाग के अलावा इन स्थानों के विकास में सीएसआर फंड सांसद एवं विधायक निधि एवं नगर निकाय के बजट से भी इन स्थलों को विकसित किया जाएगा।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने चलाया एक पेड़ मामों के नाम अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** अमृत योजना के अन्तर्गत दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वाधान में ÷एक पेड मर्मो के नाम÷ अभियान के अन्तर्गत स्वय सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा नगर निगम शाहजहाँपुर के जैव विविधता पार्क, स्नस्ज्ञक्क चिनौर में निर्मित दो अमृत सरोवरो एवं नगर पालिका परिषद जलालाबद के भामाशाह पार्क पर ÷आईये महिलाओं के नेतृत्व में एक हरियाली से परिपूर्ण कल के लिये साथ आयें। मात शक्ति से प्रेरित।÷ थीम पर वृक्षारोपण किया जायेगा। यह अभियान दो चरणो में क्रिन्यावित किया जायेगा। प्रथम चरण-प्रदेश के नगरीय निकायों में दिनांक 21 से 23 मई, 2025 तक स्थानीय निकायों / विकास प्राधिकरणो के साथ समन्वय स्थापित कर वृक्षारोपण हेतु वाटर बॉडीज एवं पार्को के स्थलो का चयन कर वृक्षारोपण की कार्ययोजना बनाई जायेगी। द्वितीय चरण- प्रदेश के नगरीय निकायों में दिनांक-5 जून से 31 अगस्त, 2025 तक चिन्हित स्थलो पर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वृहद वृक्षारोपण का अभियान चलाया जायेगा। प्रथम चरण के कार्यक्रम के अन्तर्गत 23 मई को वृक्षारोपण हेतु चयनित स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं को किट का वितरण संयुक्त नगर आयुक्त श्रीमती संगीता एवं शहर मिशन प्रबन्धक श्री प्रभाकर मिश्रा द्वारा किट का वितरण किया गया। नगर पालिका परिषद जलालाबाद में वृक्षारोपण किट का वितरण अधिशासी अधिकारी श्री एचएन उपाध्याय द्वारा किया गया। किट वितरण के उपरान्त वृक्षारोपण हेतु चयनित जैव विविधता पार्क, स्नस्ज्ञक्क चिनौर के दो अमृत सरोवरो एवं नगर पालिका जलालाबाद में भामाशाह पार्क पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्थल भ्रमण कराया गया। चयनित स्थलो पर वृक्षारोपण का प्रारम्भ 5 जून 2025 से किया जायेगा। यह कार्यक्रम 31 अगस्त 2025 तक संचालित रहेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देदश्य माँ के नाम एक पेड लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देना है। इस अभियान के अन्तर्गत जो पेड स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाये जायेगे उन सभी पेडो की देखभाल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा 1-2 वर्षो तक की जायेगी। स्थल भ्रमण एवं वृक्षारोपण किट के वितरण के समय संयुक्त नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहाँपुर श्रीमती संगीता कुमारी, डूडा से शहर मिशन प्रबन्धक प्रभाकर मिश्रा, सामुदायिक आयोजक, दीपक प्रजापति, अंशुल कुमार, अमरदीप इत्यादि उपस्थित रहे।

# पत्रकार के निधन पर पत्रकार एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य व हिंद मोर्चा अखबार के जिला प्रतिनिधि सैयद सनाउद्दीन के आकस्मिक निधन पर पत्रकार एसोसिएशन के सुपर मार्केट स्थित कार्यालय पर एक शोक सभा डॉ0 अवधेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष अम्बरीष मिश्रा ने सैयद सनाउद्दीन को कलम का सच्चा सिपाही बताया। उन्होंने कहा कि अपने साथी के निधन पर हमारे सभी साथी बहुत दुखी हैं। दुख की इस घड़ी में हमारा संगठन दिवंगत पत्रकार के परिवार के साथ खड़ा है। अध्यक्ष डॉ0 अवधेश शुक्ला ने दियांगत साथी पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बीते कई दिनों से पत्रकार नगर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती होकर इलाज करवा रहे थे। उनके निधन पर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने दिवंगत पत्रकार के परिवार की हर संभव मदद करने की बात कही। तहसील बल्दीराय क्षेत्र के इसौली निवासी पत्रकार सैयद सनाउद्दीन को उनके गांव में सुपुर्द खाक किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित नवीन शर्मा, शिवकर डूबे, अशोक मिश्रा, आशीष मौर्या, दीपक मिश्रा, परविंद शर्मा, शीतला साहू आदि ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत पत्रकार की आ की शांति के लिए ऊपर वाले से दुआ की।

## संगठन ने गरीब लड़कियों के विवाह में आर्थिक मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**सुल्तानपुर।** शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह में आर्थिक मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे हैं। एसोसिएशन ने गरीब बेटियों को विवाह के में कई प्रकार के बड़े बड़े सामान व नगद राशि देकर सहायता की है। इतना ही नहीं शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा कई प्रकार के सामाजिक कार्यो को किया जाता है। शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने बताया कि? एसोसिएशन सभी गरीबो के लिए सहारा बन के खड़ा है कन्याओं के विवाह से लेकर कई अन्य कार्यों में आगे बढ़ कर मदद कर? रहा है। जिलाध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने बताया की अभी हाल ही में एक गरीब की शादी में कई प्रकार के सामान दिए गए हैं जैसे डबल बेड, सिंगारदान, चौकी और कई प्रकार के सामान दिए गए हैं। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष फज़ल रिज़वी ने बताया कि देने वाले ऊपर वाला है, लेकिन हमें एक दूसरे की मदद करना जरूरी है. गरीब लड़कियों की शादी में सहयोग जरूरी है। संगठन हमेशा समाज में गरीब व असहाय लोगों की सहायता में जो बन सकेगी, अवश्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीब-असहाय लोगों को मदद करने से सुकून मिलता है। इसलिए गरीबों के बीच बढ़-चढ़ कर सेवा करनी चाहिए। वहीं संगठन के प्रदेश महामंत्री अली जाफरी ने कहा कि संस्था का प्रयास रहता है कि हर गरीब-असहाय को मदद करना. ताकि शादी विवाह, श्राद्ध कर्म में गरीबों को आर्थिक समस्या का सामना नही करना पड़े। वही संस्था के प्रदेशाध्यक्ष अलमदार हुसैन ने कहा कि अभी हमारे संस्था को सरकार के द्वारा कोई फंड नहीं मिल रहा है। फिर भी हमलोग ट्रस्ट के सभी सदस्य मिलकर यह अभियान उठाया हूं। आखिरी सांस तक हमलोग लोगों की मदद करते रहेंग। मौके पर डॉ मोहतशम रज़ा, सफदर अब्बास, मोहम्मद हुसैन गोलू, अली अब्बास, इमरान अब्बास आदि संगठन के कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# रात में आई तेज आंधी से भारी नुकसान, चरमराई विद्युत आपूर्ति

**अवधनामा संवाददाता**

- जगह दृजगह उखड़े पेड़, टूटे विद्युत पोल, टीन शैड और छप्पर भी उड़े
- रात के समय आंधी आने से एक महिला की हुई मृत्यु, कई बकरीं मरीं

**शिकोहाबाद।** बुधवार रात आई तेज आंधी से आम जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी ने लोगों का भारी नुकसान किया। जगह-जगह पेड़ टूट कर गिर पड़े तो कहीं विद्युत पोल टूट गए। पेड़ों के गिरने से रास्ता अवरुद्ध हो गया। लोगों ने सड़क पर टूटे पड़े पेड़ों को काट कर अलग कर रास्ता साफ किया। वहीं विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई। लोगों को गुरुवार को पेयजल का भी संकट झेलना पड़ा। बुधवार रात को आंधी आने से माधवगंज उपकेंद्र क्षेत्र में कई विद्युत पोल टूट कर गिर पड़े। जिससे बुधवार रात 10 बजे से गुरुवार सुबह नौ बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। वहीं मोहल्ला बंशीपुरम में पोल टूटने से 11 केवीए की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पूरे मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति रात से दोपहर दो बजे तक बाधित रही। जिसके चलते लोग पीने के पानी के लिए भी परेशान रहे। गांव नगला बुद्धसेन, नगला लोकमन, जसलई रोड, बंशीपुरम सहित अन्य जगह सात बिजली के खंभे टूट गए। जिसकी बजह से विद्युत आपूर्ति वाधित रही। वहीं नेशनल हाइवे गांव आरोंज के समीप देर रात आई तेज आंधी में लक्ष्मी होटल की सीमेंट की टीनशेड टूट गई। गनीमत रही कि कोई जनधन हानि नहीं हुई। इसी दौरान बारिस से ग्राम निकाऊ मे अशोक बघेल पुत्र श्रीचंद्र निवासी निकाऊ की 16 भेड़ आकाशीय बिजली गिरने से मर गईं। आंधी और वर्षा के कारण मुनीशा देवी पत्नी सतीशचंद्र निवासी नगला चौनसुख मौजा थानुमई की चोटिल होने से मृत्यु हो गई। नसीरपुर क्षेत्र के फ्तेहपुर करखा मार्ग से सिरसागंज जाने वाले मार्ग पर आंधी से नीम का पेड़ टूट गया। जिससे रास्ता अवरुद्ध हो गया था। रात 2 बजे पेड़ कटवाया गया। इससे रात को आई आंधी ने पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया।

# बाँदा में मरीजों की 'बिक्री' का काला कारोबार

- सरकारी अस्पतालों से प्राइवेट हॉस्पिटल तक कमीशन का खेल

**अवधनामा संवाददाता**



**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बाँदा जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के साथ हो रहे व्यवहार और उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने के पीछे के कारणों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जनपद बाँदा के मुख्यालय मे वर्तमान समय मे सबसे अधिक खरीदने बेचने का कारोबार महिला मरिजों के साथ हो महिला जिला चिकित्सालयो मे और , पुरूष जिला चिकित्सालय मे आर्थो के मरीजो को बेचा जाता है और सबसे बडी विडम्बना इलाज करने वाला डाक्टर अक्सर दोनो जगह एक ही होता है परंतु फिर भी लाचार गरीब मरीज के परिजन उसे दलालो के हाथो बेचने को मजबूर हो जा रहे है।

**सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार की झलक-** जिला अस्पताल में हाल ही में एक मामला सामने आया जिसमें एक डॉक्टर ने मृत मरीज के लिए ब्लड टेस्ट और सीटी स्कैन की जांचें लिख दीं। जब परिजनों ने आपत्ति जताई, तो डॉक्टर पर्चा फाड़कर वहां से चले गए। इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं।

**मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने का खेल-** स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आशा कार्यकर्ता, एम्बुलेंस चालक और कुछ स्वास्थ्य कर्मी मिलकर मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रेफर करने का काम कर रहे हैं। इसके बदले में उन्हें कमीशन मिलता है। यह कमीशन अंततः मरीजों से ही वसूला जाता है, जिससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

**स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति-** बाँदा के सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की कमी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक ही बेड पर दो मरीजों का इलाज किया जा रहा था। इससे अस्पतालों की बदहाल स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**प्रशासन की भूमिका और आवश्यक कदम-** स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि वह इन मामलों की गंभीरता से जांच करे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही, अस्पतालों में सुविधाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**निष्कर्ष:** बाँदा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे। मरीजों के साथ हो रहे अन्याय को रोकने के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी।

## दस कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**सुल्तानपुर।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुल्तानपुर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने इन कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इसी तरह कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। पुरस्कार पाने वालों में निरीक्षक उदयराज यादव, प्रवीण मान, उपनिरीक्षक राम प्रवेश शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित सिंह आरक्षी राजीव शुक्ल आदि के नाम शामिल हैं।

## रोटरी क्लब शिकोहाबाद द्वारा शीतल जल सेवा

**शिकोहाबाद।** रोटरी क्लब शिकोहाबाद द्वारा श्री राम मंदिर, बड़ा बाजार, शिकोहाबाद पर लगवाया गया वाटर कूलर। सामाजिक संस्था सदैव ही अपने जन कल्याण कार्यो के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है, उसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गर्मियों में राहगीरों और मंदिर परिसर में आए श्रद्धालुओं की सेवार्थ हेतु वाटर कूलर लगवाया गया। इस मौके पर क्लब प्रेसिडेंट डॉ संजीव आहूजा, सचिव रजत शाह एडवोकेट, अशोक बाबू अग्रवाल, प्रदीप बंसल, अनिल बंसल, सुधीर अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सचिन बंसल, एस एस खंडेलवाल, विनोद शाह, एल एम श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद थे।

# नाबालिगों के लिए साथी टीम चलाएगी अभियान, चिन्हीकरण कर बनेगा आधार कार्ड

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नाबालिग बच्चों के लिए साथी टीम आधार कार्ड बनवाने में मदद करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए जिला प्रोबेशन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राजस्व टीम के साथ साथ पैनल लॉयर, पैरालीगल वालेंटियर्स को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। साथी अभियान दस्तावेज (आधार के लिए सर्वेक्षण, पता लगाना एवं समग्र समावेश तक पहुंच) का शुभारंभ किया गया है। आज जिला एवं सत्र न्यायालय के मीटिंग हाल में साथी अभियान दस्तावेज के उद्देश्य आधार नामांकन, विधिक सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर पूरे देश के साथ साथ सुल्तानपुर /अमेठी में निराश्रित बच्चों की पहचान करने और उन्हें सहायता प्रदान करने पर चर्चा हुई। विभिन्न विभागों के संयुक्त बैठक में नाल्सा के निर्देशन में यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बच्चा विधिक पहचान या अधिकारों एवं हकों तक पहुंच के बिना न रह जाए। प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि बैठक में साथी अभियान के सफलता के लिए जनपद सुलतानपुर में साथी समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि साथी समिति का काम यूआईडीएआई से संपर्क कर ऐसे बच्चों का आधार कार्ड बनवाया जाएगा जिनकी उम्र 18 साल से कम है। ऐसे बच्चों का चिन्हीकरण होने के बाद उनका आधार कार्ड आगामी पांच अगस्त के पहले पहले बनने की प्रक्रिया चलेगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी वीपी वर्मा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की भी जानकारी दी तथा कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है। मुख्यमंत्री रानी लक्ष्मीबाई योजना के अंतर्गत जिले भर की तकरीबन 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो-दो बार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम किया गया है तथा बच्ची के जन्म पर पौधे भी लगाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भीषण ने कहा कि ऐसे बच्चे जो जिला कारागार में अपनी मां के साथ बंद है ऐसे बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के तहत तीन बच्चों की बीमारी के साथ-साथ ऑपरेशन भी कराए गए हैं। वहीं तहसीलदार सदर हृदयराम तिवारी ने बताया कि आवेदन पत्र पर बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र के लिए मौके पर जाकर राजस्व की टीम सत्यापन करती हैं। करीब करीब प्रत्येक प्रकार के प्रमाण पत्र के लिए नियमों का कड़ाई से पालन किया जाता है। तहसीलदार ने बताया कि जन्म प्रमाण-पत्र के लिए ग्राम के मुखिया के साथ-साथ प्रारूप पर आशा बहू की भी रिपोर्ट लगने लगी है। नामिका अधिवक्ता अमित कुमार पांडेय ने राजस्व कर्मचारियों से भी तालमेल के साथ-साथ पात्रों की मदद करने के लिए सुझाव दिया।

## स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट को दी गयी भावभीनी विदाई

**बहराइच।** वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जिले से स्थानान्तरित नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व कलेक्ट्रेट सहायकों सहायकों द्वारा नगर मजिस्ट्रेट को उपहार, स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम, एसपी, सीडीओ, एडीएम, सीआरओ, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारीगण व अन्य अधिकारियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासी और सकारात्मक सोच रखने वाली अधिकारी के तौर पर श्रीमती प्रभाकर को याद किया जायेगा। वक्तागण ने कहा मृदुलभाषी स्वभाव के कारण श्रीमती प्रभाकर जनपद में काफी लोकप्रिय थी। प्रभाकर की एक खूबी यह भी थी कि सरकारी कार्यों के साथ सामाजिक सरोकार के अन्य कामों को भी पूरी संजीदगी के साथ अन्जाम देती थीं।

# डीपीआरओ ने किया गिरधरपुर व किशुनपुर माफी के पंचायत भवनों का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लाक बलहा के ग्राम पंचायत गिरधरपुर व ब्लाक चित्तौरा के ग्राम पंचायत किशुनपुर माफी के पंचायत भवनों का निरीक्षण किया गया। गिरधरपुर पंचायत सचिवालय के निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी (पं0) बलहा राजेश कुमार चौधरी, सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार, पंचायत सहायक संगीता यादव व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। पंचायत सहायक से उनसे कार्यों के बारे में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि कम्प्यूटर प्रधान के घर पर था, अभी अभी आया है एवं पंचायत सहायक अपने कार्यों के बारे में यथोचित जबाब नहीं दे सकीं। सचिव ग्राम पंचायत प्रभात कुमार द्वारा बताया गया कि उन्हें 02 कलस्टर आवंटित है, जिस कारण वह प्रतिदिन पंचायत भवन में उपस्थित नहीं हो पाते है। 10-12 दिइन में एक बार ग्राम पंचायत में आते हैं, जिस पर सचिव ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया कि वह अपने आवंटित कलस्टर में सम्मिलित ग्राम पंचायतों में उपस्थित होने हेतु रोस्टर निर्धारित करते हुए रोस्टर की प्रति सभी ग्राम पंचायत के सार्वजनिक जगहों एवं सूचना पट्ट पर चस्पा करें तथा रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत में उपस्थित होकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करें। उपस्थित ग्राम पंचायत के निवासी आत्माराम द्वारा बताया गया कि सफाई कर्मी द्वारा ग्राम पंचायत की नाली की सफाई नहीं की जाती है, जिससे ग्राम पंचायत की नाली जाम है, कभी-कभी कोई बाहरी व्यक्ति सफाई करने आता है, जिस पर सहायक विकास अधिकारी पं0 श्री राजेश चौधरी को निर्देशित किया गया कि वह सम्बन्धित सफाई कर्मी माह मई, 2025 का वेतन बाधित करते हुए स्पष्टीकरण निर्गत कर आख्या प्राप्त करें तथा प्राप्त आख्या पर अपनी जांच रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें। इसी प्रकार पंचायत भवन किशुनपुर माफी के निरीक्षण के समय पंचायत भवन खुला पाया गया। पंचायत सहायक रूपा देवी उपस्थित थीं, किन्तु पंचायत भवन में पर्याप्त सफाई नहीं पायी गयी। पंचायत भवन में कम्प्यूटर व सहवर्ती उपकरण नहीं पाया गया। विद्युत कनेक्शन नहीं है। पंचायत भवन में बाउण्ड्री वाल का निर्माण नहीं है। पंचायत भवन का शौचालय निष्प्रयोज्य पाया गया। सचिव के कक्ष में मोटी धूल जमी है। पंचायत भवन के सचिव का नाम गलत अंकित है। निरीक्षण के दौरान सचिव ग्राम पंचायत से दूरभाष पर सम्पर्क कर निर्देशित किया गया कि वह 15 दिवस के भीतर पंचायत भवन की समस्त कमियों को दूर करायें तथा निर्धारित रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन पर उपस्थित रहें।

# हमीरपुर में सनसनीखेज वारदात

## घर में घुसकर दंपत्ति पर जानलेवा हमला, पत्नी की मौत, पति गंभीर

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव में गुरुवार देर रात एक दिल दहलाने वाली घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर सो रहे दंपत्ति पर लोहे के हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पति को प्राथमिक उपचार के बाद उरई मेडिकल कॉलेज से कानपुर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के दौरान दंपत्ति की तीन साल की मासूम बच्ची की चीखें सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हत्यारों के भागने की बात सामने आई। पुलिस अधीक्षक का बयान पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. दीक्षा शर्मा ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश को हत्या का कारण माना जा रहा है। एसपी ने कहा, यह एक गंभीर और दुखद घटना है। हमने चार विशेष पुलिस टीमें गठित की हैं, जो हत्यारों की तलाश में जुटी हैं। सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है, और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।÷ उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतेगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।घटना का विवरण जानकारी के अनुसार, चिल्ली गांव में देर रात अज्ञात हमलावरों ने दंपत्ति के घर में घुसकर लोहे के पट्टे से उन पर ताबड़तोड़ वार किए। इस हमले में पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि पति को गंभीर चोटें आई। हमले के दौरान दंपत्ति की तीन साल की मासूम बच्ची मौके पर मौजूद थी, जिसके सामने इस क्रूर घटना को अंजाम दिया गया। बच्ची की चीख सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही राठ कोतवाली पुलिस और जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा के निर्देश पर चार विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो हमलावरों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने आसपास के इलाकों में संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। इलाके में दहशतइस घटना ने चिल्ली गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों में आक्रोश और भय व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएं क्षेत्र में असामान्य हैं, और वे पुलिस से जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं।यह घटना न केवल एक परिवार के लिए त्रासदी है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी भी है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और एसपी के आश्वासन से उम्मीद है कि इस मामले में जल्द ही न्याय होगा।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक से जगाई स्वच्छता की अलख



**सोनभद्र/विंध्यनगर,अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। यह नाटक प्रमुख स्थलों जैसे सेमरा बाबा और बनौली चौक पर आयोजित किए गए, जहाँ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नाटकों के माध्यम से साफ-सफाई, स्वच्छ आदतें और सामुदायिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिया गया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को यह समझाने का प्रयास किया कि स्वच्छता सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे सभी को निभाना चाहिए। यह पहल एनटीपीसी विंध्याचल की सामाजिक उत्तरदायित्व योजनाओं के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य गांवों में सतत और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

## न्यू ब्वायज क्रिकेट क्लब द्वारा 11 वा रात्रिकालीन कैनवस बाल प्रतियोगिता का शानदार हुआ आगाज



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** गुरुवार रात्रि को न्यू ब्वायज क्रिकेट क्लब द्वारा 11 वा रात्रिकालीन कैनवस बाल प्रतियोगिता का राबर्ट्सगंज स्थित आर टी एस क्लब में आयोजन किया गया जिसमें संरक्षक पूर्व विधायक माननीय अविनाश कुशवाहा जी एवं न्यू ब्वायज क्लब अध्यक्ष व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद साहब के द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं प्रतियोगी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी उद्घाटन मैच 12 ओवर का खेला गया चुर्क एवं नई बाजार के बीच चुर्क ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी नई बाजार ने 12 ओवर में 42 रन का टारगेट चुर्क को दिया गया था लेकिन चुर्क ने बीना विकेट गवाएं मैच जीत लिया और मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विक्की को मैन ऑफ द मैच दिया गया गई जिसमे अंपायर के रूप में हाजी मुस्तफा जमाल सुन्ना व सैय्यद वारिश अली ने अपनी भूमिका का निर्वहन किया तथा कमेन्ट्री का कार्यभार नवल वाजपेयी जी व बादली ने किया व स्कोरर की भूमिका में शाहनवाज व राजा ने कियाजिसमे मुख्य रूप से उपाध्यक्ष शमीम अहमद, सचिव साजिद खान,मोनू पाण्डेय कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी, मुहम्मद इमरान बख्शी,टीपू सदस्य के रुप में नौशाद, मोहसिन, मुख्तार, अमित केशरी,चंदन जायसवाल तौफीक अहमद सोनी जाफर आदि मौजूद रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित



**सुमेरपुर, अवधनामा संवाददाता।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में आज सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गीता वाटिका में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा लवलेश सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।सम्मेलन में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, निवर्तमान जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति, ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर जयनारायण सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मीरतन साहू और सह-संयोजक राजेंद्र श्रीवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुमेरपुर विकास खंड प्रधान संघ की अध्यक्ष बंदना सचान ने की, जबकि संचालन उत्तम सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, जितेंद्र पाल, योगेंद्र दीक्षित, अनूप सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और आम जनमानस भी मौजूद रहे। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने सभी का हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

## हमीरपुर में माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के तहत 20 विद्युत चालित चाक वितरण का लक्ष्य

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित ÷माटीकला टूल किट्स वितरण योजना÷ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद हमीरपुर को 20 विद्युत चालित चाक निःशुल्क वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े कारीगर इस योजना के तहत उद्यम संचालन के लिए टूल किट्स प्राप्त करने हेतु upmatilalabord.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।18 से 55 वर्ष आयु के इच्छुक अभ्यर्थी फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता और राशन कार्ड के साथ ऑनलाइन आवेदन पूर्ण कर, इसकी प्रति समस्त संलग्नकों सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, हमीरपुर में 10 जून 2025 तक कार्यालय कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं।लाभार्थियों का चयन शासन द्वारा गठित चयन कमेटी करेगी। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, हमीरपुर या मोबाइल नंबर 9580503044 पर संपर्क किया जा सकता है।

## डीएम की अध्यक्षता में डीईजीएस की, की गयी समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बद्री नाथ सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेन्स सोसाइटी (डी.ई.जी.एस.) की समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जनपद में संचालित जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से बनने वाले प्रमाण पत्रों के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्र द्वारा समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि जनपद में जनसेवा केन्द्रों के संचालन व क्रियान्वयन हेतु सी.एस.सी. ई-गवर्नेन्स इण्डिया लिमिटेड एवं इण्डिया पावर कारपोरेसन लिमिटेड सेवा प्रदाता के रूप में कार्य कर रही है, जिनके लगभग 1900 जनसेवा केन्द्र ई-डिस्ट्रिक पोर्टल पर क्रियाशील प्रदर्शित है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ नोडल अधिकारी ई-गवर्नेन्स द्वारा समय-समय पर सेवा प्रदाता कम्पनी के प्रबन्धकों के साथ बैठक करते हुये जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से निर्गत होने वाले प्रमाण पत्रों की समीक्षा की जाए एवं सी.एस.सी. सेन्टर द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाय।

# जिलाधिकारी ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से होने वाले निर्माण कार्यों को निर्माण एजेन्सी ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करें पूर्ण : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से निर्माण करने वाली एजेन्सियों के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से होने वाले निर्माण ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये, निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें, जिन भी निर्माण एजेन्सियों द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उनके भुगतान की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने राबर्ट्सगंज नगर पालिका पुर्नगठन की समीक्षा की, उन्होंने कहा कि पेयजल योजना से सम्बन्धित जो भी कार्य है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये, कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में सम्बन्धित संस्था के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में अधिशासी अभियन्ता, गंगा प्रदूषण नियन्त्रण इकाई उ.प्र. जल निगम (नगरीय), मीरजापुर के द्वारा कराये जा रहे राबर्ट्सगंज पेयजल योजना लागत 51.66 करोड़ की समीक्षा में अनुपस्थित रहे, जिनका स्पष्टीकरण के साथ कृत कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जाँच हेतु टीम गठन करने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सोनभद्र के 39 कार्य अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सोनभद्र के 89 कार्य, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि., सोनभद्र के 49 कार्य, अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सोनभद्र के 88 कार्य सहित कुल 31 विभागों को अवमुक्त 484 कार्यो की समीक्षा की गयी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के स्पष्टीकरण प्राप्त करने व सी.एम. डैश की बैठक के साथ डी.एम.एफ. के कार्यो की समीक्षा कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं से अधूरे कार्य को समय के अन्तर्गत पूर्ण करने मांग पत्र प्रस्तुत कर अवषेश धनराशि प्राप्त कर अवमुक्त करने, सभी कार्यो के प्रयुक्त उपखनिजों के ई.एम.एम.-11/फार्म सी. को ज्येष्ठ खान अधिकारी, सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत कराकर सत्यापन कराते हुए शीघ्र धनराशि अवमुक्त करने का निर्देश दियें। बैठक में शैलेश ठाकुर अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सोनभद्र, एस.के सिंह अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., सोनभद्र सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# सदर विधायक ने समर कैम्प में बच्चों का बढ़ाया उत्साह



हिफजुर्रहमान

**सुमेरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 21 मई से 10 जून 2025 तक उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में शुक्रवार को सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने सुमेरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय का दौरा किया। विधायक ने बच्चों द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर समर कैम्प के माध्यम से बच्चों को खेल, विज्ञान, कला, क्राफ्ट और इको क्लब गतिविधियों के जरिए जीवन कौशल सिखाया जा रहा है, ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बच्चों को खेल और विज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने विधायक को बुके और समर कैम्प का स्मृति चिन्ह भेंट किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मिट्टी के खिलौने, क्राफ्ट सामग्री और पपेट की प्रदर्शनी को विधायक ने सराहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और कैम्प का विवरण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, उत्तम सिंह, रावेंद्र सिंह, ब्रजमोहन, गजेंद्र सिंह, वंदना त्रिपाठी, हिमांशू, शीरीन हाशमी, मंजू सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। कैम्प का संचालन जिला स्काउट मास्टर अकबर अली ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने समर कैंप का औचक निरीक्षण किया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कान्धनी, बढ़पुरा तथा जिला विद्यालय निरीक्षण और राजकीय इंटर कॉलेज में शासनादेश के क्रम में संचालित समर कैंप का औचक निरीक्षण किया। कैंप में उपस्थित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र और अभिभावकों के समक्ष समर कैंप की उपयोगिता के संबंध में तथा नई शिक्षा नीति के सम्बन्ध में और पाठ्य सहगामी क्रियाओं की उपयोगिता के सम्बन्ध में छात्रों को प्रगति पथ पर अग्रसर होने के संबंध में समर कैंप में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं जीवन कौशल के गुण के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा छात्रों को अपने जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए आशीर्वाद प्रदान किए गए। उक्त अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### परिषदीय विद्यालयों के बच्चे समर कैंप का ले रहे आनंद



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शासन द्वारा समस्त परिषदीय कंपोजिट जूनियर विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के निर्देशन में विकासखंड बढ़पुरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय सारंगपुर, चांदनपुर, राजा बाग, विचारपुर, इकदिल, काधनी में समर कैंप की शानदार शुरुआत योग प्राणायाम और खेल गतिविधियों से हो रही है बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों का भरपूर आनंद उठा रहे है बच्चों ने विद्यालय में खो खो, कबड्डी, क्रिकेट, कैरम, लूडो के साथ-साथ पोस्टर प्रतियोगिता चित्रकला, कार्टून प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा रहा है। दिनांक 21 मई से 10 जून तक चलने वाले समर कैंप में प्रतिदिन बच्चे प्रातः7:00 बजे से 10:00 बजे तक अपनी पसंद के सभी इनडोर आउटडोर गेम्स का विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। समर कैंप के निरीक्षण के समय खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की समर कैंप के आयोजन से बच्चों में पारस्परिक सहयोग एवं अनुशासन में रहने की भावना विकसित होती है सभी प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों से कहा कि समर कैंप में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा प्रतिभाग कराए।

### आंगनवाड़ी भर्ती में अनियमितताओं पर कार्रवाई, कार्यकत्री बर्खास्त, लिपिक निलंबित

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** आंगनवाड़ी भर्ती में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की अध्यक्षता में डीसी मनरेगा के साथ दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की थी। कमेटी ने जांच रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कई अनियमितताएं उजागर हुई।रिपोर्ट के आधार पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री अर्चना पाल को बर्खास्त किया गया। कनिष्ठ लिपिक पवन कुमार के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई शुरू की गई। सुपरवाइजर कामिनी पाल, प्रीती भीलवाड़े (सीडीपीओ), और शैलेंद्र सिंह (सीडीपीओ) को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। निदेशक, बाल विकास पुष्टाहार को नियमानुसार कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है।

# सर्व समाज की सच्ची हितैषी मायावती: बी. सागर

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** देश में सामाजिक परिवर्तन की महानायिका परम आदरणीय माननीय बहन कुमारी मायावती जी राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद राज्यसभा के निर्देश पर समस्त अन्य पिछड़े वर्ग के अंतर्गत भाईचारा बनाकर पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में जनपद सोनभद्र के चारों विधानसभा के अंतर्गत निम्न लिखित स्थान व सेक्टर एवं निर्धारित तिथियों में आयोजित किया गया हैं। जिसमें रॉबर्ट्स गंज के सेक्टर डाला में दिनांक 24 को निर्धारित कार्यक्रम की तैयारी के लिए डाला में आज 23 मई 2025 को सम्मानित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस दौरान संतोष शर्मा जी पूर्व जिला प्रभारी, अमन मौर्या जी, बलवंत रंगीला, राणा सुभाष राव अंबेडकर जी, संजय ठाकुर विधान सभा संयोजक , हरे राम गुप्ता पूर्व महासचिव, अवधेश चौहान जी, विद्या भारती जी जिला सहसंयोजक बीवीएफ बसपा, रमेश गुज्जर, गुड्डू खान, पप्पू सिंह जी, आरती कुमारी बसपा कार्यकर्ता आदि लोग रहे । कार्य क्रम को सफल बनाने के लिए बी0 सागर जी ने कहा कि माननीय बहन कुमारी माहिती जी के शासनकाल में पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर विकास कार्य हुआ ।कानून का राज रहा है। सर्व समाज के लोगों की भागीदारी के तहत हर क्षेत्र में काम किया। पुनः अपनी भलाई के लिए संतो महापुरुषों एवं बाबा साहेब के सपनों को पूरा करनेके लिए सबके अंदर भाईचारा पैदा कर पुनः मा0 बहन कु0 मायावती जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में सरकार बनें। श्री रमेश कुशवाहा जी जिला संयोजक ने कहा कि पिछड़े वर्गो के हित के लिए लाखों को रोजगार एवं अन्य सरकारी योजना में लाभान्वित किया गया। अतः आप सभी पार्टी के पदाधिकारी गण एवं पूर्व पदाधिकारियों से अनुरोध है कि उक्त स्थान व तिथि पर अन्य पिछड़े वर्ग के मिशन मूवमेंट विचारधारा से जुड़े पार्टी के सभी शुभ चिंतक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# देश की विभिन्न क्षेत्रों की सफल हस्तियों का पॉडकास्ट लोग देख सकेंगे

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** हर वक्त शिक्षा और अन्य केरिकुलर एक्टिविटीज के लिए प्रयास रत रहने वाले सर मदनलाल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉक्टर विवेक यादव ने अपने द्वारा संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा के बच्चों के वास्ते एक नई और सोशल मीडिया से जुड़ी क्रियेटिव एक्टिविटी तैयार की है। कुछ दिनों की मेहनत के बाद डीपीएस इटावा के बच्चों के लिये यह आधुनिक और उच्चीकृत टेक्नोलोजी के साथ ऑडियो वेवकास्ट श्रृंखला ÷पॉडकास्ट स्टूडियो÷को बनवाया है। इसके तहत डीपीएस इटावा के बच्चों का अपना यूट्यूब चैनल, जिसका नाम ÷यंग स्पार्क स्टूडियो बाय डीपीएस इटावा (Young Sparks Studio by DPS Etawah) रखा है, को शुरू किया है। इस पॉडकास्ट और यूट्यूब चैनल की खास बात यह है कि इसका प्रोडक्शन, एडिटिंग, कंटेंट, वीडियो, लाइट , साउंड, कैमरा, होस्टिंग और मैनेजमेंट आदि सब कुछ डीपीएस इटावा के 6 बच्चों की टीम कर रही है। डॉ विवेक यादव ने बताया है इस चैनल पर इटावा और देश की विभिन्न क्षेत्रों की सफल हस्तियों का पॉडकास्ट लोग देख सकेंगे। इस पर पहला पॉडकास्ट जनपद इटावा की कक्षा 12 की सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट सेकंड टॉपर और स्कूल टॉपर अदिति यादव का देखिये। उन्होंने सभी से अनुरोध किया है कि डीपीएस इटावा के बच्चों के यूट्यूब चैनल "httpsÑ//youtube.com/@youngsparksstudiobydpsetawah?si=AUv®mTwD~-~Bwtmb"को Like और Subscribe जरूर करें।

पहला पॉडकास्ट करती जनपद इटावा की कक्षा 12 की सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट सेकंड टॉपर और स्कूल टॉपर अदिति यादव।

# कछुये मानव के लिए प्रकृति प्रदत्त विशेष उपहार है : मनोज कुमार

**विश्व कछुआ दिवस 2025**

**कछुओं की प्रजाति लगभग 200 मिलियन वर्ष पूर्व से पृथ्वी पर पाई जाती है : डॉ. राजीव चौहान**

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** विश्व कछुआ दिवस 2025 के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय इंटर कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कछुये मानव के लिए प्रकृति प्रदत्त विशेष उपहार है जो प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ रखने में एक महत्वपूर्ण दायित्व अदा करता है सैकड़ो वर्ष जीने वाला यह जीव आज के युग में संकट में आ गया है इसके संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। मुख्य वक्ता स्कॉन महासचिव डॉ.राजीव चौहान ने बताया कि कछुओं की प्रजाति लगभग 200 मिलियन वर्ष पूर्व से पृथ्वी पर पाई जाती है इन्हें विश्व की सबसे पुरानी जीवित प्रजातियों में से एक माना जाता है भारत में 29 प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें से पांच समुद्री कछुए हैं इटावा जनपद में इनकी लगभग 10 प्रजातियां मिलती हैं जिनमें से सात प्रजातियां वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अधीन संरक्षित प्रजातियों में दर्ज है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने कहा कि विश्व कछुआ दिवस प्रत्येक वर्ष 23 मई को सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य लोगों का ध्यान कछुओं की तरफ आकर्षित करने और उन्हें बचाने के लिए किए जाने वाले मानवीय प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। प्रधानाचार्य डॉ. दीपक सक्सेना ने कहा कि कछुए नदियों के जल को साफ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। कछुए जहाँ एक ओर सड़ी-गली लाशो को खाकर खत्म करते है। वही दूसरी ओर पानी मे पैदा होने वाले हरित शैवाल को खाकर नदियों के जल के प्रदूषण को कम कर देते है। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, जेआरएफ डॉ.संगीता एवं पर्यावरणविद् संजय सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किये और कछुआ संरक्षण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।

## कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत शिविरों का आयोजन

**हमीरपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, हमीरपुर द्वारा सूचित किया गया है कि कृत्रिम अंग/ सहायक उपकरण योजनान्तर्गत ट्राई साइकिल, बैसाखी, व्हील चेयर, कान की मशीन, नेत्रहीन छड़ी, टैबलेट, स्मार्टफोन, डेजी प्लेयर, एलबो बैसाखी, कृत्रिम हाथ-पैर एवं कैलिपर्स आदि के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन विकास खण्डवार शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। शिविर प्रातः 11 बजे से विकास खण्ड सभागार में आयोजित होंगे।22 मई, 2025 को कुरारा विकास खण्ड में शिविर आयोजित हो चुका है। शेष विकास खण्डों में शिविर निम्नलिखित तिथियों पर होंगे:24 मई, 2025: सुमेरपुर 27 मई, 2025: मौदहा29 मई, 2025: मुस्करा 31 मई, 2025: सरीला03 जून, 2025: गोहाण्ड 05 जून, 2025: राठ पिछले तीन वर्षों में उक्त सामग्री प्राप्त न करने वाले दिव्यांगजन अपने दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, दो फोटो और मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित तिथियों पर अपने विकास खण्ड के सभागार में आवेदन जमा करें।

# एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। उन्होंने पुलिस बल को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं शस्त्रों को खोलने एवं बंद करने के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात एस एस पी ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के लिए निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मेस का निरीक्षण किया गया एवं मेस बने में भोजन को ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निजीकरण का विरोध कर रहे बिजलीकर्मियों ने मुख्यमंत्री से अपील

# हस्तक्षेप कर प्रक्रिया को निरस्त कराने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के प्रस्ताव का विरोध कर रहे बिजली कर्मचारियों ने इस मसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। आंदोलनरत कर्मचारियों का कहना है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन की हठवादिता चरम पर है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि वे इस मामले में प्रभावी हस्तक्षेप कर निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराने की कृपा करें। जिला अधिकारियों द्वारा बिजली कर्मी नेताओं की बुलाई गई बैठकों में बिजली कर्मियों ने उन्हें दो टूक बता दिया है कि निजीकरण पर कोई भी बात करनी है तो संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों से की जाए। आज लगातार तीसरे दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में तीन घंटे का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि बिजली कर्मचारी इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ नहीं होने देना चाहते। इसी दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारी शांतिपूर्वक ध्यान आकर्षण आंदोलन चला रहे हैं मगर प्रबंधन इस ध्यान आकर्षण आंदोलन को हड़ताल बताकर बिजली कर्मियों को डराने, धमकाने, उत्पीड़न करने, ट्रांसफर करने ,संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी करने आदि जैसे उत्पीड़नात्मक कदम उठाकर ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर अशांति का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरा विश्वास है। उनके नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने 2017 में 41 फीसदी ए टी एंड सी हानियों को घटाकर 2024 तक 16.5 प्रतिशत कर दिया है मगर निजी घरानों से मिली भगत के चलते पावर कारपोरेशन का प्रबंधन उनके सामने झूठे मनगढ़ंत आंकड़े रखकर घाटे का हवाला देकर निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है।

## राज्य सूचना आयुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी का निधन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सूचना आयोग में नियुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी, राज्य सूचना आयुक्त का निधन दिनांक 22.05.2025 की रात्रि में हो गया है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश सूचना आयोग परिवार अत्यन्त ही शोक संतृप्त है। प्रातःकाल 11 बजे आयोग परिसर में दिवंगत आत्मा के परिवार एवं उनसे जुड़े स्नेहिल जन को दुःख की इस घड़ी में उन्हें सहन करने की ईश्वर से, शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। उनकी पुण्यस्मृति में एक शोक-सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सूचना-आयुक्तगण, सभी अधिकारीगण तथा समस्त कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में दर्शन-पूजन करते हुए

## ऊर्जा मंत्री गोण्डा में करेंगे विकासपरक योजनाओं का शिलान्यास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा जी अपने एक दिवसीय दौरे पर 24 मई शनिवार को गोण्डा जनपद पहुंचेंगे। इस दौरान वहां पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगे और जनसभा को संबोधित कर केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी देंगे। नगर विकास मंत्री शनिवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे गोण्डा जिले की नगर पंचायत बेलसर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे और नगर पंचायत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12:00 बजे तरबगंज की जन सहयोग केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में गोण्डा जनपद की सभी नगरीय निकायों के विकास परक योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मंत्री शाम 4:00 बजे गोण्डा जिले की नगर पंचायत धानेपुर के नवनिर्मित कार्यालय भवन का भी लोकार्पण करेंगे तथा नगर पंचायत की विभिन्न विकासपरक योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव से युवाओं में शिक्षा एवं देश प्रेम की भावना जागेगी

■ नवनिहाल व युवाओं का रूझान शिक्षा के प्रति तेजी से बढ़ रहा है-असीम अरुण

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** जनपद हरदोई के ब्लॉक साण्डी में ग्राम गुर्रा के नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव पर परिचर्चा व शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान कार्यक्रम का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने दीप प्रज्जवलित एवं माता सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया।

इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से युवाओं में शिक्षा एवं देश प्रेम की भावना जागेगी और देश की आर्थिक स्थिति बढ़ने से देश का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक गरीब एवं जरूरतमंद की हर संभव मदद कर रही है और अपराध व अराजक तत्वों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया।

इसके उपरान्त मंत्री जी ने ब्लाक साण्डी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 12 गांवों के विकास कार्यों के शिलापट से पर्दा हटाकर लोकापर्ण किया तथा ब्लाक परिसर में नव निर्मित कॉनफ्रेन्स हॉल का फीता काट कर अनावरण किया एवं ब्लाक सभागार में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। गोष्ठी में विद्यालय की एक छोटी छात्रा द्वारा प्रदेश के सभी 75 जिलों एवं राज्यों के नाम सुनाने पर छात्रा को आर्शीवाद देते हुए कहा कि आज प्रदेश में शिक्षा की अलख तेजी से जाग रही है और नवनिहाल व युवाओं का रूझान शिक्षा के प्रति तेजी से बढ़ रहा है जो आने वाले समय में देश की ताकत बनेगा।

## बालागंज वार्ड में तिरंगा यात्रा निकाली गयी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अभूतपूर्व सफलता के तत्वाधान में प्रस्तावित शौर्य तिरंगा यात्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड बालागंज में पार्षद श्रीमती कमलेश कुमारी पटेल के नेतृत्व मे मण्डल अध्यक्ष विमल कुमार चौधरी के सानिध्य में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें अतिथि अनुराग मिश्र सत्या, सुनील गुप्ता, पंकज पटेल, जितेंद्र सिंह जीतू, दिलीप साहू पूर्व नगर महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा लखनऊ, मधु शुक्ल, राम अवतार शुक्ल, राम आसरे तिवारी,संत लाल सेठ,आर एन पटेल, शकुन पटेल, ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं क्षेत्रीय आम जनमानस ने बड़ी संख्या में शौर्य तिरंगा यात्रा में सहभागिता की।

# 'ओ' लेवल एवं 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समय-सीमा बढ़ाई गई



■ अब संस्थाएं 2 जून व अभ्यर्थी 14 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

■ मंत्री नरेंद्र कश्यप ने पिछड़े वर्ग के युवाओं से तकनीकी प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की

### संशोधित समय-सारिणी इस प्रकार है-

1. संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन एवं अभिलेख अपलोड - अब अंतिम तिथि 2 जून 2025, 2. जिला स्तर पर संस्थाओं का सत्यापन - 4 जून 2025 तक,

3. राज्य स्तरीय समिति द्वारा संस्थाओं का चयन - 13 जून 2025 तक

4. अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन - 14 जून से 14 जुलाई 2025 तक

5. जिला समिति द्वारा अभ्यर्थी चयन एवं प्रतीक्षा सूची निर्माण - 25 जुलाई 2025 तक, 6. प्रवेश, नीलिट पंजीकरण व बायोमैट्रिक सत्यापन - 26 से 31 जुलाई 2025

7. प्रशिक्षण प्रारंभ - 1 अगस्त 2025 से उन्होंने बताया कि संस्थाओं का चयन राज्य स्तरीय समिति द्वारा तथा अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने प्रदेश के अन्य पिछड़े वर्ग के युवाओं से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर तकनीकी दक्षता प्राप्त करें और स्वरोजगार या रोजगार के बेहतर अवसरों की दिशा में आगे बढ़ें।

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को 'ओ' लेवल एवं 'सीसीसी' कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु संचालित योजना की समय-सीमा में विस्तार किया गया है।

अब प्रशिक्षणदायी संस्थाएं 2 जून 2025 तक एवं इच्छुक अभ्यर्थी 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

यह योजना केवल नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जाएगी। सभी दिशा-निर्देश और आवेदन प्रारूप पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

डॉ. वंदना वर्मा, निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने बताया कि संस्थाएं अपने आवेदन की हार्डकॉपी और आवश्यक अभिलेख 2 जून 2025 की सायं 5 बजे तक तथा अभ्यर्थी 14 जुलाई 2025 की सायं 5 बजे तक संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराएं।

## 22 साल से पेशाब में रुकावट से परेशान 52 वर्षीय महिला को मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ में मिली नई ज़िंदगी

# डॉक्टरों ने जटिल यूरिनरी ब्लॉकेज का किया सफल ऑपरेशन

■ गाल की त्वचा से बनी नई मूत्रनली, मरीज़ को मिली दर्द से मुक्ति

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और दुर्लभ मामले में 52 वर्षीय महिला की सफल सर्जरी कर नई ज़िंदगी दी है। महिला पिछले 22 साल से पेशाब में तेज दर्द और रुकावट की समस्या से जूझ रही थी। समस्या की शुरुआत पहले प्रसव के बाद हुई, जिसके बाद हर बार यूरिन पास करने में मरीज़ को 30 मिनट तक का समय लगता था। मरीज़ संगीता सिंह ने कई अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। अन्य अस्पतालों में ऑपरेशन की सलाह दी गई थी, लेकिन बार-बार मना कर दिया गया क्योंकि ऑपरेशन के बाद पेशाब रोक पाने में असमर्थता (जिससे बिना कंट्रोल के बार-बार और अनियंत्रित रूप से पेशाब निकलता रहे) का खतरा और सर्जरी की जटिलता जुड़ी थी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ में यूरोलॉजी, एंड्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट और रोबोटिक यूरो - ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर - डॉ. राहुल यादव ने बताया कि, मरीज़ पूरी तरह से यूरीथ्रा ब्लॉकेज (मूत्रनली का पूरी तरह बंद हो जाना) की समस्या से जूझ रही थी जो बहुत ही जटिल और गंभीर केस था। मामले की जटिलता को देखते हुए, हमने एडवांस सर्जरी की मल्टी-लेयर तकनीक से इलाज करने का फैसला किया, जिसे 'वेंट्रल बक्कल ग्राफ्ट यूरेथ्रोप्लास्टी विद मार्टियस इंटरपोजीशन फ्लैप' कहा जाता है। इसमें मरीज़ के गाल की अंदरूनी त्वचा से ग्राफ्ट लिया गया और नई मूत्रनली बनाई गई और ग्राफ्ट वाले हिस्से को ठीक से भरने और जल्दी ठीक होने में मदद के लिए लाबिया से वेस्कुलराइज्ड फैट पैड (रक्त संचार वाली चर्बी) लगाया गया। डॉ. यादव ने यह भी बताया कि महिलाओं में पूरी मूत्रनली बंद हो जाना एक जटिल और दुर्लभ स्थिति है, जो 0.1 प्रतिशत से 1 प्रतिशत महिलाओं में ही पाई जाती है। अक्सर इसे यूरिन इन्फेक्शन या ओवरएक्टिव ब्लैडर समझ लिया जाता है। इसके लक्षणों में दर्द, धीमी धार, बार-बार संक्रमण और गंभीर मामलों में किडनी को नुकसान तक शामिल हो सकते हैं।

## दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रथम किश्त के रूप में 20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के कियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी /उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि के उपयोग में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# प्रदेश के जल शक्ति मंत्री ने गोराह माइनर से सोरों कुंड तक किया स्थलीय निरीक्षण

■ सोरों कुंड में गोराह माइनर से होगी स्वच्छ जलापूर्ति बनेगी पक्की माइनरः स्वतंत्र देव सिंह

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने गोराह माइनर से सोरों कुंड तक किया स्थलीय निरीक्षण एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने तीर्थ नगरी सोरों के प्रसिद्ध वराह मंदिर में पहुंचकर भगवान वाराह के दर्शन किए और भगवान वराह का दुग्ध अभिषेक किया सुबह 8 बजे मंदिर सेवायत नरेश त्रिगुणायत ने मंत्र उच्चारण के साथ भगवान वराह का दुग्धाभिषेक एवं पूजन कराया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंदिर की विजिटर बुक में तीर्थ नगरी एवं वराह मंदिर के विषय में लिखा। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज वराह मंदिर में भगवान वराह के दर्शन किए और उन्होंने कहा कि सोरों कुंड में गंगाजी का जल आता है गोराह माइनर से लोगो की मांग है एवं सोरों चेयरमैन की मांग की ये जल स्वच्छ एवं निर्मल आए और माइनर भी पक्की हो और किसानों को भी समस्या न हो जल स्वच्छ एवं निर्मल आता रहे यूपी के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी तीर्थो का विकास किया जाए उनका निर्देश रहता हैं। जल की स्वच्छ आपूर्ति को हम धीरे धीरे माइनर से कुंड में जलापूर्ति होती रहे आश्वस्त किया हूं। उन्होंने कहा कि सोरों माइनर पर कोई भी गंदगी नहीं डाली जाए। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर सोरों सीमेंट कंटरिंग लाइनिंग बनाने हेतु निदर्शित किया। उसके उपरांत मंत्री ने गंगा नदी के दाये किनारे पर स्थित ग्राम कादरगंज का कटान से सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो का एवं गंगा नदी के दायें किनारे पर ग्राम बरी बग्वास में स्परों का निर्माण एवं कटान निरोधक सुरक्षात्मक कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवयश्यक दिशा निर्देश।

## काकोरी शताब्दी समारोह के अंतर्गत स्वच्छता अभियान आयोजित

**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह की श्रृंखला में सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग द्वारा साहनी स्मृति उद्यान के पीछे स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित समारोहों के अंतर्गत विश्वविद्यालय स्तर पर किया गया उल्लेखनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता कार्य में सक्रिय योगदान दिया। यह पहल न केवल काकोरी के महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम बनी, बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण और नागरिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश भी प्रदान कर गई। प्रतिभागियों ने टीम भावना के साथ परिसर को स्वच्छ बनाने में भागीदारी की और कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता एवं सततता की संस्कृति को अपनाए रखने की शपथ ली।

# रीजेंसी हेल्थ में एनोरेक्टल मैनोमेट्री नाम का विशेष डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध

■ इस तकनीक से पेल्विक फ्लोर की कमजोरी की पहचान की जा सकेगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रीजेंसी हेल्थ लखनऊ ने अपनी पहले से ही आधुनिक गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी यूनिट में एक और महत्वपूर्ण फैसिलिटी जोड़ दी है। अब यहाँ एनोरेक्टल मैनोमेट्री नाम का एक विशेष डायग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है। यह जांच पेल्विक फ्लोर डिस्सिनर्जिया जैसी समस्या की पहचान करने में मदद करती है, क्योंकि यह क्रोनिक कब्ज का एक आम लेकिन अक्सर न पहचाना जाने वाला कारण होता है। इस नई फैसिलिटी के साथ रीजेंसी हेल्थ लखनऊ अब उन कुछ चुनिंदा अस्पतालों में शामिल हो गया है, जो मरीजों को एनोरेक्टल मैनोमेट्री के साथ-साथ बायोफीडबैक थेरेपी जैसी एडवांस्ड सेवाएं भी एक ही जगह पर देते हैं। इससे मरीजों को कब्ज की समस्या का पूरा और सही इलाज मिल सकेगा। क्रोनिक कब्ज को अक्सर सिर्फ एक पाचन की समस्या मान लिया जाता है। लेकिन कई मरीज जो सालों तक दवाएं, एनेमा या हाथ से मल निकालने जैसे उपाय करने के बाद भी राहत नहीं पाते, असल में पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों की गड़बड़ी से परेशान होते हैं। यह मांसपेशियां ठीक से काम नहीं करतीं, जिससे सामान्य ढंग से पेट साफ नहीं हो पाता है। रीजेंसी हेल्थ लखनऊ के सीनियर गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट डॉ. प्रवीण झा ने कहा, पेल्विक फ्लोर डिस्सिनर्जिया एक मांसपेशियों के तालमेल की समस्या है, जो सिर्फ दवाओं या खानपान में बदलाव से ठीक नहीं होती। उन्होंने बताया, अक्सर यह बीमारी सालों तक पहचानी नहीं जाती, जिससे मरीज निराश हो जाते हैं और खुद से गलत इलाज करते रहते हैं। अब रीजेंसी में एनोरेक्टल मैनोमेट्री जांच की सुविधा शुरू होने से हम इस बीमारी की सही पहचान कर सकते हैं। इससे हम ऐसा इलाज बना सकते हैं जो शरीर को बिना तकलीफ दिए सीधे इस समस्या की जड़ पर काम करे और मरीज को पेट साफ होने की सामान्य प्रक्रिया और बेहतर जीवन वापस दिला सके।एनोरेक्टल मैनोमेट्री एक जांच है जो यह देखती है कि मलद्वार (एनस) और मलाशय (रेक्टम) की मांसपेशियां दबाव और हलचल पर कैसे प्रतिक्रिया करती हैं। इससे डॉक्टर यह समझ पाते हैं कि कहीं इन मांसपेशियों में सही तालमेल या ताकत की कमी तो नहीं है।

# भाषा वि.वि. के कुलपति ने पूर्व छात्रों से की मुलाक़ात



अवधनामा ब्यूरो

■ विश्वविद्यालय की प्रगति में सहयोग का किया आह्वान

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय में आज एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर अजय तनेजा ने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (alumni) से मुलाक़ात की। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया। प्रोफ़ेसर तनेजा ने इस अवसर पर कहा, पूर्व छात्र विश्वविद्यालय की पहचान होते हैं। उनकी सफलता विश्वविद्यालय की सफलता का परिचायक है। विश्वविद्यालय उनके साथ जुड़कर न केवल गौरवान्वित होता है बल्कि भविष्य में उनकी प्रतिभा और अनुभव से विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है।उन्होंने पूर्व छात्रों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय उनके साथ हर प्रकार का सहयोग करता रहेगा और उनसे निरंतर संवाद बनाये रखेगा। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रोफ़ेसर तनवीर ख़दीजा एवं डॉ. रुचिता सुजय चौधरी भी उपस्थित रहीं

# मैक हजरतगंज 2.0 का उद्घाटन

■ जनरेटिव एआई कोर्सेज़ के साथ युवाओं के करियर को नई उड़ान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** देश की अग्रणी मीडिया और मनोरंजन शिक्षा संस्था मैक (माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड क्रिएटिविटी) ने आज अपने हजरतगंज सेंटर के नए संस्करण मैक हजरतगंज 2.0 का भव्य उद्घाटन किया। यह नया सेंटर युवाओं को तकनीक, कला और करियर से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मदन गोपाल शर्मा और अमित दुआ, नेशनल हेड, मैक रहे। कार्यक्रम का संचालन रमन शर्मा और माधव ओझा ने किया। इस अवसर पर श्रीमती रमा सिंह सामंत, ब्रांच हेड, हिमांशु सिन्हा, बिजेंद्र कुशवाहा, अतीत सिंह और डेंगांशु मालखंडी की गरिमामयी उपस्थिति रही। मैक हजरतगंज 2.0 में जनरेटिव एआई पर आधारित कोर्सेज़ की शुरुआत की गई है, जो छात्रों को वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेंगे। इन कोर्सेज़ के माध्यम से छात्र एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग, ग्राफिक डिज़ाइन, वेब डिज़ाइन और मल्टीमीडिया जैसे क्षेत्रों में नवीनतम तकनीकों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। अमित दुआ ने कहा, आज के दौर में क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का मेल आवश्यक है। मैक हजरतगंज 2.0 इसी सोच की मिसाल है। हमारा लक्ष्य है कि हमारे छात्र न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएं। रमन शर्मा ने कहा, ÷मैक हजरतगंज का यह नया रूप केवल एक केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने का मंच है। हम हर उस छात्र का स्वागत करते हैं जो कला और टेक्नोलॉजी के मेल से कुछ नया गढ़ना चाहता है।मैक, जो एप्टेक लिमिटेड का एक प्रतिष्ठित ब्रांड है, न केवल एनीमेशन और मल्टीमीडिया शिक्षा में अग्रणी रहा है, बल्कि यह पहली एनीमेशन एकेडमी भी बन गई है, जिसने जनरेटिव एआई कोर्सेज़ लॉन्च किए हैं। यह कदम छात्रों को आने वाले समय की तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। मैक के पूर्व छात्र आज देश-विदेश के प्रमुख एनीमेशन और मल्टीमीडिया स्टूडियो में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। मैक छात्रों को केवल तकनीकी शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उन्हें रोजगार के अवसर भी प्रदान करता है।